| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 78,041.59 |
| निफ्टी | ~ | 23,587.50 |
| सोना | ~ | 70,400 |
| चांदी | ~ | 90500 |
| डॉलर | ~ | 84.99 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 22 दिसम्बर 2024
पौष कृष्ण 07 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 90
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### रॉबिन उथप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट

बेंगलुरु। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा मुश्किलों में हैं। उथप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। उथप्पा को



कथित तौर पर भविष्य निधि में धोखाधड़ी के लिए ये वारंट जारी किया गया है। दरअसल उथप्पा सेंचुरीज लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी चलाते हैं। यह कंपनी कर्मचारियों के वेतन से काटे गए रुपये उनके पीएफ खातों में जमा करने में विफल रही, जिसके कारण लगभग 24 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई। अब रॉबिन उथप्पा को लगभग 24 लाख रुपये का बकाया चुकाने के लिए 27 दिसंबर तक का समय दिया गया है। अन्यथा उन्हें गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। वारंट पीएफ क्षेत्रीय आयुक्त शदाक्षरी गोपाल रेड्डी ने जारी किया है। यह वारंट, पुलकेशीनगर पुलिस को उचित कार्रवाई करने का निर्देश देती है।

### भारत में मलेरिया के मामलों में अभूतपूर्व कमी, डब्ल्यूएचओ ने सराहा

नई दिल्ली। भारत ने देश के उन राज्यों में मलेरिया रोग के मामलों और इससे संबंधित मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जहां ये रोग बहुत व्यापक रूप से फैला हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 'विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024' के निष्कर्षों में इसकी जानकारी दी गई है। बैठक में बताया गया कि भारत में किस प्रकार से सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता दूरदराज की आबादी तक पहुंच रहे हैं और 'मलेरिया के मामलों तथा मौतों में उल्लेखनीय कमी ला रहे हैं'। भारत में अधिकतर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से महिलाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत अपने उन राज्यों में मलेरिया की घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है जहां इस बीमारी से बहुत अधिक संख्या में लोग पीड़ित थे।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 2 किलो से ज्यादा सोना जब्त

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 18-19 दिसंबर के बीच सोने की तस्करी के दो मामले पकड़े। अधिकारियों ने कुल 2.073 किलोग्राम 24 कैरेट सोना जब्त किया। मुंबई सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार, 18-19 दिसंबर को अधिकारियों ने 2 मामलों में मुंबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.48 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया। यात्रियों ने सोना अपने शरीर में छिपा रखा था। दूसरे मामले में एयरपोर्ट पर एक कर्मचारी के पास से सोना जब्त किया गया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 11 करोड़ का गांजा जब्त, एक शख्स गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क के अधिकारियों ने 19-20 दिसंबर की रात बैंकॉक से आ रहे एक यात्री से 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का गांजा जब्त किया। यात्री को 11.322 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक मारिजुआना के साथ पकड़ा गया। इसकी कीमत करीब 11 करोड़ 32 लाख रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक गुप्त सूचना के बाद यात्री की जांच के दौरान यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर वैक्यूम-सीलबंद प्लास्टिक थैली में छिपा हुआ गांजा जब्त किया।

# आम आदमी को झटका...

## जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में राज्यों के विरोध के कारण टैक्स कम करने का प्रस्ताव अटका

जैसलमेर। हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस पर फिलहाल जीएसटी कम नहीं होगा। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी कम करने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टर्म इंश्योरेंस, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स कम करने का प्रस्ताव राज्यों के विरोध के चलते टल गया है। काउंसिल ने मंत्रियों से इस पर और अध्ययन करने को कहा है।

शनिवार केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक हुई। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बीमा पर जीएसटी कम करने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया है। बताया जा रहा है कि बैठक में कई वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव के निर्णय हुए हैं। मंत्री समूह की सिफारिशों के आधार पर कुछ आइटम में जीएसटी कम होगी, जबकि लग्जरी आइटम पर टैक्स बढ़ाने का फैसला लिया गया है।



### इंजन और लंबाई के हिसाब से टैक्स

मौजूदा रेट्स की बात करें, तो 1200 सीसी या उससे अधिक की इंजन क्षमता और 4000 एमएम या उससे अधिक की लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी या सीएनजी से चलने वाले वाहनों के लिए 18 प्रतिशत, 1500 सीसी या उससे अधिक की इंजन क्षमता और 4000 मिमी या उससे अधिक की लंबाई वाले डीजल वाहनों के लिए 18 प्रतिशत, और 1500 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) के लिए 18 प्रतिशत लगता है। ऐसे में जीएसटी काउंसिल द्वारा इस कैटेगरी के ओल्ड और यूज्ड वाहनों के लिए जीएसटी रेकट्स को बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का फैसला बड़े वाहनों और एसयूवी के लिए मौजूदा कर ढांचे के अनुरूप है। बदलाव के मुताबिक, अब पुराने इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अन्य 12 प्रतिशत टैक्स वाले वाहन, व्यवसायों द्वारा दोबारा बेचे जाने पर 18 प्रतिशत के ब्रैकेट मे शामिल होंगे।

### पुरानी कारों पर 18 प्रतिशत जीएसटी

देश में पुराने और यूज्ड वाहनों का मार्केट काफी बढ़ गया है। तमाम कंपनियां पुराने वाहनों को कम दाम पर सेल कर रही हैं, लेकिन इन ओल्ड व्हीकल्स की बिक्री पर लगने वाले टैक्स को लेकर शनिवार को जीएसटी काउंसिल की राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित 55वीं बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। दरअसल, जीएसटी काउंसिल की बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स समेत पुराने वाहनों की बिक्री पर टैक्स में इजाफा किए जाने पर सहमति बन गई है। इसे 12 फीसदी से बढ़ाकर अब 18 फीसदी करने पर सहमति बनी है।

### काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर

बदले गए जीएसटी रेट्स कंपनियों या फिर डीलर्स द्वारा बेची गई पुरानी कारों से जुड़े लेन-देन पर लागू होंगे। मतलब काउंसिल द्वारा ये संशोधित रेट्स मार्जिन के साथ बेचे जाने वाले और इससे सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों द्वारा खरीदे जाने वाले वाहनों पर लागू होते हैं। हालांकि, पुराने वाहन बेचने या खरीदने वाले व्यक्तियों पर 12 फीसदी की दर से ही टैक्स लागू रहेगा। यानी इंडिविजुल खरीदारों और विक्रेताओं पर कोई असर नहीं होगा।

### पुरानी ईवी की सेल पर पड़ सकता है असर!

नए ईवी व्हीकल पर अभी 5 फीसदी जीएसटी लगता है, ताकि इस सेक्टर में ग्रोथ लाई जा सके, लेकिन अब पुरानी इलेक्ट्रिक कारों की रि-सेल पर 18 प्रतिशत जीएसटी पर सहमति बनी है, तो इससे सेकेंड-हैंड ईवी ग्राहकों के बीच इसका आकर्षण कम हो सकता है और इससे डिमांड में कमी आ सकती है। सेकेंड हैंड वाहनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इनपुट पार्ट्स और सर्विसेज पर पहले से ही 18 प्रतिशत की जीएसटी दर लागू होती है।

## महाराष्ट्र में सीएम फडणवीस ने अपने पास गृह विभाग रखा, अजित पवार को वित्त विभाग, शिंदे को शहरी विकास

मुम्बई। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। सीएम फडणवीस के पास गृह विभाग रहेगा। इसके साथ ही सीएम फडणवीस के पास कानून न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग के साथ ही सूचना एवं प्रचार विभाग का भी जिम्मा रहेगा। जबकि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और लोक निर्माण (सार्वजनिक उद्यम) जैसे विभाग सौंपे गए हैं। इसके साथ ही डिप्टी सीएम अजित पवार को वित्त विभाग और योजना विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं चंद्रशेखर बावनकुले को राजस्व विभाग का जिम्मा मिला है।



सीएम देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में ऊर्जा (नवीकरणीय ऊर्जा को छोड़कर), कानून और न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन और सूचना एवं प्रचार जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ पावर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अपने पास रखा है। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार वित्त और योजना के अलावा राज्य आबकारी विभाग की भी देखरेख करेंगे। धनंजय मुंडे को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, पंकजा मुंडे को पर्यावरण और पशुपालन विभाग, उदय सामंत को उद्योग विभाग, माणिकराव कोकाटे को कृषि विभाग का जिम्मा दिया गया है। जबकि, जयकुमार गोरे के पास ग्रामीण विकास विभाग का जिम्मा रहेगा। वहीं, गुलाबराव पाटिल को जल आपूर्ति विभाग, अदिति तटकरे को महिला एवं बाल विकास विभाग, संजय शिरसाट को सामाजिक न्याय विभाग सौंपा गया है।

चंद्रकांत पाटिल को उच्च और तकनीकी शिक्षा, गणेश नाइक को वन विभाग, दादा भुसे को स्कूल शिक्षा का जिम्मा दिया गया है। वहीं राधाकृष्ण विखे पाटिल को जल संसाधन, हसन मुश्रीफ को चिकित्सा शिक्षा विभाग सौंपा गया है।

## मोहाली में गिरी 3 मंजिला इमारत, 15 लोगों के दबे होने की आशंका

मोहाली। पंजाब के मोहाली में बड़ा 3 मंजिला इमारत गिर गई है। इस इमारत के मलबे में करीब 15 लोगों के दबे होने की आशंका है। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर जिम था। बताया जा रहा है कि इमारत के पास की बिल्डिंग में काम चल रहा था। बिल्डिंग में खुदाई का काम चल



रहा था, जिस वजह से बिल्डिंग गिर गई। पुलिस-प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हैं।

मिली सूचना के मुताबिक, बहुमंजिला इमारत मोहाली के सोहना इलाके में गिरी है। पुलिस-प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन में लगा है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं लगाया जा सका है कि मलबे में कितने लोग दबे हैं। पर आशंका जताई जा रही है कि करीब 15 लोग दबे हैं। यह बिल्डिंग तब गिरी जब नजदीक में एक बेसमेंट खोदा जा रहा था। सोहना गांव के पूर्व सरपंच ने बताया कि उन्हें पता चला कि जिम को नकुसान हुआ है और घटना के वक्त कुछ युवक जिम में थे। एनडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर हैं। इस दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी।

## मणिपुर हिंसा के 600 दिन...सेना की सख्ती के कारण 1 महीने से शांति

### कुकी-मैतेई के बीच में हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की गई जान

इंफाल। मणिपुर में जातीय हिंसा के 600 दिन रविवार को पूरे हो जाएंगे। इन 600 दिनों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब लगातार एक महीने से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी मैतेई-कुकी समुदायों की महिलाएं सडकों पर नहीं उतरीं। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की तादाद बढ़ रही है। इसकी वजह यहां चल रहा सेना का कश्मीर जैसा ऑपरेशन क्लीन है।

कश्मीर में सेना जहां भी सर्च ऑपरेशन चलाती है, वहां पूरे इलाके को आतंक से क्लीन करने के बाद ही सामाजिक गतिविधियों को पटरी पर लाने का काम होता है। मणिपुर में भी कुछ ऐसा ही ऑपरेशन हो रहा है। इसी ऑपरेशन का असर है कि 30 दिन में न केवल हथियार-गोला बारूद की कोई बड़ी खेप जब्त हुई है, बल्कि उग्रवादी संगठनों के 20 से अधिक कैडरों को भी दबोचा गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारा फोकस उग्रवाद



वाले बफर इलाकों में सबकुछ न्यूट्रल करने पर है। इनमें वे इलाके भी शामिल हैं, जहां बीते डेढ़ साल में किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। वहीं, पूरे राज्य में सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की 288 कंपनियों में करीब 40 हजार जवान तैनात हैं।

#### इतने हथियारों की पहली बार रिकवरी

अब तक सेना ने एके-47 सीरीज की 20 से अधिक राइफल्स के साथ 7.62एमएम एसएलआर राइफल, 5.5एमएम इंसास राइफल, .22 राइफल, .303 राइफल, 9एमएम पिस्टल, पोम्पी गन, सैकड़ों किलो आईईडी बरामद की है। इतने हथियारों की बरामदगी पहली बार हो रही है। यह बरामदगी लगातार जारी है। पुलिस ने बताया कि 19 दिसंबर को सर्च ऑपरेशन के दौरान कई हथियार बरामद हुए। इनमें 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, .303 राइफल, 9एमएम देशी पिस्टल, .32 पिस्टल, 123 जिंदा कारतूस, पोंपी गन (देशी मशीन गन), कार और मोबाइल फोन समेत गोला-बारूद बरामद हुआ।

#### खुद हथियार जमा कर रहे लोग

एक मानवाधिकार कार्यकर्ता ने बताया कि पहले सेना राजनीतिक दखल के कारण कुछ कर नहीं पा रही थी। इससे सेना नाराज थी, लेकिन जब से इंफाल वैली के 5 थाना क्षेत्रों में अफस्पा लागू हुआ, तब से सेना सख्त हुई, अब लोग खुद हथियार जमा करने पहुंच रहे हैं।

#### मणिपुर हिंसा में अब तक 237 लोगों की मौत

मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 600 से ज्यादा दिनों से हिंसा जारी है। इस दौरान अब तक 237 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 1500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए, 60 हजार लोग घर छोड़कर रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। अब तक 11 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं और 500 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

## सांसदों के बीच धक्कामुक्की मामले में एसआईटी का गठन, जांच ने पकड़ी गति

नई दिल्ली। संसद में हुए धक्का-मुक्की मामले की जांच गति पकड़ने लगी है। मामले को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया है। इसकी जांच अब क्राइम ब्रांच की चाणक्यपुरी स्थित आईएससी यूनिट करेगी।

यह पूरा मामला संसद परिसर में सांसदों के बीच धक्कामुक्की का है, इसमें बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल तक हो गए थे। दोनों का इलाज आरएमएल अस्पताल में चल रहा है। इस मामले की संजीदगी और गंभीरता को देखकर क्राइम ब्रांच की एक एसआईटी टीम का गठन किया गया है।

### जांच में दो एसीपी भी शामिल

क्राइम ब्रांच की एसआईटी की टीम में 2 एसीपी, 2 इंस्पेक्टर और 3 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। जो सीधे डीसीपी को रिपोर्ट करने वाले हैं। इस मामले की जांच में 2 एसीपी को एसआईटी में इसलिए शामिल किया गया है कि क्योंकि मामला पॉलिटिकली हाई प्रोफाइल है।

अमूमन देखा गया है कि पॉलिटिकल हाई प्रोफाइल मामले हमेशा दिल्ली पुलिस की आईएससी क्राइम ब्रांच यूनिट को ही जांच दी जाती है। सूत्रों की मानें पार्लियामेंट एडमिस्ट्रेशन को सीसीटीवी फुटेज के लिए लेटर लिखा जाएगा, जिसमें घटना से जुड़ी जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज काफी मायने रखती है।

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, धारा 117 यानी स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना, धारा 125 यानी दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम, धारा 131 यानी आपराधिक बल का प्रयोग, धारा 351 यानी आपराधिक धमकी और धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## चुनावपूर्व दलाल ने दिया आप को झटका, बीजेपी का दामन थामा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक सुखबीर सिंह दलाल ने बीजेपी ज्वाइन कर ली है। वहीं, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार बलबीर सिंह भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बलबीर को सदस्यता ग्रहण कराई। जानकारी के मुताबिक सरदार बलबीर सिंह लंबे समय से डीएसजीएमसी से जुड़े रहे हैं।

सुखबीर सिंह दलाल 2015 से 2020 तक दिल्ली देहात के विधायक रहे। पिछले चुनाव में दलाल का टिकट काट दिया गया था। इस बार भी पार्टी ने उन्हें वहां से अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। बीजेपी में शामिल होने के बाद सुखबीर ने आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर निशाना साधा।

## सुरक्षा बलों ने नाकाम की बड़ी आतंकी साजिश

कोलकाता। आतंकवादी संगठन अंसार अल इस्लाम बांग्लादेश के आठ सदस्य पश्चिम बंगाल को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले चिकन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन आठ सदस्यों को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि वे कई हमलों को अंजाम देकर कॉरिडोर में अस्थिरता पैदा करना चाहते थे।

### पेन-ड्राइव और दस्तावेज बरामद

पश्चिम बंगाल पुलिस ने संगठन के दो सदस्यों के पास से पेन-ड्राइव और दस्तावेज बरामद किए। एडीजी सुप्रतिम सरकार ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि ये दोनों बंगाल, केरल और असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे। पूछताछ में मालूम चला कि ये सभी चिकेन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। चिकेन नेक को सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है। यह एकमात्र ऐसा कॉरिडोर है जो पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ता है।

### पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता पैदा करने का लक्ष्य

एजीडी ने बताया कि राज्य पुलिस को संगठन के एक स्लीपर सेल के बारे में सूचना मिली थी, जो अगस्त से ही सक्रिय थे। उन्होंने कहा कि हमने अब्बास अली और मिनारुल शेख के रूप में पहचाने गए दो संदिग्धों के पास से एक 16 जीबी पेन ड्राइव, कुछ जिहादी लिटरेचर और नकली दस्तावेज बरामद किए। हमें संदेह है कि वे एक स्लीपर मॉड्यूल का हिस्सा थे। इसका उद्देश्य दक्षिण और उत्तर बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर के सात राज्यों में भी अस्थिरता पैदा करना था। उन्होंने आगे कहा कि वे मुर्शिदाबाद और अलीपुरद्वार जिलों में अपना बेस स्थापित कर रहे थे। उनका लक्ष्य पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में प्रमुख हिंदू नेताओं को खत्म करने का था। एडीजी ने बताया कि अंसार-अल-इस्लाम जैसे जैसे प्रतिबंधित बांग्लादेशी संगठनों के सदस्यों के लिए मुर्शिदाबाद एक पारगमन मार्ग बन गया है।

## जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां शुरु, पारा -8.5 डिग्री पहुंचा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शनिवार से चिल्लई कलां की शुरुआत हुई। चिल्लई फारसी शब्द है, हिंदी में इसका मतलब बहुत ज्यादा ठंड होता है। अब अगले 40 दिन यहां बहुत ज्यादा बर्फबारी होगी। श्रीनगर में तापमान -8.5 डिग्री पहुंच गया है। यहां 133 साल में तीसरी बार पारा इतने नीचे गिरा है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश में पिछले तीन दिनों से ठंड से राहत है। यह दौर 4 दिन तक जारी रहेगा, लेकिन उसके बाद तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, राजस्थान में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सीकर में विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। यूपी में भी कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। राज्य में सबसे ज्यादा सर्दी कानपुर में पड़ रही है। यहां तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 22 दिसंबर से 2 राज्यों में सीवियर कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा, राजस्थान में कोल्ड वेव का अलर्ट। 23 दिसंबर को 3 राज्यों में बारिश हो सकती है, वहीं पंजाब-हरियाणा में घना कोहरा देखने को मिलेगा। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में शीतलहर चलेगी। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश हो सकती है। 55 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। हिमाचल के लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। 7 जिलों शीतलहर चलेगी।

### नॉर्थ-ईस्ट काउंसिल के 72वें प्लेंट्री सेशन में शाह ने कहा

## नॉर्थ-ईस्ट में अब उग्रवाद खत्म

अगरतला। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नॉर्थ-ईस्ट में अब उग्रवाद खत्म हो गया है, इसलिए लोगों को जल्दी न्याय दिलाने के लिए पुलिस का दृष्टिकोण बदलने का वक्त आ गया है। हमें एफआईआर दर्ज होने से 3 साल के अंदर न्याय दिलाने की जरूरत है। शाह त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में नॉर्थ-ईस्ट काउंसिल के 72वें प्लेंट्री सेशन (पूर्ण अधिवेशन) में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में 20 शांति समझौतों पर साइन करके नॉर्थ-ईस्ट में शांति लाई है। इस दौरान 9 हजार उग्रवादियों ने हथियार डाले हैं। केंद्र ने नॉर्थ-ईस्ट में रेलवे पर 81,000 करोड़ रुपए और सड़क



नेटवर्क पर 41,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

इस अवसर पर नॉर्थ-ईस्ट डेवलपमेंट मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ नॉर्थ-ईस्ट के सभी आठ राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे। 2008 के बाद यह दूसरी बार है जब अगरतला में यह प्लेंट्री सेशन हो रहा है। नॉर्थ-ईस्ट काउंसिल नॉर्थ-ईस्ट के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। अमित शाह इसके अधिवेशन में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ही त्रिपुरा पहुंच गए थे।

## गढ़चिरौली में 2 नक्सलियों का सरेंडर

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में शनिवार को दो नक्सलियों ने सीआरपीएफ और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इन दोनों पर 8 लाख रुपए का इनाम था। बताया जा रहा है कि इन्होंने परिवार के दबाव में सरेंडर किया है। पुलिस के मुताबिक 55 साल के रामसु दुर्गु पोयम उर्फ नरसिंह और 25 साल के रमेश कुंजाम उर्फ गोविंद ने सरेंडर किया है। रामसु महाराष्ट्र के गढ़चिरौली का, जबकि रमेश छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

रामसु दुर्गु ने 1992 में नक्सली संगठन टिपागढ़ एलओएस को जॉइन किया था। इसके बाद उसने 2010 में कुतुल और नेलनार एलओएस जॉइन की थी, जहां उसने एरिया कमेटी सदस्य के रूप में काम किया। रामसु के खिलाफ करीब 12 मामले दर्ज हैं जिनमें छह मुठभेड़, पांच मर्डर और एक डकैती का मामला है। पुलिस ने इस पर 6 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। दूसरे नक्सली रमेश कुंजाम ने 2019 में मिलिशिया संगठन जॉइन किया था। 2020 में वह चेतना नाट्य मंच यानी सीएनएम का सदस्य बना और नक्सली गतिविधियों का हिस्सा बन गया। 2021 में उसने कुतुल एलओएस के सदस्य के तौर पर काम शुरू किया। कुंजाम पर पुलिस ने 2 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

# रबी ऋण वितरण में लापरवाही, पर्यवेक्षक की दो वेतनवृद्धि रूकी

## बैंक सीईओ ने शाखा प्रबंधक व पर्यवेक्षको के कार्यो की ली समीक्षा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय में शाखा प्रबंधको व पर्यवेक्षको की बैंक सीईओ आरसी पटले द्वारा बैंक कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 में रबी ऋण वितरण को लेकर सभी शाखाओं की समीक्षा में पाया गया कि बिरसा अंतर्गत समिति दमोह के द्वारा रबी ऋण वितरण में लापरवाही बरती जा रही है। जिसके चलते सीईओ श्री पटले द्वारा पर्यवेक्षक की दो वेतनवृद्धि रोकी जाकर नोटिस जारी किया। साथ ही शाखाओं को 31 दिसंबर तक ऋण वितरण के टारगेट पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। श्री पटले ने उपार्जन को लेकर निर्देशित किया गया कि धान का तौल निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप करे यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो निश्चित तौर कार्यवाही की जावेगी। साथ ही रेडी टू ट्रांसपोर्ट में ध्यान देने की आवश्यकता है तथा मौसम को देखते हुए धान खरीदी केन्द्रो में समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।



### सीईओ ने बैठक से ही जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति अधिकारी से की चर्चा

समीक्षा बैठक के दौरान धान खरीदी को लेकर शाखा प्रबंधक साडरा द्वारा बैंक सीईओ श्री पटले को अवगत कराया गया कि पालडोंगरी केम्प में कुम्हारीखुर्द की धान खरीदी की जा रही है। जहां सर्वेवर द्वारा अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जिसको लेकर बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके से ही जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बालाघाट को दूरभाष से जानकारी दी जिस पर जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बालाघाट द्वारा सर्वेवर को हटा दिए जाने कहा गया।

### इन विषयो पर हुई समीक्षा, दिए गए दिशा निर्देश

मुख्यालय सभागृह में आयोजित बैठक में अमानत के वार्षिक लक्ष्य एवं पूर्ति, म.का. ऋण वितरण अंतर्गत एक समिति से एक प्रकरण मुख्यालय भेजे जाने, नये खाते खोलने के वार्षिक लक्ष्य एवं पूर्ति, वर्ष 2024-25 में वितरण अल्पकालीन ऋण की वसूली की कार्ययोजना, दो लाख से बड़े बकायदारो से वसूली, डिमांड नोटिस की शत प्रतिशत तामिली, क्रिस योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में राजस्व अधिकारियों को सौंपे जाने वाले प्रकरण, धान उपार्जन की समीक्षा, गौदाम स्तरीय केन्द्रो में हेण्डलिंग चालान जनरेट, डारमेंट खाते सक्रिय किये जाने, निष्क्रिय खाते को बंद करने, इनऑपरेटिव खाते को ऑपरेटिव किये जाने, शाखा एवं समिति के निरीक्षण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के वार्षिक लक्ष्य एवं पूर्ति, शाखा स्तर पर जनरेट होने वाली रिपोर्ट्स, रासायनिक खाद वितरण, भण्डारण एवं शेष, डेबिट कार्ड एवं रूपे केसीसी कार्ड वितरण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत ईआरपी लॉगिन में प्रतिदिन प्रविष्टि, माइक्रो एटीएम के द्वारा हुए ट्रान्जेक्शन, सहकार से समृद्धि, धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों में केसीसी को लेकर सर्वे एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत केसीसी जारी किये जाने को लेकर पीपीटी के माध्यम से बैंकिंग कार्यो की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यालय से पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे फिल्ड अधिकारी, सृजल शाक्य, श्रीमती अन्नमा हरपाल अधीक्षक, सुधीर तेलकर, सारंग बिसेन, अमरेश परिहार, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, प्रकाश साहू, आई.आर. भगत, सुनील राहंगडाले, मोरेश्वर फुण्डे, जयकुमार नंदनवार, दिपक देशमुख, राजेश दुबे, ऋषि बिसेन, श्री नेवारे, ऋषि हरिनखेड़, मुकेश ठाकरे, अशोक भवरे, अनिरूद्ध बागदे, दिनदयाल ठाकरे, पर्यवेक्षक एम.एल. यादव, सुभाषचंद राहंगडाले, हीरालाल टेंभरे, शिवदयाल पटले आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत एसडीएम ने किए आदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत आदेश पारित किए गए है। एसडीएम श्री सोनी ने बताया कि आवेदक द्वारकानाथ चौधरी, निवासी वार्ड नं. 13 बूढ़ी बालाघाट एवं अन्य निवासी बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि पटवारी हल्का नं. 13/2 खसरा नं. 319 रकबा 16.14 एकड, जो कि देवी तालाब के नाम से दर्ज है। इस तालाब में शहर के नालियो से बहने वाले प्रदूषित मल-जल को नालियों और नालो के माध्यम से सीधे देवी तालाब में छोड़ा जा रहा है तथा कचरा को देवी तालाब के निकट गणेश मंदिर के पास डाला जा रहा है। साथ ही तालाब को प्रदूषित कर एक तरह से कचरे से तालाब को भरने का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे जल प्रदूषित हो गया है एवं उपयोग योग्य नहीं है। जिसके कारण वहां निवासरत नागरिको के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है तथा तालाब के जलीय क्षेत्र के आसपास कचरे डालने से तालाब का मूल स्वरूप नष्ट होने की पूर्ण संभावना है।

### एसडीएम ने दिए आदेश

एसडीएम सोनी ने आवेदन के समाधान में बताया कि नपा द्वारा तालाब को संरक्षित किये जाने के लिए कोई भी प्रयास नही किया जा रहा है। जिसके तहत उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के अंतर्गत अनावेदक के विरुद्ध सशर्त आदेश पारित किया है, कि तत्काल देवी तालाब बालाघाट मे प्रदूषित मल-जल जो नालियों और नालो के माध्यम से सीधे देवी तालाब में छोडा जा रहा है प्रतिबंधित किया जाये। साथ ही तालाब के आस-पास किसी भी तरह का कचरा ना फेका जाए एवं उसकी साफ सफाई कर गंदगी साफ कर उसके जल को उपयोग के लिए सुरक्षित किया जाये तथा आमजन तथा पर्यावरण की दृष्टि से उस तालाब को संरक्षित किया जाये। अन्यथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 153 के अंतर्गत आदेश की तामिली अनावेदक पर की गई। एसडीएम श्री सोनी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 154 के अंतर्गत अनावेदक को एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए यह आदेशित किया है कि वह प्रकरण में पारित सशर्त आदेश के विरूद्ध कारण दर्शित करते हुए यह बतलाए कि क्यो न इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 155 के अंतर्गत अंतिम कर दिया जाये। साथ ही उन्होंने अनावेदक को इस संबंध में 26 दिसम्बर को समक्ष में उपस्थित होकर अपना लिखित जवाब देने के लिए आदेशित किया है।

## सुशासन सप्ताह के तहत 23 दिसम्बर को आयोजित होगी एक प्रचार कार्यशाला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार जिले भर में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार 23 दिसंबर को जिले में एक प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले में की गई सुशासन प्रथाओं/पहलों पर चर्चा किया जाना हैं। एडीएम जीएस धुर्वे से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त भाप्रसे गोंदिया (महाराष्ट्र) समान शेखर पधार रहे हैं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज हुई जिला पंचायत सदस्य

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की शुरूआत की है. जिसे जनकल्याण महापर्व का नाम भी दिया गया है. इस पर्व के तहत प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं को हर गाँव और हर व्यक्ति तक पहुंचाने का दावा किया जा रहा है ताकि समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके. शासन की इसी मंशा अनुसार जनपद पंचायत कटंगी की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर लगाए जा रहा है. जहां जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है यह आरोप जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन ने लगाया है.



उन्होंने शनिवार को अपने कटंगी आवास से एक बयान जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों पर जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य जैसे प्रतिनिधियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत कटंगी सीईओ जनपद सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों को उनके क्षेत्र में आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी नहीं दे रहे है जिस कारण जनप्रतिनिधि जानकारी के अभाव में अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में होने वाले शिविरों में हिस्सा नहीं ले पा रहे है। जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन का आरोप है कि जनपद पंचायत कटंगी की हर गांव में शिविर में लगाए जा रहे है. किंतु सीईओ जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों को जानकारी नहीं देते. सीईओ से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सरपंच को जानकारी दी जाती है. जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि यह सीईओ की जिम्मेदारी है कि वह जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य और क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों को उनके क्षेत्र में होने वाले शिविरों की जानकारी दे ताकि जनप्रतिनिधि वहां पहुंचकर ग्रामीणों के साथ रूबरू हो सके और अपने क्षेत्र ग्रामीणों को शिविर में हितलाभ मिल रहा है या नहीं इस बात की पुष्टि करें. जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के संबंध में जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करेंगी।

## पी एम श्री शा.क. उ.मा.वि. में वार्षिक उत्सव 23 से

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। बैहर नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 दिसंबर से वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि एन के वैध विकासखंड अधिकारी और मुख्य अतिथि श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम अध्यक्ष नगर पंचायत बैहर, एवं विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार चौरे प्राचार्य शासकीय उत्कर्ष विद्यालय बैहर होंगे। 23 दिसंबर से इस वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्राचार्य पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने क्षेत्र वासियों से इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# कॉल रिकॉर्डिंग करने से खफा हुई पौनियां सरपंच

## ग्राम पंचायत रोजगार सहायक की थाने में दर्ज कराई शिकायत

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। महिला सरपंच की बातचीत को फोन में रिकार्ड कर उसे गांव की किराना दुकान में सुनाना एक रोजगार सहायक को मंहगा पड़ सकता है. महिला सरपंच ने कॉल रिकॉर्डिंग करने वाले रोजगार सहायक की शनिवार को शाम 04 बजे तिरोड़ी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाकर पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है. पूरा मामला ग्राम पंचायत पौनियां का है. महिला सरपंच गीता भलावी ने पंचायत के रोजगार सहायक टिकेन्द्र पटले की थाने में शिकायत कर आवश्यक कार्रवाई की मांग रखी है. महिला सरपंच ने बताया कि 19 दिसंबर को उन्होंने रोजगार सहायक से फोन कॉल पर पंचायत से जुड़े कामकाज को लेकर बातचीत की थी. जिसे रोजगार सहायक ने रिकॉर्ड कर लिया और 20 दिसंबर को गांव के ही चौधरी किराना स्टोर के संचालक भूपेन्द्र चौधरी को सुनाने लगा. जिस पर भूपेन्द्र चौधरी ने रोजगार सहायक को फटकार लगाई और कहा कि वह इस तरह की हरकत ना करें. किसी की कॉल रिकॉर्डिंग करना और उसे इस तरह से सुनाना गलता है. वहीं भूपेन्द्र चौधरी ने सरपंच को रोजगार सहायक की इस हरकत की जानकारी दी और सरपंच ने रोजगार सहायक की इस हरकत की शिकायत थाने में की है. बता दें कि पूर्व में भी सरपंच पति और रोजगार सहायक टिकेन्द्र पटले के बीच कहासुनी हुई थी. इस पूरे मामले में जब हमने रोजगार सहायक का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। सरपंच के साथ उपसरपंच नितिन गौतम, पंच लक्ष्मण भलावी, रविन्द्र नागदेव, मंजुकला चिचखेड़े, भूपेन्द्र चौधरी, जगदीश राउत, मुकेश गोलेन्द्र, दुर्गा पन्द्रे, महेश राहंगडाले, महेश मरकाम, सुकचंद जगने, कन्हैया सैययाम और बसपा विधानसभा कटंगी प्रभारी अनिल उके भी थाने पहुंचे थे. दरअसल, ग्राम पंचायत पौनियां में काफी लंबे समय से पंचायत बॉडी के साथ रोजगार सहायक की ठनकी हुई है. जिस कारण ना सिर्फ पंचायत के कामकाज प्रभावित हो रहे है बल्कि कई मौके यहीं नाराजगी विवादों का कारण भी बन रही है. महिला सरपंच की शिकायत के बाद पुलिस ने रोजगार सहायक को भी थाने बुलाया है ऐसी जानकारी मिली है।



## जिला प्रशासन करवा रहा सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क तैयारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं आदर्श परिवार आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के संयुक्त तत्वाधान में जिले के युवाओं के लिए शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में निशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर रूप से संचालित की जा रही हैं। युवाओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस से जुड़ने के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। सहायक संचालक निशुल्क कोचिंग क्लासेस संतोष सेंगर ने बताया है कि जिले के इच्छुक और जरूरतमंद छात्र छात्राओं के लिए 23 दिसंबर से कोचिंग समय पर रजिस्ट्रेशन के लिए एक अवसर और दिया जा रहा है। जो कि सुबह 08 बजे से 10 बजे तक शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय के हॉल क्रमांक 1 में संचालित निशुल्क कोचिंग क्लासेस पर आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो. 7697541902 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं वाला युवा उत्सव हुआ सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नेहरू युवा केंद्र बालाघाट, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शहर के मध्य मुलना स्टेडियन में 20 दिसम्बर को युवा उत्सव आयोजित हुआ। इस युवा उत्सव में युवाओ ने अपनी कलाओं से मंत्रमुग्ध किया। यहाँ साइंस मेला के माध्यम से युवाओ ने अपने प्रयोगों की प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। इसके अलावा उत्सव में एकल एवं समूह, कविता, कहानी लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी,



पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण, लोक नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही डांस प्रतियोगिताए साज संगीत के माध्यम से हुई। युवा उत्सव में युवाओं की विभिन्न कलाओं का नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, एसपी नागेंद्र सिंह, एसडीएम गोपाल सोनी, खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया, पॉलीटेकनिक महाविद्यालय प्राचार्य सोनवे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, पत्रकारो ने अवलोकन कर युवाओं की प्रशंसा की। युवा उत्सव में शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, विद्यालय, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिभागियों ने योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल विभाग के समस्त विकासखंड खेल समन्वयक, नेहरू केंद्र, युवा मंडल के पदाधिकारी गन, रक्षिका फॉउंडेशन, जुड़े हुए समाजसेवीगण सीआर जंघेला लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक के नेतृत्व में सक्रिय रूप सहयोगी बने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन श्री अजय सिंह बेस केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा किया गया।


**प्लाट बेचना है**
बालाघाट शहर के हरिओम नगर में आवासीय प्लाट बेचना है
संपर्क करें-9165091604

**मकान (कमरे) किराये पर उपलब्ध**
सर्वसुविधायुक्त ऑफिस फैमिली, वर्किंग स्टूडेंट के लिये अपनी आवश्यकता अनुसार उचित किराये पर ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर उपलब्ध
संपर्क करें
बस स्टेण्ड के पास सपना सोनोग्राफी डॉ. शिव पवार के सामने बैहर रोड बालाघाट
मो. 9479382779
8319536242

**आवश्यकता है**
स्थान- रायपुर, सिलतरा, उरला
सुरक्षा गार्ड-150 पद
शैक्षणिक योगयता-8वीं पास
वेतनमान- 13000/-+आवास
-पता-
जय अम्बे सिक्युरिटी सर्विस(इ)प्रा.लि.
इंदरा टावर डूंडासिवनी सिवनी (मप्र)
मो.9993094482
7999838660, 8770618004

**आवश्यकता है**
P.H.W.S. संस्था में JOB के लिए BOYS & GIRLS की आवश्यकता है
• सुपरवाईजर - 10 पद
• सर्वेयर - 30 पद
• रिसेप्शन - 01 पद
-संपर्क करें-
9625451008
9826181028

**मकान बेचना है**
दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त डॉ., कोचिंग सेन्टर होस्टल के लिए उपयुक्त क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट
शिवाय होटल के पीछे कालीपुतली चौक के पास
-संपर्क करें-
9752340946
9770777043

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**आवश्यकता है**
कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है
योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मेन रोड, बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520, 9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5.30 से 8.30 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# एसडीएम के धान खरीदी केन्द्र निरीक्षण में सामने आई ढेरों खामियां

**विभिन्न बोरियों के तौल में पाया गया अलग वजन, किसानों का बिना लॉट नंबर लिखे भंडारित की जा रही थी धान की बोरियां, धान रिजेक्ट होने पर सामने आएंगी परेशानियां, परिवहन कार्य नहीं होने से भी बिगड़ रही व्यवस्थाएं**

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। किसान आंदोलन के बाद अचानक से बढ़े समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य से अब धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाएं बेपटरी होने लगी है। खासकर धान का समय पर उठाव व परिवहन नहीं होने स्थिति विकट होने की जानकारी सामने आ रही है। अधिक मात्रा में धान पहुंचने से सोसायटी पदाधिकारी भी सही तरीके से खरीदी नहीं कर पा रहे हैं। यहां तक की धान की तौल में अंतर देखा जा रहा है। नापतौल में गड़बड़ी का ताजा मामला मॉयल नगरी उकवा के धान खरीदी केन्द्र में समाने आया है जहा अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी परसवाड़ा प्रदीप कौरव द्वारा केंद का आकस्मिक निरीक्षण करने पर जगह जगह खामियां नजर आई। इस दौरान एसडीएम ने खरीदी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं धान का परिवहन भी तेजी से करवाए जाने की बात कही।**



## अलग-अलग पाया गया तौल

राजस्व अमले के साथ पहुंचे एसडीएम कौरव ने निरीक्षण के दौरान केन्द्र में रखी 7-8 छल्लियों से एक-एक बोरी धान का तौला करवाया। इस दौरान सामने आया कि किसी बोरी में 40 किलो, किसी में 40. 500 किग्राम व किसी में 40.700 किग्राम धान का तौल किया गया है। एसडीएम ने धान के परिवहन के बारे में भी जानकारी ली। किसानों से भी समस्या पूछी गई। हालाकि किसानों ने किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया।

## लॉट नंबर नहीं, होगी परेशानी

उकवा धान खरीदी केन्द्र में एसडीएम के निरीक्षण के दौरान एक और बड़ी खामी भी सामने आई। धान खरीदी के दौरान बोरियों में किसानों के लॉट नंबर अंकित नहीं पाए गए। जिस पर एसडीएम ने धान खरीदी प्रभारी से कहा कि लाट नंबर किसानों का लिखा जाए। अगर किसी किसान का धान रिजेक्ट होता है तो कैसे पता चलेगा कि वह किस किसानों की धान है। ऐसे में स्थिति विपरीत हो सकती है। इसके अलावा एसडीएम ने अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## नहीं किया जा रहा परिवहन

धान खरीदी केन्द्र प्रभारी व कर्मचारियों ने एसडीएम से अपनी समस्याएं भी बताई। खासकर धान का समय पर उठाव व परिवहन नहीं होने से केन्द्र में स्थान की कमी होने की बात कही गई। वर्तमान में केन्द्र में करीब 6596 क्विंटल भंडारित कर रखा गया है। एसडीएम ने बताया कि डीएमओ नॉन का स्थानांतरण हो गया है। वहीं सप्ताह में सिर्फ दो दिन ही धान का परिवहन किया जा रहा है। हालाकि उन्होंने कहा कि उन्होंने बात की है। परिवहन कार्य में तेजी लाई जाएगी।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| - आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा | |
| - किसानों के कुल पंजीयन | 509 |
| - स्लॉट बुक किए किसान | 261 |
| - अब खरीदी की गई | 110 |
| - खरीदी गइ धान की मात्रा | 7946.80 क्विंटल |
| - भंडारण केन्द्र भेजा धान | 1350 क्विंटल |
| - खरीदी गए अनाज की राशि | 18272283 |
| - ऋण के विरूद्व वसूली | 2153177 |
| - भुगतान हेतू देय राशि | 16119106 |
| - प्राप्त बारदानों की संख्या | 17500 |
| - उपयोग हुए बारदाने | 3375 |
| - केन्द्र पर भंडारित धान | 6596.80 क्विंटल |

## एसडीएम ने किसानों से भी की चर्चा

एसडीएम परसवाड़ा ने धान विक्रेता शिव पारधी सहित अन्य किसानों से भी चर्चा की, वहीं धान विक्रय को लेकर अन्य जानकारी जुटाई, वही जिम्मेदारो को समझाइश देते हुए कहा कि इसी तरह का कार्य चलते रहे। किसी भी किसान को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। ना ही किसानों से ज्यादा धान लिया जाए।

## कुछ कमियां पाई गई है जिसे दूर करने कहा गया है- कौरव

धान खरीदी केंद्र के किए गए इस औचक निरीक्षक को लेकर की गई चर्चा के दौरान एसडीएम परसवाड़ा प्रदीप कौरव ने बताया कि वे आज धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने आए थे इस निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गई। जिसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। धान परिवहन कार्य थोड़ा धीरे चल रहा है। लेकिन शीघ्र ही परिवहन कार्य की व्यवस्था बना ली जाएगी।

# रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास का आयोजन

**दुर्गम गोद ग्राम सर्रा में लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

**बच्चों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा, गर्म कपड़ों का किया वितरण**

बालाघाट( पदमेश न्यूज) ।जिले के आदिवासी बैगा बाहुल्य गांव सर्रा में रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास की महिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के करीब दो दर्जन से भी ज्यादा बच्चे एवं आधा सैकड़ा ग्रामीणो का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।



## शिक्षा, स्वास्थ्य की ली जिम्मेदारी

बता दें कि गर्म वस्त्र पुखराज, अतीत वैद्य द्वारा संस्था को प्रदाय किए गए थे। पिछले तीन साल से दिवास द्वारा सर्रा में इस प्रकार का आयोजन किया जाता आ रहा है। बताया गया कि यहां पर पुनर्वास कर रहे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी दिवास ने उठाई है जो निर्संदेह अनूठी पहल है और यह पहल अन्य समाजिक संगठनों के लिए प्रेरणा बन रही है। इस अवसर पर दिवास की अध्यक्ष पूनम सचदेवा, सचिव श्रद्धा वैद्य, पदाधिकारी मेघा चोपड़ा, रीतु माहेश्वरी, दिव्या वैद्य, सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय की प्रमुख उपस्थिति रही।

## गर्म वस्त्र पाकर खिले चेहरे

आयोजित शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए दिवास की अध्यक्ष पूनम सचदेव, सचिव श्रद्धा वैद्य ने कहा पीड़ित मानवता की सेवा को लेकर दिवास द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर के साथ ही रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता आ रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जरुरतमंद ग्रामीणों एवं बच्चों को ठंड से बचाव को लेकर गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया।जिससे गर्म वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे है।

# इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में अचानक लगी आग, स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक

**स्कूल मैदान में खड़ी स्कूटी में आग लगने से मचा हड़कंप, बैहर के शासकीय प्राथमिक शाला रौंदाटोला का मामला**

बालाघाट ( पदमेश न्यूज ) । इलेक्ट्रॉनिक वाहनों में आग लगने की घटनाएं अक्सर देखी जाती है। जहां कभी चार्जिंग करते समय तो, कभी स्टार्ट करते समय वाहन में अचानक आग लग जाने से वाहन मालिक को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इन्ही घटनाओं के बीच बैहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रौंदाटोला स्कूल ग्राउंड परिसर में 21 दिसंबर शनिवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्कूटी से स्कूल पहुंचते ही एक स्कूल शिक्षिका की बैटरी वाली इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। जहां स्कूल ग्राउंड में खड़ी इस स्कूटी में अचानक स्पार्किंग के साथ धुआं निकलने लगा और इस आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया ।इस नजारे को देखकर स्कूली विघार्थी, शिक्षक व आसपास के लोग सकते में आ गए और वहां कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। इसी बीच स्कूटी मालिक शिक्षिका, स्कूल के अन्य शिक्षकगण और अन्य स्थानीय लोगों ने स्कूटी में पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। और देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।



## शिक्षिका के उतरते ही स्कूटी में लग गई आग

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बैहर नरसिंहटोला वार्ड नंबर 04 निवासी 38 वर्षीय आशा पति देवेंद्र बिसेन एक शिक्षिका है जो शासकीय प्राथमिक शाला रौंदाटोला में पदस्थ है। बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह शिक्षिका श्रीमती आशा बिसेन सुबह करीब 10-30 बजे स्कूटी से स्कूल पहुंची थी। स्कूटी को ग्राउंड में खड़ी करके जैसे ही वह स्कूटी से नीचे उतरी,की अचानक स्पार्किंग के साथ उस स्कूटी में आग लग गई। जहां आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## 2 वर्ष पूर्व खरीदी थी स्कूटी

बताया जा रहा है कि शिक्षिका आशा बिसेन ने 2 वर्ष पूर्व 2022 में बैहर स्थित पीयूष जामने ऑटोमोटिव शो रूम से डेगस कंपनी की एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी नगदी राशि देकर खरीदी थी। यह स्कूटी उनके पति देवेंद्र बिसेन के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसमें 3 वर्ष की वारंटी भी दी गई थी बताया जा रहा है कि शिक्षिका जैसे ही स्कूटी से स्कूल पहुंची और ग्राउंड में स्कूटी खड़ी करके जैसे ही उतरी वैसे ही स्कूटी में स्पार्किंग के साथ धुआ निकालने लगा और देखते ही देखे उसमें आग लग गई । हालांकि स्थानीय लोगों ने स्कूटी में लगी इस आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाए। उधर मामले की सूचना तत्काल बैहर फायर ब्रिगेड टीम को दी गई सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम के मौके पर पहुंची तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि स्कूटी में लगी इस आग पर फायर ब्रिगेड टीम ने पानी डालकर बुझाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

हालांकि स्कूटी में अचानक आग कैसे लग गई, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन आग लगने की वजह स्कूटी के भीतर शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है ।उधर घटना के बाद शिक्षिका और उनके अन्य साथियों ने इस पूरे मामले की सूचना बैहर पुलिस को दी। जहां बैहर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए शिक्षिका की शिकायत पर आगजनी कायम कर, मामले को जांच में लिया है ।वहीं अग्रिम कारवाई के लिए जांच प्रतिवेदन तहसील कार्यालय बैहर पहुंचाया गया है।

# क्षत्रिय मराठा कलार समाज कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**समारोह का आमंत्रण देने नगर में निकाली गई बाइक रैली**

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। क्षत्रिय मराठा कलार समाज के नव-नियुक्त अध्यक्ष व महिला संगठन के अध्यक्ष का 22 दिसम्बर को शपथ ग्रहण समारोह व मिलन महा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। रविवार को नगर के वार्ड नंबर 1 शिव मंगल लॉन बूढ़ी में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।जिसका आमंत्रण देने के लिए इस कार्यक्रम के एक दिन पूर्व 21 दिसंबर शनिवार की दोपहर में सहस्त्रबाहु चौक मोतीनगर से एक बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई जो आम्बेडकर चौक, हनुमान चौक से महावीर चौक से राजघाट चौक, कालीपुतली चौक से अवंतीबाई चौक होते हुये भटेरा चौकी से वापस अवंतीबाई चौक से बूढ़ी शिवमंगल भवन पहुंच संपन्न हुई। रैली के माध्यम से स्वजातीयजनों से शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की भी अपील की गई है। इस दौरान जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के अध्यक्ष अमृतलाल धुवारे, सचिव सूरज दौने, यशवंत पिपलेवार, चन्द्रकांत पिपलेवार, सर्ववर्गीय कलार समाज महिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना पिपलेवार, क्षत्रिय मराठा कलार समाज के पूर्व अध्यक्ष नोहरसिंह डोहरे, नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष संजीव धुवारे बाबा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संतोष पिपलेवार, नव-नियुक्त महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती दीपमाला धुवारे, राधेलाल दौने, नीलू पिपलेवार, कमलेश बिजेवार, संतोष कावड़े, सुनील पालेवार, दिनेश जेमी, टेकचंद धुवारे, दुर्गेश बिजेवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सेवईवार, प्रवीण धुवारे, महेश धुवारे सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।



## विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

बताया गया कि क्षत्रिय मराठा कलार समाज के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को होगा। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महादेव व सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर किया जाएंगा। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत व शपथ ग्रहण कार्यक्रम, दानदाताओं एवं उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मान, समाज द्वारा दी गई सौगात डीप फ्रीजर का लोकार्पण, हास्य कार्यक्रम मिमिक्री एवं महिला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जावेगी।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिवनी मुनमुन राय, पूर्व मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत एसआई राधेलाल दौने, जायसवाल कलार समाज अध्यक्ष अरूण जायसवाल, डहरवाल कलार समाज अध्यक्ष शिवाजी बावीसताले, डॉ. अविनाश सहारे, पार्षद गिरीश कावड़े, क्ष.म.क. समाज अध्यक्ष गोंदिया विनायक गजघाट, अ.भा. क्ष.म.क. समाज नागपुर महेन्द्र डोहरे, प्रगति कलार समाज अध्यक्ष भोरगढ़ पुरूषोत्तम धुवारे उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में क्षत्रिय मराठा कलार समाज के सभी पदाधिकारियों ने स्वजातीयजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के जिलाध्यक्ष ने पद से दिया इस्तीफा

## नए अध्यक्ष के चयन को लेकर बैठक आज

बालाघाट(पदमेश न्यूज) । जिला सर्ववर्गीय कलार समाज की जिला कार्यकारिणी की समयावधि समाप्त होने पर समाज के जिलाध्यक्ष अमृतलाल धुवारे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिससे पूर्व जिला कार्यकारिणी पूरी तरह भंग हो गई है। जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के जिलाध्यक्ष के मनोनयन (चयन) को लेकर 22 दिसम्बर की शाम 6 बजे से शहर के वार्ड नंबर 1 शिव मंगल लॉन बूढ़ी में बैठक का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष के मनोनयन करने के लिये गठित समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे को दी गई है। अनिल धुवारे द्वारा इस बैठक में कलार समाज के सभी संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों सहित स्वजातीयजनों से इस बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थिति की अपील की है। जिससे सभी के निर्णय अनुसार व विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के अध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा।



# रेंजर कालेज परिक्षेत्र में तेंदुए की तलाश कर रहे वन कर्मी

**रात्रिकालीन गस्त कर घूमने आने वाले लोगो को दे रहे समझाईश**

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। नगर के रेंजर कॉलेज परिक्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेंदुए की दस्तक बनी हुई है ।जहा तेंदुए की दस्तक से लोगों में भय का माहौल है ।तो वही तेंदुए की तलाश करने के लिए वन कर्मियों को भी रात्रि कालीन ग्रस्त करनी पड़ रही है ।जिसका एक नजारा पिछले दो दिनों से नगर के रेंजर कॉलेज परिसर में देखने को मिल रहा है ।जहां वनकर्मी ना सिर्फ तेंदुए की तलाश कर रहे हैं बल्कि रेंजर कॉलेज परिसर में निवास करने वाले लोगों, सहित घूमने आने जाने वाले लोगो को भी समझाईश देने के काम में जुटे हुए हैं। हालांकि पिछले दो दिनों से जारी इस सर्चिंग अभियान में तेंदुए का कुछ पता नहीं चल पाया है ।जिसको लेकर जहां एक ओर वनकर्मी परेशान है। तो वहीं दूसरी ओर लोगों को भी है कि भय के माहौल में जीना पड़ रहा है।



## मूमेंट से अलर्ट मोड़ पर विभाग

नगरीय क्षेत्र के रेंजर कॉलेज और बजरंग घाट के जंगली क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक ने ना केवल वनविभाग की नींद उड़ा दी है बल्कि, इस हरित क्षेत्र में भ्रमण करने वाले भी खौफजदा है ।यही कारण है कि शुक्रवार की रात और शनिवार को, वनविभाग के अलग-अलग दल ने गश्त किया ।इस दौरान एसडीओ विनिता फुलबेले, परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अजय चौरे और परिक्षेत्र के सभी कर्मियों ने जंगली क्षेत्र में गश्त कर, यहां घूम रहे लोगों को समझाईश दी।

## चीतल के शिकार के बाद लगी तेंदुए की जानकारी

हालांकि इस क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक कब से बनी हुई है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है ।लेकिन यह मामला तब प्रकाश में आया जब शुक्रवार को वनविभाग के अमले ने रेंजर कॉलेज के जंगली क्षेत्र से एक गर्भवती मादा चीतल के शव को बरामद किया था। जिसका तेंदुए ने शिकार किया था। हालांकि वन क्षेत्र से घिरे बालाघाट शहरी क्षेत्र में वन्यप्राणियों चीतल और जंगली सुकर का मुवमेंट हमेशा ही रहता है, जहां लोगों को सुबह, शाम की सैर के दौरान, वन्यप्राणी चीतल भी दिखाई देता है लेकिन तेंदुए के द्वारा चीतल का शिकार करने के सामने आए मामले के बाद वनविभाग अलर्ट मोड पर है।

## जंगल क्षेत्र में तेंदुए के पगमार्क मिले है उसकी मौजूदगी आसपास ही है-चौरे

मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अजय चौरे ने बताया कि रेंजर कॉलेज के जंगल क्षेत्र में तेंदुए के पगमार्क मिले है और वर्तमान में उसकी मौजूदगी आसपास ही है। जिसे देखते हुए वनविभाग का अमला अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार की रात्रि और शनिवार को सुबह से ही अधिकारियों के साथ परिक्षेत्र का अमला, जंगलो में गश्त कर रहा है, इस दौरान रात्रि गश्त और शनिवार को जंगली क्षेत्र में मिले लोगों को समझाईश दी गई है कि वह जंगली क्षेत्र में अकेले ना जाए। संभव हो तो अभी कुछ दिन, जंगल क्षेत्र में घूमना बंद कर दे, चूंकि जंगली क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी है, जो कभी भी किसी को अपना शिकार बना सकता है।

# हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नही होने पर आदिवासी समाज करेगा आंदोलन

## रामसिंह कोकोटे की धारदार हथियार से की गई है हत्या, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत बबरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटंगा निवासी ६२ वर्षीय रामसिंह कोकोटे की शुक्रवार को दिनदहाड़े अज्ञात लोगों के द्वारा वैनगंगा मोक्षधाम पहुंच मार्ग स्थित वन विभाग के नर्सरी के समीप सिर में धारदार हथियार ( कुल्हाड़ी ) मारकर हत्या की गई है। वहीं दिनदहाड़े हत्या की वारदात घटित होने के बाद से ग्रामीणजनों में भय का माहौल व्याप्त हो चुका है। पुलिस ने शुक्रवार की रात करीब ८.३० बजे घटना स्थल से शव बरामद कर शनिवार को मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है और हत्या का मामला कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं एक सप्ताह के अंदर आदिवासी समाज के दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी है जिसमें कटंगटोला टेकाड़ी ला. निवासी ४० वर्षीय ओमप्रकाश कुमरे की अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से अमोली के आगे बूटीवीयर वैनगंगा बड़ी नहर पुलिया के समीप गत दिवस मौत हो गई थी एवं शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कटंगा ( बबरिया ) निवासी ६२ वर्षीय रामसिंह कोकोटे की हत्या कर दी गई है परन्तु इन दोनों मामलों में पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है। जिससे आदिवासी समाज के व्यक्तियों में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है और जल्द दोनों मामलों की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी नही किये जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी शासन-प्रशासन को दी है।**

### यह है घटनाक्रम

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कटंगा (बबरिया) निवासी ६२ वर्षीय रामसिंह कोकोटे मजदूरी के साथ ही मवेशी चराने का कार्य करता था। जो रोजाना की तरह शुक्रवार को प्रात: ९ बजे कटंगा के वैनगंगा नदी मोक्षधाम पहुंच मार्ग स्थित वन विभाग के भाग ३ नर्सरी (जंगल) क्षेत्र की ओर मवेशी चराने गया था और मवेशी चरा रहा था परन्तु दोपहर ३ बजे जब कटंगा के ग्रामीणजन वैनगंगा नदी मोक्षधाम स्थल से पिंडदान का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वापस अपने घर आ रहे थे। तभी नर्सरी के समीप रोड़ से करीब २० फीट दूर वन विभाग की लगी फेंसिंग तार के अंदर एक व्यक्ति दिखाई दिया। जिसके बाद समीप जाकर देखा गया तो उसकी पहचान रामसिंह कोकोटे के नाम से की गई। जिसके सिर एवं शरीर में दो-तीन स्थानों पर धारदार हथियार से हमाल करने का निशान बना हुआ था, जिसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस एवं उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। साथ ही दिनदहाड़े कटंगा के मोक्षधाम पहुंच मार्ग नर्सरी के समीप हत्या होने की जानकारी ग्राम में आग की तरह फैल गई और ग्रामीणजनों की घटना स्थल में भीड़ लग गई। वहीं पुलिस को कटंगा के जंगल क्षेत्र में किसी व्यक्ति की हत्या होने की जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रामसिंह कोकोटे की हत्या की गई है। जिसके बाद बालाघाट से एसएफएल की टीम को बुलाया गया जिनके द्वारा जांच कर साक्ष्य एकलित किया गया। इस जांच के दौरान घटना स्थल के आसपास खून के निशान मिले है और जिस तरह से मृतक व्यक्ति के शरीर में निशान पाये गये है जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर हत्या की गई है। जिसके बाद पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर रात ८.३० बजे शव बरामद कर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोस्टमार्टम के लिए लाया गया परन्तु रात हो जाने के कारण दुसरे दिन शनिवार को मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक रामसिंह कोकोटे के दो बेटे है जिनकी शादी हो चुकी है और रामसिंह अपने घर का मवेशी चराने के साथ ही मजदूरी कार्य करता था, जो शुक्रवार को भी मवेशी चराने वन विभाग के भाग ३ नर्सरी जंगल क्षेत्र में गया था। जिसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी परन्तु जिस तरह से उसकी धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है और लहुलुहान अवस्था में शव बरामद हुआ है। जिससे ऐसा लग रहा है कि मवेशी चराते हुए जंगल क्षेत्र में किसी को गलत काम करते हुए देख लिया होगा और उनके द्वारा अपनी कृत्य छुपाने के लिए रामसिंह कोकोटे की हत्या करने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




### पिताजी मवेशी चराने गये थे - रामप्रसाद

मृतक व्यक्ति का बेटा रामप्रसाद कोकोटे ने बताया कि शुक्रवार को प्रात: ८ से ९ बजे के बीच पिताजी भैंस (मवेशी) चराने कटंगा के मोक्षधाम पहुंच मार्ग स्थित वन विभाग के नर्सरी की ओर गये थे परन्तु दोपहर तक घर वापस नही आये और शाम के समय कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारे पिताजी जंगल में पड़े हुए है जिसके बाद जाकर देखे तो वे मृत अवस्था में थे। श्री कोकोटे ने बताया कि पिताजी की किसी से कोई दुश्मनी नही है, अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कुल्हाड़ी से उनके सिर पर हमलाकर हत्या की गई है जिससे उनकी मौत हुई है, पुलिस प्रशासन से मांग है कि मामले की जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करें।



### पुलिस मामले की जांच कर रही है - फुलसिंह

फुलसिंह उइके ने बताया कि शुक्रवार को तेरहवीं कार्यक्रम के लिए वैनगंगा नदी घाट पिंडदान कार्यक्रम के लिए अन्य ग्रामीणों के साथ गये थे जिसके बाद दोपहर ३ बजे वापस आ रहे थे। तभी वन विभाग की नर्सरी के फेसिंग तार के अंदर रोड़ किनारे एक व्यक्ति पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसके पास जाकर देखे तो रामसिंह कोकोटे था जिसके सिर में गंभीर चोट के निशान थे, जिसके बाद उसके परिजन व पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया कि रामसिंह के शरीर में धारदार हथियार से वार किया गया है जिससे उसकी मौत हुई है और लग रहा है कि उसकी हत्या की गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### दिनदहाड़े आदिवासी व्यक्ति की हत्या की गई है, लोग आक्रोशित है - अनिल

म.प्र. आदिवासी विकास परिषद के सचिव अनिल उइके ने बताया कि कटंगा निवासी ६२ वर्षीय रामसिंह कोकोटे शुक्रवार को सुबह मवेशी चराने जंगल की ओर गये थे इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी हत्या कर दी गई है और जब गांव के लोग पिंडदान कर वापस आ रहे थे जिन्हे उनकी लाश दिखाई दी जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस एवं मृतक व्यक्ति के परिजनों को दी गई। श्री उइके ने बताया कि घटना स्थल पर डॉक स्कार्ट की टीम के द्वारा जांच पड़ताल भी की गई है और दिनदहाड़े आदिवासी समाज के व्यक्ति की हत्या कर दी गई है जिससे समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है इसलिए पुलिस प्रशासन से मांग है कि जल्द मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करें और पीड़ित परिवार के साथ पुरा समाज खड़ा है।



### हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नही होने पर करेगें आंदोलन - झनकार

आदिवासी विकास परिषद कार्यवाहक अध्यक्ष, बीडीसी प्रतिनिधि झनकारसिंह उइके ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर आदिवासी समाज के दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी है जिसमें एक की अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से एवं दुसरे की धारदार हथियार से हत्या की गई है परन्तु पुलिस प्रशासन के द्वारा आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नही की गई है। जबकि १७ दिसंबर को ट्रैक्टर की टक्कर से ओमप्रकाश की मौत हुई है और इस मामले में दो बार थाने जा चुके है परन्तु अज्ञात ट्रैक्टर को अब तक जप्त कर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार तक नही कर पाई है। श्री उइके ने बताया कि कटंगा में रामसिंह की हत्या कर दी गई है और अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से ओमप्रकाश की मौत हुई है इस तरह से एक सप्ताह के अंदर दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी है परन्तु दोनों प्रकरण में अब तक आरोपी नही पकड़ाये है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही पुलिस के द्वारा नही की गई तो आदिवासी समाज के द्वारा आंदोलन किया जायेगा।



### इनका कहना है

शुक्रवार की रात में कटंगा निवासी ६२ वर्षीय रामसिंह कोकोटे का शव वन विभाग के नर्सरी के समीप से बरामद किया गया। जिसके शरीर में धारदार हथियार के निशान थे जिससे लग रहा है कि उसकी हत्या की गई है। शनिवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के सौंप दिया है एवं अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर मामले की जांच की जा रही है।

महेन्द्रसिंह बघेल
उपनिरीक्षक
थाना - लालबर्रा।

# गढ़वाल समाज ने लालबर्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया का किया अभिनंदन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज )। भारतीय जनता पार्टी लालबर्रा के नवनियुक्त लालबर्रा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया का कटंगटोला स्थित वरिष्ठ समाजसेवी अनिरूध्द बेलजी के निवास पर शुक्रवार को गढ़वाल समाज लालबर्रा की ओर से गरिमामय अभिनंदन कर स्वागत किया गया। यह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी संजय अग्रवाल, चंद्रकुमार बसेने, भाजपा नेता राजेन्द्र परिहार, लालबर्रा भाजपा मंडल लालबर्रा नवनियुक्त अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया एवं गढ़वाल समाज लालबर्रा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर गढ़वाल समाज के पदाधिकारी एवं प्रमुख सदस्यों ने लालबर्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिनंदन समारोह के दौरान लालबर्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने गढ़वाल समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के स्नेह और समर्थन से मैं अभिभूत हूं। यह सम्मान मेरी जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ाता है। मैं वादा करता हूं कि आपके विश्वास को बनाये रखने और समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत रहूंगा। साथ ही गढ़वाल समाज की एकजुटता और सामाजिक योगदान की सराहना भी की। गढ़वाल समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया के प्रति विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करेगा और समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायक सिध्द होगा। गढ़वाल समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप सूर्यवंशी ने कहा प्रसन्न अवधिया जैसा कर्मठ और दूरदर्शी नेता संगठन के लिए वरदान है। उनकी नीतियां और विचार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाले हैं। जनपद सदस्य हरिशंकर बनवाले ने भाजपा संगठन एवं गढ़वाल समाज के बीच समन्वय और सहयोग एवं सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं समाज के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रसन्न अवधिया के हर कदम पर हम उनके साथ खड़े रहेंगे और संगठन व समाज के विकास के लिए एकजुट होकर काम करेगें। वहीं भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष श्री अवधिया के अभिनंदन समारोह कार्यक्रम के पूर्व गढ़वाल समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप सूर्यवंशी का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्थानीय कार्यकर्ता के साथ ही गढ़वाल समाज लालबर्रा के अनिल ब्रम्हे, शरद धानेश्वर, लिखीराम हरिन्द्रवार, संतोष ब्रम्हे, चन्द्रकुमार ब्रम्हे, संतोष नागेश्वर, सचिन चावले, पिंटू नागेश्वर, आकाश नागेश्वर, नन्दकिशोर बंशपाल, कृष्णा बनवाले, राजेश बनवाले, शैलेष कुमार, रोहित नागवंशी, संजू बनवाले, कार्तिक बनवारी, आशीष बेलजी, आकाश परिमल, कुणाल गुनेश्वर, कृष्णा नागेश्वर, प्रमोद बनवाले, हर्ष बनवाले, अनिरूध्द बेलजी, विघ्नेश बनवारी, हितेश नागेश्वर, राजकुमार दीवान, रामकिशोर बंशपाल, श्रीमती भारती सुर्यवंशी, श्रीमती माया बनवारी, श्रीमती ललिता बेलजी, श्रीमती समुद्रीबाई गोयल, श्रीमती किसनीबाई बनवारी, श्रीमती बेनबाई नागेश्वर, श्रीमती अंजना बनवारी, श्रीमती मधु नागेश्वर, श्रीमती दीपा अजीत, श्रीमती रजनी बेलजी, श्रीमती दीपशिखा नागेश्वर, कु. वंशिका बनवारी, कु. संस्कृति बनवारी, कु. आन्या सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे।



## आज विद्युत आपुर्ति सेवा रहेगी बंद

लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। लालबर्रा एवं लामता फीडर में मेंटेन्स एवं लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते २२ दिसंबर को प्रात: १० बजे से शाम ४ बजे तक ३३/११ केव्ही उपकेन्द्र लालबर्रा की विद्युत सप्लाई ( आपूर्ति सेवा) बंद रहेगी। तत्संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग लालबर्रा के कनिष्ठ अधिकारी सरफराज कुरैशी ने बताया कि २२ दिसंबर को ३३ केव्ही लामता फीडर एवं ३३ केव्ही लालबर्रा फीडर में मेंटेन्स एवं लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है इसलिए सुबह १० बजे से शाम ४ बजे तक ३३/११ केव्ही लालबर्रा उपकेन्द्र की विद्युत आपुर्ति सेवा बंद रहेगी। जिससे ३३/११ केव्ही लालबर्रा पावर हाउस से निकलने वाले फीडर लालबर्रा टाउन ०१, ०२, अमोली, खमरिया डीएल, बघोली, बल्हारपुर डीएल, जाम, सिहोरा डीएल, समनापुर, ददिया डीएल, अमोली एजीएल, बघोली एजीएल, जाम एजीएल, समनापुर एजीएल इन फीडरों से निकलने वाले समस्त ग्रामों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। श्री कुरैशी ने बताया कि मेंटेन्स एवं लाइन शिफ्टिंग कार्य के दौरान आवश्यकतानुसार सप्लाई अवधि घटाई एवं बढ़ाई भी जा सकती है इसलिए सम्मानीय उपभोक्ताओं से अपील है कि सहयोग करें।

# बल्हारपुर के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

## खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल फोड़ने वाले असामाजिक तत्वों एवं शराब विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की






लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज ) ।नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत बल्हारपुर स्थित खेल मैदान में गत दिवस से क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है परन्तु इस खेल मैदान में शुक्रवार की रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पीकर शराब की बॉटल को फोड़ने के साथ ही गंदगी की गई है और बॉटल के कांच को खेल मैदान में जगह-जगह फोड़ दिया गया है। जिससे खिलाड़ियों को खेलने में परेशानी हो रही है और असामाजिक तत्वों की इस तरह की हरकत से आयोजन समिति एवं ग्रामीणजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को दोपहर में बल्हारपुर के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणजन थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल फोड़कर गंदगी करने वाले असामाजिक तत्वों एवं ग्राम में अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब बेचने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने और ग्राम को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की है और असामाजिक तत्वों व शराब बेचने वालों पर कार्यवाही नही करने पर कठोर कदम उठाने की चेतावनी भी शासन-प्रशासन को दिये है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत बल्हारपुर में कुछ लोग अवैध रूप से शराब का विक्रय करते है जिसके कारण ग्राम के युवा एवं बुजुर्ग लोग शराब पीने के आदि होने लगे है और नशे की हालत में वाद-विवाद करते रहते है जिससे उनके परिजन परेशान है और ग्राम में वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होने से ग्राम का माहौल भी खराब हो रहा है इसलिए ग्रामीणजन ग्राम को नशा मुक्त बनाना चाहते है। साथ ही ग्राम स्थित खेल मैदान में गत दिवस से ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है जहां रोजाना मैच खेले जा रहे है परन्तु शुक्रवार की रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा इस खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल को जगह-जगह फोड़ दिया गया था जिसके कांच के टुकड़े खेल मैदान में फैले हुए है और गंदगी भी कर दी गई थी। शनिवार की सुबह जब ग्रामीणजन एवं आयोजन समिति को जानकारी लगी कि खेल मैदान में रात्रि के समय कुछ लोग शराब पीकर शराब की बॉटल को फोड़कर खेल में व्यवधान उत्पन्न किया गया है। जिसके बाद ग्रामीणजन खेल मैदान पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी और असामाजिक तत्वों की इस तरह की हरकत के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही असामाजिक तत्वों के द्वारा रात्रि के समय शराब पीकर पंचायत एवं स्कूल के परिसर में भी तोड़कर कर गंदगी की गई है जिससे सभी परेशान है इसलिए ग्रामीणजनों ने शनिवार को थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल फोड़कर गंदगी करने वाले असामाजिक तत्वों एवं ग्राम में अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों पर कार्यवाही कर ग्राम को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की है। मांग करने वालों में सरपंच सेवन काटेकर, स्थाई पटेल ओमप्रकाश शर्मा, उपसरपंच रामगोपाल मिश्रा, पूर्व सरपंच खेमराज हरिनखेड़े, मोहेश्वर पटले, गौतम पटले, प्रकाश खरोले, जितेन्द्र बसेने, संजय दमाहे, राजेश पटले, भागचंद हरिनखेड़े, दीपक बावने, विजय लिल्हारे, नोवेन्द्र अड़मे सहित अन्य ग्रामीणजन शामिल है।

### ग्राम को बनाना है नशा मुक्त - मोहेश्वर

मोहेश्वर पटले ने बताया कि बल्हारपुर में गत १६ दिसंबर से खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है और प्रतिदिन मैच खेले जा रहे है परन्तु शुक्रवार की रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल को फोड़कर कांच को जगह-जगह फेंक दिये है, जिसके कारण खिलाड़ी एवं ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही यह भी बताया कि ग्राम में कच्ची एवं पक्की शराब का भी विक्रय कुछ लोग करते है जिसके कारण ग्राम के युवा, बुजुर्ग एवं बड़े लोग शराब पीने के आदि होने के साथ ही शराब पीकर परिवारवालों एवं ग्रामीणजनों से लड़ाई-झंगडे करते रहते है जिससे ग्राम का माहौल खराब हो रहा है और स्कूल से १०० मीटर की दुरी में शराब बेची जाती है जिससे बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। श्री पटले ने बताया कि सभी ग्रामीणजन थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही कर ग्राम को नशा मुक्त बनाने के मुहिम में सहयोग करने की मांग की है क्योंकि ग्राम को नशा मुक्त बनाना है।



### असामाजिक तत्वों एवं शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करें पुलिस प्रशासन - सेवन

बल्हारपुर सरपंच सेवन काटेकर ने बताया कि ग्राम में कुछ लोग अवैध रूप से शराब का विक्रय कर रहे है और लोग शराब पीकर ग्राम का माहौल खराब कर रहे है एवं शुक्रवार की रात्रि में खेल मैदान में कुछ असामाजिक तत्वों ने शराब पीकर गंदगी की है। जिससे ग्रामीणजन आक्रोशित है इसलिए सभी ग्रामीणजनों ने ग्राम को नशा मुक्त बनाने के लिए शराबबंदी मुहिम चलाने का निर्णय लिया है। श्री काटेकर ने बताया कि असामाजिक तत्व एवं शराबियों के द्वारा रात्रि के समय पंचायत एवं स्कूल में तोड़-फोड़ कर शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है इसलिए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान में शराब पीकर बॉटल फोड़ने वाले असामाजिक तत्वों एवं शराब बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।



# महाविद्यालय में ''विश्व ध्यान दिवस'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन





लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार २१ दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रम्हकुमारी संस्थान के नारायणप्रसाद सोलंकी के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर योग एवं ध्यान का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक शामिल हुए और योग एवं ध्यान किया। जिससे उन्हे शांति का अनुभव हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने छात्र-छात्राओं को योग, ध्यान करने से मानसिक तनाव मुक्ति , आध्यात्मिक विकास, एकाग्रता में वृध्दि में और ध्यान की भूमिका का महत्व समझाते हुए ध्यान की विभिन्न विधियाँ, योग विपष्यना पर प्रकाश डालते हुए रोजाना सुबह के समय योग करने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने विद्यार्थियों को ध्यान के महत्व एवं ध्यान करने से मन की शांति, एकाग्रता, जीवन में सकारात्मक विचार, सामर्थ में वृध्दि एवं योग ध्यान के चमत्कारिक प्रभाव के बारे में बताया। ब्रम्हकुमारी संस्थान के नारायणप्रसाद सोलंकी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ध्यान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण बिसेन ने ध्यान सत्र में योग मुद्रा का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया एवं कार्यक्रम संयोजक क्रीडा अधिकारी डॉ. विवेक खरगाल के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुमन बरवा, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. पल्लवी जाटव, नरेश सौलखे, श्रीमती संध्या परते, डॉ. क्रांति जैन, डॉ. आशीष बागड़े, श्रीमती अनिभा शरणागत, श्रीमती आशा कारे, श्रीमती माधुरी पुसे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मदनपुर मार्ग पर आधा-अधूरा किया गया पैच कार्य

## राहगीरों ने कार्य की गुणवत्ता पर उठाये सवाल








वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी मदनपुर मार्ग पर पैच कार्य किया गया है जो चंद दिनों में ही उखड़ने लगा है। जिसको लेकर राहगीर और ग्रामीण आक्रोशित नजर आ रहे हैं जिनके द्वारा पैच कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उनके द्वारा मार्ग में गड्ढों के पैच कार्य को गुणवत्ता पूर्वक एवं सभी गड्ढों का पैच वर्क करने के लिए मांग की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के एफसीआई गोदाम के सामने से मदनपुर मार्ग निकलता है जो आगे विभिन्न ग्रामों तक जाता है। यह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क है इसी मार्ग के माध्यम से ग्रामीण मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के लिए आना जाना करते हैं। जहां पर मार्ग की स्थिति जर्जर हो गई थी और जगह जगह छोटे बड़े गड्ढे हो गए थे जिससे लगातार परेशानी बनी हुई थी। जिनका बीते कुछ दिनों पूर्व पैच वर्क किया गया जिसमें मार्ग के छोटे बड़े विभिन्न गड्ढे को छोड़ते हुए कुछ बड़े गड्ढो का पैच वर्क किया गया है। जिसमें कई गड्ढे छूट गए हैं तो वहीं यह पैच वर्क उखड़ने लगा है ,जिसे निकालने वाली गिट्टी सड़क पर फैल रही है वाहन स्लिप होने की भी संभावना बनी हुई है। जिस पर राहगीर और ग्रामीणों के द्वारा कार्य एजेंसी पर गुणवत्ताहीन कार्य करने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं मार्ग के समस्त छोटे बड़े गड्ढो का व्यवस्थित रूप से मशीनरी उपकरणों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्वक पैच कार्य करने की मांग की जा रही है। ताकि भविष्य में होने वाली समस्या से निजात मिल सके।

### वारासिवनी से बालाघाट के लिए उपयोग होता है मार्ग

यह मार्ग नगर का व्यस्ततम मार्ग है जहां से ग्रामीण एवं नगरवासी वारासिवनी मुख्यालय और बालाघाट मुख्यालय आने जाने के लिए सफर करते हैं। इस मार्ग से मदनपुर ,आमाटोला ,कासपुर ,आलेझरी ,एकोडी ,भांडी ,केरा और मंगेझरी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीण प्रतिदिन आना जाना करते हैं। जो समीप का मार्ग पड़ता है जहां से प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े वाहन अपने गंतव्य के लिए आना जाना करते हैं। यह मार्ग प्रचलन में होने से यातायात का भी दबाव बना रहता है जिस पर रात्रि के समय दुर्घटनाएं भी घटित होती है। उक्त मार्ग की बहुत जर्जर स्थिति हो गई थी जिसे सुधार कार्य की जरूरत थी। परंतु जिस प्रकार का पैच कार्य किया गया है उससे हर कोई परेशान है।

### रोड़ के सभी गड्ढे नहीं भरे आधे अधूरे गड्ढे भरे गये है- लीलाधर जंघेले

राहगीर लीलाधर जंघेले ने बताया कि यह मदनपुर मार्ग है यहां ऐसा काम किया गया है कि काम किए चार दिन नहीं हुआ गड्ढे से गिट्टी उखड़ने लगी है। यह काम यदि करना था तो मशीन या रोलर चला कर कंप्रेस करना था यहां तो ऐसा ही गड्ढे में माल भर



दिया गया है जो उखड़ रहा है। कुछ दिनों में यह पूरा उखड़ जाएगा इसमें भी देखने में आ रहे हैं कि रोड़ में सभी गड्ढे नहीं भरे गये है। आधे अधूरे गड्ढे भरे गये हैं यह केवल थूक पॉलिश समझ आ रही है जो की गई है कुछ दिनों बाद यह गड्ढे की स्थिति फिर वैसे ही हो जाएगी। इसके कारण दुर्घटना के भी संभावना है एक्सीडेंट यहां पर होते रहते हैं हम चाह रहे हैं कि जब काम किया गया है तो अच्छे से होना चाहिए क्योंकि यह सभी के जीवन का सवाल है।

### पैच का कार्य गुणवत्ता पूर्वक नहीं हुआ है-मानिक ठाकरे

राहगीर मानिक ठाकरे ने बताया कि यह सड़क के गड्ढो को कुछ दिनों पहले भरने का काम किया गया था जिसे अभी देखकर लग रहा है कि गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं हुआ है। कुछ दिन पहले हुए कार्य की गिट्टी निकलने लगी है यहां पर दुर्घटना के असर है क्योंकि जो गिट्टी निकली है उससे वाहन स्लिप हो सकते हैं। यह रोड़ वारासिवनी से कासपुर तक जाती है रोड़ प्रचलन में होने से बहुत ज्यादा यातायात का दबाव रहता है बालाघाट भी लोग आना जाना करते हैं। सभी प्रकार के वाहन यहां से आते जाते हैं



जिससे यह किया हुआ पैच कार्य उखड़ जायेगा। जब कार्य किया गया था तो अच्छा करना था यदि पूरे मार्ग में देखेंगे तो बहुत सारे गड्ढे छोड़ दिए गए हैं जिनका पैच कार्य भी होना था। परंतु उन्हें छोड़ दिया गया है या शायद उनमें डाला गया डामर उखड़ गया होगा ऐसा दिख रहा है।

### गड्ढे में डामर गिट्टी डालकर बंद किए गिट्टी उखड़ना चालू हो गई-कोमेन्द कटरे

राहगीर कोमेंद्र कटरे ने बताया कि मैं कासपुर रहता हूं मार्ग में जो बहुत सारे गड्ढे हुए हैं उसकी रिपेयरिंग का काम चल रहा है जो घटिया क्वालिटी का है। इसमें हमें डामर भी नहीं दिख रहा है गिट्टी उखड़ना चालू हो गई है, यह जो गड्ढे में डामर गिट्टी डालकर बंद किए गए हैं वह फिर से वैसे ही हो जाएंगे। वारासिवनी से कासपुर मार्ग है इन्हें क्वालिटी का काम करना था यहां से सभी प्रकार के वाहन आना जाना करते हैं। यह जो कार्य किया गया है वह केवल टेंपरेरी व्यवस्था दिख रही है। इस पर विभाग के अधिकारियों को भी ध्यान देना चाहिए कि जो कार्य किया जा रहा है वह किस गति से और गुणवत्ता से किया जा रहा है या नही।



# धान खरीदी कि मांग को लेकर सदन में गरजे विधायक पटेल

## चुनाव के पूर्व किसानो कि धान को 31 सौ रूपये क्विंटल खरीदने का दिया था वचन- विवेक पटेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल ने विधानसभा सत्र के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जुड़ी समस्याओं को




लेकर विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार व विभागीय मंत्रियों का ध्यान आकर्षित कराया। विधायक पटेल ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर मुखरता के साथ अपनी बात रखते हुये सरकार से उनके निराकरण करने की मांग कि और चुनाव के समय भाजपा सरकार द्वारा किसानो को दिए गए वादों को याद दिलाते हूए उन वचनो को पुरा करने कि मांग कि। और भाजपा सरकार को सदन के माध्यम से किसानो कि धान को इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदने कि मांग कि। वहीं विधायक ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधानसभा सदन में अध्यक्ष व संबंधित विभागीय मंत्रियों के माध्यम से उनके निराकरण की अपेक्षा की हैं। विधायक पटेल ने सदन के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया कि इस समय धान खरीदी प्रारंभ है। भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व किसानो कि धान को ३१ सौ रूपये क्विंटल खरीदने का वचन दिया था और लोकसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बालाघाट दौरे के समय किसानो को बोनस देने कि बात भी कही थी। मगर अभी तक ना ही किसानो कि धान को ३१ सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रहा है और ना उन्हें कोई बोनस मिला है। ३१ सौ रूपये धान खरीदी कि मांग को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ बालाघाट जिला पूर्ण रूप से बंद भी रहा था। मगर अभी सरकार ने किसानो के हित में कोई निर्णय नही लिया है ,जिससे किसानो में भारी आक्रोश सरकार के खिलाफ दिखाई दे रहा है। विधायक ने कहा कि हमारे प्रदेश का अन्य दाता इस समय नकली खाद बीज से जूझ रहा है। भाजपा के साथी कहते है कि खाद का संकट नही है मैं चहता हु कि इनके वीडियो इनके क्षेत्र में सबको दिखाया जाए। मैं राइस सिटी वारासिवनी से आता हु हमारा जिला बालाघाट है और धान का कटोरा है। हमारे क्षेत्र का किसान खरीदी केंद्र के सामने धरने में बैठे है कोई भी किसान धान लेकर नही आ रहा है। किसानो ने इनसे ३१ सौ रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने नही बोला था। बल्कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में मोदी कि ग्यारंटी दी थीं कि हमारी सरकार बनते ही ३१ सौ प्रति क्विंटल धान खरीदेंगे। मगर अभी तक नही खरीदी जा रही है सरकार ने अपने वादे पुरे नही किये। उन्होंने कहा था हमारी डबल इंजन कि सरकार है हमने भगवान राम को लाये हैं हम भगवान राम को मानने वाले लोग है। मैं चाहता हु आप भगवान राम को माने और उनके आदर्शो को भी माने इसलिए आपने जो किसानो से वादा किया था उसे पूरा करें। हमारे क्षेत्र का किसान सबसे ज्यादा तहसील कार्यालय घूमकर परेशान होता है। पिता के मौत के बाद जमीन नामांरण करने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ता है,उसे सुधार करवाने के लिए किसानों को साल भर चक्कर लगाना पड़ता है। जबकि कांग्रेस सरकार के समय यह सभी काम पंचायत में आसानी से हुआ करते थे। मगर भाजपा सरकार के आते ही बिना रिश्वत के अधिकारी कोई काम नहीं करते सरकार अपना समय निश्चित करें।

# उपार्जन केंन्द्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव, कृषक परेशाान

## धान के डंप से खरीदी केन्द्रों में है अव्यवस्था का आलम





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। प्रदेश सरकार के द्वारा २ दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके लिए वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत २१ खरीदी केंद्र निर्मित किए गए हैं जहां पर २ दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू धान खरीदी का काम इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रहा है। इन खरीदी केंद्रों में अब तक ३ हजार ९ सौ ८४ किसानों ने अपनी उपज बेची है। जहां शनिवार तक करीब १ लाख ७१ हजार ८ सौ ९२ क्विंटल से ज्यादा की खरीदी हो चुकी है। इन केंद्रों में धान उपार्जन को लेकर ९ हजार १ सौ ३२ किसानों ने स्लॉट बुक करवाया है। किसानों के द्वारा स्लॉट बुक करने के बाद हफ्ते भर के भीतर संबंधित केन्द्रों में अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। केन्द में पहुंचे किसानों कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से धान का उठाव नहीं किये जाने से केन्द्रों में अव्यवस्था बढ़ गई है जिससे उन्हें बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर वह काफी परेशान नजर आ रहे हैं जो लगातार विभागीय अधिकारियों से खरीदी की गई धान के की छल्लीयो के परिवहन को लेकर मांग कर रहे हैं ताकि व्यवस्थित खरीदी की जा सके।**

### ९७५१० क्विंटल धान टंप से खरीदी करने किसानों को हो रही परेशानी

वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत २१ खरीदी केंद्र जिला प्रशासन के द्वारा गोदाम एवं समिति में स्थापित किए गए हैं। जिसमें सेवा सहकारी समिति परिसर में भारी अव्यवस्था बनी हुई है जिनके द्वारा खुले मैदाने में खरीदी करने पर भी जगह कम पड़ रही है। इसमें समिति परिसर में गर्रा में ५६३४, थानेगांव में २७९०, सावंगी में ३५२५, सिंगोड़ी में ६४३९,झालीवाड़ा में ३९९२,अंसेरा में २६८५, दीनी में ४२४०, मेंढ़की में ११८७०,रमरमा में ९०११, कोस्ते में २५८४, बुदबुदा में ३५८०, रामपायली में ६०२८ का डंप खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। तो वहीं गोदाम के माध्यम से भी सेवा सहकारी समिति के द्वारा खरीदी की जा रही है। जिसमें कोचेवाही में २९८८, लड़सडा भेंडारा केप में ७३३२, डोंगरमाली भेंडारा कैंप में ९८९०, वारासिवनी में ३५८६, मार्केटिंग में १९००, खापा केप में २५६४, कायदी डोंगरिया में १९४१, जागपुर डोंगरिया में २९४०, कायदी डोंगरिया में १९९२, क्विंटल धान डंप है। इस प्रकार कुल ९७५१० क्विंटल धान का स्टॉक २१ खरीदी केंद्रों में डंप बना हुआ है।

### १७६४ किसानों का हुआ है परिवाहन

वारासिवनी विकासखंड में खरीदी युद्ध स्तर पर सेवा सहकारी समितियों के द्वारा की जा रही है। जहां पर किसानों की लगातार संख्या बढ़ती जा रही है जो अपनी धान देने के लिए पहुँच रहे हैं। परंतु इस दौरान बढ़ते डंप से उन्हें समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि वह अपना धान उक्त स्थान पर नहीं रख पा रहे हैं और ना ही ढेर डालकर समिति को दे पा रहे हैं। ऐसे में कड़ी मशक्कत कर रात जागकर उनके द्वारा धान दिया जा रहा है। जहां पर स्लॉट बुक करने वाले ९१३२ किसानों में से केवल ३९८४ किसानों के द्वारा अपनी १७१८९२ क्विंटल उपज दी गई है। जिसमें से मात्र १७६४ किसानो की ७४३८१ क्विंटल उपज का परिवहन प्रशासन के द्वारा करवाया गया है। जहां पर अब भी ९७५१० क्विंटल उपज का ढेर लगा हुआ है।

### किसानों को मिल रहे फटे पुराने बारदाने

उक्त खरीदी केंद्रों में किसानों के द्वारा अपनी उपज शासन को देने के लिए आ रहे हैं जिन्हें समिति के द्वारा धान भरने के लिए बारदाना आवंटित किए जा रहे हैं। जिसमें कुछ केंद्रों में फटे पुराने बारदाने किसानों को दिए जा रहे हैं जिसके माध्यम से किसान अपनी उपज बारदानों में भर तो रहे हैं परंतु वह बारदाना विभिन्न स्थानों से फटा होने गड्ढे होने के कारण बारदाने से उपज बाहर गिर रही है। जिसमें किसानों एवं समिति दोनों को ही नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसमें किसानों को एक स्थान से दूसरे स्थान उपज भरे बोरे ले जाने और तौल करने तक समस्या हो रही है कि उनकी उपज धूल मिट्टी में गिरकर खराब हो रही है। तो वहीं समिति के द्वारा खरीदी के बाद उसे रखने पर भी उपज गिर रही है जो आगे खरीदी में कमी दिखेगी इसको लेकर भी परेशानी सामने आ रही है। जहां किसानों के द्वारा अच्छे बारदाने दिए जाने की मांग की जा रही है।

### धान का परिवहन ना होने पर किसानों में दिख रहा आक्रोश

जिले में लगातार तेज गति से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने का कार्य प्रारंभ है जिसमें परिवहन की व्यवस्था बेहद कमजोर नजर आ रही है। जिसका असर वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के परिवहन पर भी देखने को मिल रहा है जहां पर विभिन्न प्रकार की चर्चा चल रही है। प्रशासन के द्वारा आवश्यक परिवहन की व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण से यह स्थिति बनी हुई है। एक खरीदी केंद्र को बड़ी मुश्किल से एक गाड़ी भी प्रतिदिन उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो वहीं कुछ खरीदी केंद्रों में बड़ी मुश्किल से गाड़ी परिवहन के लिए जा रही है। इसी का कारण है कि मेंढ़की में ११ हजार ,रमरमा डोंगरमाली में ९ हजार, लड़सड़ा में ७ हजार ,गर्रा में ५ हजार ,रामपायली सिगोंडी में ६ हजार से अधिक उपज का डंप बना हुआ है।

# झालीवाड़ा के श्री साईं मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजन आज से प्रारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम झालीवाड़ा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शिरडी सांई बाबा की प्राण प्रतिष्ठा का पंद्रहवां वार्षिकोत्सव आज से उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन २२ दिसंबर २०२४ से १ जनवरी २०२५ तक चलेगा। इस पावन अवसर पर श्री मार्कण्डेय पुराण कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें वाचक गौवत्स सुरभिदास महाराज तुषार महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से कथा का वाचन करेंगे।



### वार्षिकोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा से होगा

२२ दिसंबर २०२४ को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। यह यात्रा श्री सांई मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। इसके बाद श्री मार्कण्डेय पुराण कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

### सांस्कृतिक और धार्मिक कायक्रमों का होगा आयोजन

वार्षिकोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि ८ बजे से विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में भक्ति संगीत, पंडवानी लोकगीत और मुण्डरदेही जिला बालोद के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

### १ जनवरी को विशाल भंडारा और हास्य कवि सम्मेलन का होगा आयोजन

१ जनवरी २०२५ की दोपहर १ बजे से ७ बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। वहीं रात्रि ८ बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें हास्य और लाफ्टर मंच के कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# संसद, सरकार और विपक्ष

अठारहवीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को इतिहास में सबसे कम उत्पादक और सर्वाधिक कटुतापूर्ण सत्रों में से एक के रूप में खत्म हुआ। अंतिम से एक दिन पहले, सरकार और विपक्ष के बीच टकराव हाथापाई में बदल गया, जिसके बाद बेतुके आरोपों और पुलिस रिपोर्टों का तमाशा सामने आया। विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति और भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया, जिसे उप-सभापति ने खारिज कर दिया। कड़वाहट तब चरम पर पहुंच गयी जब विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बी.आर. आंबेडकर के जिक्र को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमले के हथियार में बदल दिया। शाह की असावधान टिप्पणियों को विपक्ष द्वारा संदर्भ से अलग करके देखा गया, जिसे यह उम्मीद के मुताबिक ही लगता है। आखिरकार, इससे पहले भाजपा ने कई दिनों तक संसद की कार्यवाही रोकने के लिए भारत-विरोधी ताकतों के साथ कांग्रेस पार्टी के कथित संबंध को लेकर हास्यास्पद आरोप लगाये थे। राज्यसभा में उत्पादकता 40 फीसदी रही, क्योंकि उसकी बैठक निर्धारित समय में से 43 घंटे 25 मिनट चली। लोकसभा ने अपने निर्धारित समय के 54.5 फीसदी में काम किया। भारतीय राजनीति में अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस की कथित दखलअंदाजी और अडाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी सरकार की कार्रवाई जैसे मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से विरोध देखने को मिला।

इस सत्र में विधायी कामकाज के तहत 16 विधेयकों और वित्तीय कामकाज के तहत अनुपूरक अनुदानों के पहले बैच को रखा गया था। 16 विधेयकों में से सिर्फ एक विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 (जो नागर विमानन क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण है) दोनों सदनों से पारित हुआ। राज्यसभा ने बॉयलर विधेयक और तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित किये। ये बड़ी भट्ठियों व बॉयलरों और पेट्रोलियम क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले औद्योगिक कानूनों में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। अनुदानों के लिए अनुपूरक मांगों के अंग के रूप में विनियोग विधेयकों के अलावा, लोकसभा ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, रेलवे (संशोधन) विधेयक और आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा की और इन्हें पारित किया। चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने सरकार से सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग व्यवस्था की हिफाजत करने, रेल यात्रियों व कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए धन आवंटन में पारदर्शिता लाने की मांग की। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश किये गये और संसद की संयुक्त समिति को भेजे गये। इन विधेयकों का लक्ष्य देश में एक साथ चुनाव संभव बनाना है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों को लेकर दोनों सदनों में बयान दिये। शीतकालीन सत्र ने संसदीय मानदंडों की तुरंत बहाली और राजनीतिक विरोधियों के बीच तर्क-वितर्क में बुनियादी शालीनता की जरूरत प्रदर्शित की।

# संसद में घमासान - शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र जिसके बारे में पूरी दुनियाँ चर्चा करती है। दूसरी ओर भारत का संविधान जो हमारे लिए पूज्यनीय है, परंतु इसके ऊपर ही संसद में चर्चा पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल संसद के ऊपरी सदन में माननीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ ऐसा जुमला बोला कि विपक्ष ने उसे हाथों- हाथ लपक लिया, उसे मुद्दा बनाकर गृहमंत्री के पद छोड़नें की मांग तक की बात बना दी जिसके बचाव में माननीय पीएम सहित अनेक मंत्री सामने आए व गृहमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर कहां की उसके बयान को एआई की मदद से तोड़ मरोड़ कर एक अंश को प्रस्तुत किया गया है जिसपर दो दिनों से घमासान चल रहा है, परंतु गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 का दिन संसद के काला दिवस के रूप में माना जा सकता है,जहां शाब्दिक घमासान ने धक्का मुकी का रूप ले लिया, जिसमें दो सांसद महोदय घायल हो गए हैं व अस्पताल में भर्ती है,तथा दोनों प्रमुख पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ़ पुलिसथाने में एफआईआर दर्ज करा दी है सताधारी पार्टी ने नए आईपीसी कानून की धारा 115 117 125 131 351 3(5) तो विपक्षी बड़ी पार्टी ने 114 115 116 117 129 130 131 133 धाराओं के अंतर्गत सांसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है जो मैंने एफआईआर के लिए दी गई पांच पुष्ठों की कॉपी देखी उसमें करीब 15 संसद सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं, जो मैंने अपने 40 वर्षों के स्तंभकार लेखन के करियर में शायद पहली बार ही यह देखा हूं, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुकी बाचाबाची देखकर मतदाता,जनता हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संसद में धमासान शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों एफआईआर बनाम एफआईआर।



साथियों बात अगर हम गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 को संसद परिक्षेत्र में धक्कामुक्की करें तो, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई है।कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, गृह मंत्री ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। आज बाबासाहेब के अपमान के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। जब इंडिया गठबंधन के सांसद मकर द्वार पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष और नेता विपक्ष के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष को चोट भी आई है सत्ताधारी पार्टी की इस गुंडागर्दी के खिलाफ आज कांग्रेस के सांसदों ने संसद मार्ग स्थित पुलिस थाने में बदसलूकी करने वाले सांसदों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।लोकसभा स्पीकर को भी लिखा पत्र इसके अलावा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की, जो न सिर्फ कांग्रेस नेता की गरिमा पर हमला है, बल्कि संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत भी है। उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि इस मामले में वह उचित कार्रवाई करें। कांग्रेस सांसदों ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं।संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ के प्रोपेगेंडा को बेनकाब कर रहे थे और उनसे माफी की मांग कर रहे थे। उसी समय राहुल गांधी अपने इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ आए और तय रास्ते से न जाकर एनडीए के सांसदों के बीच आ गए। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों को उकसाया भी और दुर्भावनापूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े।राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें 109 हत्या का प्रयास और 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला है।दूसरी तरफ, मणिपुर से भाजपा की महिला राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक ने राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर राहुल गांधी बताया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अत्याचारों के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रही थीं, तभी यह घटना हुई।कोन्याक ने चिट्ठी में बताया, मैं मकर द्वार की सीढ़ियों के नीचे हाथ में तख्ती लेकर खड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने वहां घेराबंदी कर दूसरे दलों के सांसदों के प्रवेश के लिए एक रास्ता बनाया हुआ था। उसी समय राहुल गांधी अपनी पार्टी के अन्य सांसदों के साथ मेरे सामने आ गए, जबकि उनके लिए अलग रास्ता बनाया हुआ था। उन्होंने ऊंची आवाज में मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और वह मेरे इतने करीब थे कि एक महिला सदस्य होने के नाते मैं बहुत असहज महसूस कर रही थी।. कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायतसंसद भवन परिसर में हुई हाथापाई को लेकर कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने बीजेपी सांसदों पर अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके अलावा कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की। कांग्रेस ने स्पीकर से उचित कार्रवाई की मांग की।

अतः अगर हम उपरोक्त पुरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संसद में घमासान - शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान.बाबासाहेब आंबेडकर मुद्दे पर छिड़ा धमासान धक्का मुक्की से लेकर, पुलिस थाने की दहलीज़ तक पहुंचा- मतदाता दंग उनका भ्रम भंग

**- किशन सनमुखदास भावनानी**
**(संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र)**

# निस्तेज विपक्ष देष को कब तक अंधेरों में धकेलेगा?

विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछ्लादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही?

डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

**- ललित गर्ग**

**(राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसम्बर) पर विशेष)**

# श्रीनिवास रामानुजन : संख्याओं के जादूगर



प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान् गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरूषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

**-योगेश कुमार गोयल**

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर । लेवाली के चलते शनिवार को अनाज मंडी में चना उछाल पर रहा। मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में बाजार मजबूत देखे गये। तिलहनों में सोयाबीन में सुधार आया। किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला सुस्त रहा। तिल्ली में लेवाली रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में निचले भावों पर माँग से बाजार तेजी पर रहे। चना बढिया मालों में 6700-6750 रू. प्रति क्विंटल बोला गया। मसूर में टिकाव देखा गया। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। तिलहनों में सोयाबीन मजबूत देखा गया। किराना जिंसों में तिल्ली में पूछपरख से बाजार मजबूत रहे। शकर, नारियल व खोपरा गोला में बाजार बने रहे। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना** - शक्कर 3710-3750, खोपरा गोला 160-225, खोपरा बूरा 3400-5600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 4900-5050, मीडियम 5100-5200, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 110-120, मीडियम 190-250, बेस्ट 285-310, सौंफ बारीक 200-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, बेस्ट 750-760, बादान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1800-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 750-780, बेस्ट 780-820, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्स्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1475, बेस्ट 1550-1675, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750 -800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्स्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2200-2250, (160) 2400-2450, (200) 2500-2600, (250) 2700-2750

**तेल** - सींगदाना 1450-1470, मुम्बई 1470, राजकोट तेलिया 2290, सोया साल्वेंट 1150-1160, सोया रिफाइंड 1205-1210, कपास्या 1150, धूलिया 1155, कड़ी 1160,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1400, मुम्बई पाम 1310-1315, मुम्बई सोया 1230,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1750, देवास-उज्जैन 1750, खंडवा-बुरहानपुर 1725, अकोला 2650 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5900-5950, एवरेज 5500-5600, रायडा 5600-5700, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6700-6750, एवरेज 6450-6500, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, नई तुअर 7000-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9400-9600, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8200-8300, मीडियम 8400-8500, बोल्ड 8600-8700, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, बेस्ट 7700-7900, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9300-9500, मूंग मोगर 9800-9900, बोल्ड 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज** -गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 3100-3150, (147) 2900-3000, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2975-3000, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2375-2400,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 250 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार सुस्ती के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 89700, चाँदी (99) 89600, टंच 88800, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 78300,

## सरकार ने सोने की खपत और आयात की गड़बड़ी की आशंका जताई

नई दिल्ली। सरकार ने देश में हो रही सोने की खपत और इसके आयात को लेकर गड़बड़ी की आशंका जताई है। नवंबर महीने में सोने के आयात के आंकड़े चौंकाने वाले रहे हैं, जिसके बाद आशंका है कि आंकड़ों में कहीं फिर तो नहीं साल 2011 जैसी गड़बड़ी पैदा की गई हो। वाणिज्य मंत्रालय ने जांच कराने का आदेश दिया है ताकि स्थिति की सच्चाई सामने आ सके। वर्ष 2011 में भी ऐसा ही मामला हुआ था, जब कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में समस्याओं के कारण गलत आंकड़े आए थे। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार भी ऐसा हो सकता है।

## आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके काम आसानी से पूरे होते चले जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें, नहीं तो इससे स्थिति बेकाबू हो सकती है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको कुछ निवेश संबंधी मामलों में पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। भाई व बहनों से यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो उसे पूरा करने कि आप कोशिश करेंगे। आपके कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। किसी सामाजिक कार्यक्रम से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में कोई समस्या हो सकती है, जिसके लिए आप किसी काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। आपको धन को लेकर किसी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके उसे भरोसे को तोड़ सकता है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी धार्मिक कार्यों में खूब रुचि रहेगी। आपकी संतान को किसी नौकरी के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, क्योंकि आप इधर-उधर के कामों में लगकर अपना काफी समय बर्बाद करेंगे। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। यदि परिवार में कोई वाद- विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसे शांत रहकर सुलझाने की कोशिश करें। आपके पारिवारिक रिश्तों में खटास आ सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आध्यात्म के क्षेत्रों में आप आगे बढ़ेंगे। यदि कोई समस्या लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको जल्दबाजी के कारण किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कामों में सक्रियता बढ़ेगी। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। बच्चों के प्रति आपको थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनके स्वभाव में चिड़चिड़ाहट पढ़ाई में समस्या आने की वजह से हो सकता है। आपको बिजनेस के कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपने किसी काम को लेकर यदि कोई उम्मीद लगा रखी थी, तो वह पूरी होगी। कार्यक्षेत्र में आप खुद को साबित करने के चक्कर में काफी समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर बेवजह लापरवाही करने से बचना होगा। प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको बड़े सदस्यों से काम को लेकर कोई सलाह लेनी पड़ सकती है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके अनुभवों का कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। आपको अपना एक उद्देश्य पकड़कर रखना होगा, जिससे आप काम को करने में काफी हद तक आगे रहेंगे। आप कुछ बेहतर करने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिस कारण आप अपने कामों में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं। आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध में आएं, नहीं तो आपकी वह आदत परिवार के सदस्यों को पसंद नहीं आएगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी को खरीदने या बेचने की योजना बना सकते हैं। आप कामों को लेकर अधिक व्यस्त रहेंगे, जिससे आप अपनी संतान पर पूरी निगरानी बनाकर रखें, क्योंकि वह किसी गलत दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। पार्टनरशिप में यदि आपने कोई काम किया है, तो उसमें आपके पार्टनर पर आपको भरोसा नहीं करना है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आपको काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। बिजनेस में किसी डील को लेकर यदि आप परेशान थे, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपके आर्थिक प्रयास बेहतर रहेंगे। आपका अपने किसी परिजन से किसी बात को लेकर मन मनमुटाव हो सकता है, इसलिए आप कोई बात सोच समझकर बोलें।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए अपने दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लें। आपकी सकारात्मक सोच का आप कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। मित्रों से यदि किसी बात को लेकर कोई खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

## शब्दजाल - 7757

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | ब | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | न | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | प | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | श्च | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |


*शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

हरिद्वार,गंगोत्री,वैष्णोदेवी,बद्रीनाथ,नासिक, केदारनाथ,अमरनाथ,ऋषिकेष,काशी, वाराणसी

### शब्दजाल - 7756 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 6701



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी को 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रहे हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राखी की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मैं बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली से मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'माँ तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'स्टम्प्ड' की निर्मात्री एवं नायिका कौन है-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसो रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल की 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ ओ' गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'तलाश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'अँखियाँ मिलाके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6700



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8225



**बाएँ से दाएँ**

1. रुद्र,शिव,भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य,अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता,बड़प्पन-4
21. गाथा,कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा,उत्साह-3
25. राजा,सम्राट- 4

**ऊपर से नीचे**

1. इच्छुक,अलमस्त-4
2. मात,पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट,हुनर-2
8. गुनाह,अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरूर,खुमार,नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता,कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट,राजा-4
19. व्यंग,परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात,बड़ी थाली-2
23. हलवा,एक मिष्ठान्न-2


### शब्द पहेली -8224 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

22 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.18 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कुंभ | 10.05 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मीन | 11.37 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 13.08 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृष | 14.48 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 16.46 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 19.00 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.16 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.28 बजे से |
| | | तुला | 01.38 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.53 ब.से |
| | | धनु | 06.09 बजे से |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

रविवार 2024 वर्ष का 357 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु हेमन्त।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) पक्ष कृष्ण
तिथि सप्तमी 14.32 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी अहोरात्र।
योग आयुष्मान 19.00 बजे को समाप्त।
करण बव 14.32 बजे तदनन्तर बालव 03.48 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 20.7 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 23° 26'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872201
जूलियन दिन 2460666.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना जमादि उस्सानी तारीख 19
विशेष कालाष्टमी, राष्ट्रीय गणित दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभाव श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सच्चा साधु

किसी गांव के पास एक कुटिया में हरिदास नामक साधु रहते थे। उनके पास कुछ जमीन थी, जिस पर वह खेती करते थे। उससे भी जब कभी खाने लायक नहीं मिल पाता तो वह गांव में मजदूरी भी कर लेते थे। उनके यहां साधु-संतों का आना-जाना लगा रहता था। एक बार जबर्दस्त बारिश हो रही थी। तभी बाहर से आवाज आई, 'साधु महाराज! क्या सो गए?' हरिदास ने द्वार पर आकर देखा कि कुछ साधु बाहर खड़े हैं। हरिदास उन्हें आदरपूर्वक अंदर ले गए, फिर बोले, 'प्रिय अतिथियों, आज मेरे पास भोजन की व्यवस्था नहीं है। खेत में जो कुछ पैदावार हुई वह खत्म हो गई। बरसात की वजह से कहीं मजदूरी भी नहीं मिली।' अतिथि साधुओं ने आश्चर्य से पूछा, 'महाराज, क्या गांव से कुछ खाने-पीने को नहीं मिलता?' हरिदास ने हंसते हुए कहा, 'मिलता तो बहुत है, लेकिन मैं नहीं लेता।' उन साधुओं ने इसका कारण पूछा तो हरिदास ने कहा, 'किसान काफी मेहनत करके फसल उगाते हैं, मैं उनकी मेहनत की कमाई मुफ्त में कैसे ले सकता हूं?' इस पर अतिथि साधु बोले, 'पर आप तो साधु हैं फिर आप दान-दान दक्षिणा क्यों नहीं लेते। आपको मेहनत करने की क्या जरूरत है?' हरिदास ने कहा, 'मुझे तो लगता है कि एक साधु को अपनी मेहनत से जीवनयापन करना चाहिए। हम दूसरों की मेहनत की कमाई भला क्यों खाएं। हमें अपने आचरण से दूसरों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। मेहनत से भागकर ईश्वरोपासना का कोई अर्थ नहीं है। श्रम में ही साधुता है।' अतिथि साधु निरुत्तर हो गए।

## सूडोकु नवताल- 7010

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7009 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक्सपायर डेट वाली चीजों का डेटा ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली से पेश करें- एफएसएसएआई

नई दिल्ली । भारतीय खाद्य मानक और प्रमाणन प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है, जिसमें लाइसेंस प्राप्त खाद्य निर्माता और आयातकों को स्पष्ट किया गया है कि वे रिजेक्टेड और एक्सपायर खाद्य आइटम्स का तिमाही डेटा (ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली) के माध्यम से पेश करें। इसका मकसद है कि ऐसे उत्पादों के पुनः उपयोग को रोका जा सके। इस निर्देश के तहत, तीन अहम क्षेत्रों का विशेष महत्व है: पहला, आंतरिक गुणवत्ता परीक्षण या निरीक्षण में फेल होने वाले उत्पादों की मात्रा; दूसरा, फूड सप्लाई चेन से रिजेक्टेड उत्पादों की संख्या; और तीसरा, प्रोडक्ट डिस्पोजल की डिटेल रिपोर्ट। यह निर्देश हाल ही में जारी किया गया और इसका पालन करने के लिए रिपैकर्स और रीलेवलर्स को जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। एफओएससीओएस की रिपोर्टिंग फंक्शन अभी भी विकसित हो रहा है, और नियामक ने खाद्य उद्यमों से जरूरी डेटा इकट्ठा करने का आग्रह किया है। हाल ही में एफएसएसएआई ने एक अलग आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि ऑनलाइन काम करने वाले सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर्स (एफबीओ) को चाहिए कि उन्हें केवल उन खाद्य आइटम्स की डिलीवरी करें, जिनकी एक्सपायरी डेट कम से कम 45 दिन बाकी हो।

## सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी गिरावट रही

मुंबई। घरेलू इक्विटी बाजारों में लगातार चार सप्ताह की तेजी के बाद पहली बार साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई है। फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती की संभावना जताने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। दोनों सूचकांक पिछले 5 कारोबारी सत्र में नुकसान में रहे, जो निफ्टी का 18 नवंबर, 2024 के बाद और सेंसेक्स का 26 अक्टूबर, 2023 के बाद गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला रहा। इस हफ्ते सेंसेक्स 5 फीसदी और निफ्टी 4.7 फीसदी नुकसान में रहे, जो 17 जून, 2022 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। बीते सप्ताह पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 215.59 अंक की गिरावट के साथ 81,917.53 अंक पर खुला और 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 49.45 अंक फिसलकर 24,718.85 अंक पर खुला और 100.05 अंक की गिरावट के साथ 24,668.25 अंक पर आ गया। अमेरिकी





फेड के ब्याज दर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 617.83 अंक गिरकर 81,130.74 अंक पर खुला और 1,064.12 अंक टूटकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 199.75 अंक गिरकर 24,468.50 अंक पर खुला और 332.25 अंक गिरकर 24,336 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 428.09 अंक गिरकर 80,268.36 पर खुला और 502.25 अंक टूटकर 80,182.20 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 104.35 अंकों की गिरावट के साथ 24,231.65 के स्तर पर खुला और 137.16 अंक फिसलकर 24,198.85 पर बंद हुआ। अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती के अमेरिकी फेड के अनुमान और लगातार चौथे दिन बिकवाली हावी रहने की वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को खुलते ही धड़ाम हो गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,162.12 अंक की गिरावट के साथ 79,020.08 अंक पर खुला और 964.15 अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 328.55 अंक फिसलकर 23,870.30 अंक पर खुला और 247.15 अंक टूटकर 23,951.70 पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 214.08 अंक फिसलकर 79,003.97 अंक पर खुला और 1,176.46 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 63.8 अंक की गिरावट के साथ 23,887.90 अंक पर खुला और निफ्टी 364.21 अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ।

## सारी दुनिया के देशों के शेयर बाजार में हाहाकार

नई दिल्ली। अमेरिकी फैड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती करने का अनुमान जताया है। उसके बाद से दुनिया भर के शेयर मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। विदेशी निवेशकों ने विशेष रूप से भारत के शेयर बाजार से भारी मात्रा में बिकवाली शुरू कर दी है। लगातार पांचवें दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। साप्ताहिक अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को 1100 अंकों की गिरावट के साथ बाजार बंद हुआ। लगातार 5 दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। निवेशकों को लगभग 12 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिकी फैड रिजर्व के सख्त रुख के कारण भारतीय बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। जिसके कारण बीएसई और निफ्टी में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार में बैंकिंग और रियल स्टेट के निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार बैंकिंग और आईटी जैसे शेयर में मुनाफा वसूली का दौर देखने को मिल रहा है। बैंकिंग और आईटी के शेयर में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार अगले सप्ताह भी गिरावट देखने को मिल सकती है।आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है वैश्विक आर्थिक मंदी को देखते हुए अनिश्चितता का वातावरण बना रहेगा 20 जनवरी को अमेरिका में जब राष्ट्रपति पद की डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे। उसका असर भी अर्थव्यवस्था में पड़ना तय माना जा रहा है।

# पाथरगांव में पंचायत भवन निर्माण के लिये स्थान परिवर्तन किए जाने पर जताया आक्रोश



लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाथरगांव के ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश व्याप्त हो गया है कि ग्राम के सरपंच के द्वारा पंचायत भवन के निर्माण के लिये स्थान परिवर्तन किया जा रहा है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों से जिस स्थान पर पंचायत भवन है उसी स्थान पर नवीन पंचायत भवन का निर्माण होना चाहिये। ग्रामीणों ने उक्त विषय को लेकर 21 दिसंबर को जनपद सदस्य युवराज पटले, पूर्व सरपंच, पंच आदि के नेतृत्व में एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपा गया है, इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण जन उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा हाल ही में जनपद पंचायत लांजी के अन्तर्गत 1 दर्जन से अधिक नवीन पंचायत भवन स्वीकृत किये गये है। जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाथरगांव में भी पंचायत भवन लगभग 37.49 लाख रूपये का स्वीकृत किया गया है। जिसको लेकर प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इसी विषय पर ग्राम पंचायत पाथरगांव के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों के द्वारा आपत्ति जताते हुये लांजी एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया है कि पंचायत स्थल का निरीक्षण किया जाये तथा पूर्व मे जिस स्थान पर पंचायत भवन निर्मित है उसी स्थान पर नवीन पंचायत भवन का निर्माण होना चाहिये। चूंकि सरपंच के द्वारा बाजार चौक भूमि पर पंचायत भवन स्थानान्तरित किया जा रहा है जो कि नियम विरूद्ध है। अत: जहां आदम जमाने से पंचायत भवन निर्मित है उसी स्थान पर नवीन भवन का भी निर्माण होना चाहिये।

## इनका कहना है

जनपद सदस्य युवराज पटले ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा ग्राम पंचायत पाथरगांव में नवीन पंचायत भवन स्वीकृत हुआ है हम सभी ग्रामवासी यह चाहते है कि जहां पूराना ग्राम पंचायत भवन है नये भवन का निर्माण भी वही हो, लेकिन हमारे सरपंच के द्वारा पंचायत भवन उक्त स्थान से हटाकर दुसरे टोले मे ले जाया जा रहा है और वह भी ऐसे स्थान पर ले जाया जा रहा है जहां आदम जमाने से बाजार की भूमि है वहां साप्ताहिक बाजार भरता है हमारा मानना ऐसा है कि बाजार की भूमि को खराब ना करते हुये जहां पर पूर्व से पंचायत भवन है वही बने। वर्तमान मे जिस स्थान पर पंचायत भवन है यहां जब से पंचायती काल पाथरगांव मे लागू हुआ है तब से यहां पंचायत भवन है तो यही भवन का निर्माण किया जाना चाहिये।

**ग्राम पंचायत पाथरगांव के पूर्व सरपंच एवं ग्रामीण जनो का कहना है कि ग्राम पंचायत पाथरगांव के सरपंच के द्वारा पंचायत भवन के भूमि का चयन बहुत गलत तरीके से पक्षपात पूर्ण किया गया है। गांव की जनता का यह निर्णय रहा है कि हायरसेकेण्डरी भवन के पास ही नवीन पंचायत भवन का निर्माण होना चाहिये लेकिन सरपंच के द्वारा दुसरे टोले में पंचायत भवन ले जाया जा रहा है जो कि पक्षपात पूर्ण है। जिस स्थान पर पंचायत भवन ले जाया जा रहा है वह टोला दो भागो में बटा हुआ है कलपाथरी मे आधा है और पाथरगांव में आधा है। इन सभी विषयो को ध्यान में रखा जाये और पंचायत भवन वहीं बने जहां पूर्व में भवन निर्मित है। दुसरे टोले में पंचायत भवन के निर्माण होने से ग्रामीणो को परेशानी होगी। ऐसे मे यह देखना चाहिये कि किस ओर अधिक आबादी है यह ध्यान मे रखते हुये भी शासन प्रशासन उक्त पंचायत भवन का निर्माण कार्य करे।**

# नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति ने मनाया विश्व ध्यान दिवस





लांजी (पद्मेश न्यूज)। जन अभियान परिषद विकासखण्ड-लांजी सेक्टर 5 नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के द्वारा 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान एवं योगाभ्यास किया गया। जन अभियान परिषद म.प्र.जिला बालाघाट के जिला समंवयक सुशील बर्मन व ब्लाक समंवयक सुश्री रूचिका बैस के मार्गदर्शन में विकासखण्ड-लांजी सेक्टर 5 नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के सचिव रमेश आसटकर एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्रीमति ज्योति शकरपुडे के द्वारा सेक्टर-5 के चार स्थानों पर विश्व ध्यान दिवस का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रमेश आसटकर ने कहा कि आज पूरे विश्व में पहली बार विश्व ध्यान दिवस या वर्ल्ड मेडिटेशन डे मनाया जा रहा है। इसको लेकर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में स्थायी भारतीय मिशन ने प्रथम विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह भारत के लिये गौरव की बात है। सर्व प्रथम सुबह 7 बजे सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में किया ध्यान किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक टी.सी. बिहोने, दिनेश रामटेकर, संतोष मोरघडे, नंदकिशोर रामटेकर, महेंद्र रहाँगडाले, रमेश वाकले, मुकेश सोनवाने, डॉ. प्रवीण बैस, राजेश मातरे, विनोद वैष्णव, अमित हेजीब, नरेश आसटकर, सुनिल(सोनु) रामटेकर, राजू कुशले, कमल मसराम व भानु योग प्रशिक्षक सम्मिलित रहे। इसी क्रम में द्वितीय स्थान ग्राम बोलेगांव सीएम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में बी आर गुर्दे प्राचार्य व शाला परिवार के साथ ध्यान किया गया। तृतीय स्थान ग्राम पंचायत घोटीघुसमारा में सचिव धर्मेंद्र घोंगडे व रोजगार सहायक नरेश अगासे की उपस्थिति व ग्राम के नागरिको के साथ ध्यान कराया गया। चतुर्थ स्थान ग्राम टेमनी शासकिय हायर सेकेण्डरी स्कूल में नागेश्वर मेहरकर प्रभारी प्राचार्य व शाला परिवार के साथ ध्यान किया गया। जिसमें ध्यान किस तरह से करें विधिवत क्रम से बताया व कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में एम.एस.डब्ल्यू. फाईनल छात्रा कु. शारदा बापुरे, बी.एस.डब्ल्यू. तृतीय वर्ष छात्र भोजराम गुडेवार, प्रकाश बेदरे, लोकेश नखाते, छात्रा कु. पुष्पा बुढावने, बी.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष छात्रा कंचन बैसकरे, व पूनम पाण्डे की सहभागिता रही।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव मे लांजी का रहा सराहनीय प्रदर्शन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशानुसार पांच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र खेल और युवा कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 20 दिसंबर 2024 को जिला मुख्यालय स्थित मुलना स्टेडियम खेल परिसर बालाघाट के सभागृह में आयोजित किया गया। इस युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक/युवतियों ने भाग लिया। युवा उत्सव में विज्ञान मेला(एकल) व (समूह), सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन भाषण, पेंटिंग, कहानी लेखन एवं मोबाइल फोटोग्राफी ऐसी कुल 6 विधाओं में लाँजी के युवक/युवतियों ने भाग लिया। जिसमे सामूहिक लोक नृत्य में सी. एम. राइज बोलेगाँव ने द्वितीय स्थान एवं मोबाईल फोटोग्राफी में शहीद भगत स्पोर्ट्स अकेडमी के विनोद चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार की राशि प्रदान की गयी। विजेताओं को सी. एम. राइज विद्यालय के प्राचार्य बी आर गुरदे एवं शिक्षकगण शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी के संचालक एवं ब्लॉक युवा समन्वयक प्रज्ञात वासनिक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग), वरुण बड़मे, सानू पांडे, राकेश मर्सकोले, नवीन रामटेक्कर एवं सभी खिलाड़ियों ने उज्वल भविष्य की कामनाये व शुभकामनायें दी।

# शिक्षक लालचंद मानकर को सेवा निवृत्ति पर दी भावभीनी बिदाई



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सहेकीटोला में पदस्थ लालचंद मानकर के द्वारा 60 वर्ष की आयु में स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर सेवानिवृत्त हुये। जिसके चलतें 20 दिसंबर को संकुल एवं शाला परिवार द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित किया जाकर लालचंद मानकर जी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष आर एस घोरमारे संकुल प्राचार्य मनेरी के आतिथ्य में विदाई समारोह प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा शिक्षक श्री मानकर जी के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो का बखान करते हुये कहा कि हमेशा से ही मिलनसार स्वभाव के साथ बच्चो को प्यार करने वाले शिक्षक रहे है। आपने शिक्षा विभाग को 29 वर्ष 10 माह की सेवा प्रदान की है। सेवाकाल के दौरान आपका शैक्षणिक कार्य अत्यंत सराहनीय रहा है। सभी को आपने उचित मार्गदर्शन दिया है तथा हम आगे भी अपेक्षा रखते है कि आपका उचित मार्गदर्शन हमे प्राप्त होता रहे। उपस्थित अतिथि गण, शिक्षक शिक्षिकाओ एवं छात्र छात्राओ के द्वारा आपका शॉल श्रीफल तथा अन्य भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विमला मनीराम घोरमारे सरपंच सहेकी, दामोदार बल्लारखेड़े उपसरपंच, नसीम खान, श्रीराम किरनापुरे, मच्छलेश शेण्डे, डीसी घोरमारे, सी आर धारणे, विमला नारनीरे, के सी गुरदे, के कावड़े, के एल बिसेन, एन आर दहीकर, आर एस सोनवाने, विजय दशरिया, ध्रुव गजभिये, आर के मुरकुटे, सीजी घोरमारे, जेडी हनौते, बीआर लिल्हारे, रविन्द्र धामने, बीके हुमनेकर, जेडी ढोक, आरएल कटरे, टीसी पांचे, नितीन रणदिवे, एसके किरेकार, सीएस बनौठे, दुर्गा प्रसाद नंदनवार, शान्तुन उपराड़े, गगन सिंह बैस, उमेश लिल्हारे, आर के ढोक, जेएल धारणे, गणेश यादव, एमआर घोरमारे, गिरधारी धुवारे, उषा उपराड़े, पीएस सोनवाने, कुंवर माहुले, डिलेश्वर लिल्हारे, जीएस आसटकर तथा संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं, छात्र छात्राऐं ने शुभकानाऐं प्रेषित की है। कार्यक्रम में आभार व्यक्त डेविड मेश्राम एवं मंच संचालन एम के नगपुरे द्वारा किया गया।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् ने विश्व ध्यान दिवस पर कराया योग एवं ध्यान का अभ्यास



लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड लांजी एवं भारतीय योग संघ मध्यप्रदेश तथा हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वधान में 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस एकात्म अभियान पर लांजी विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 01 नवांकुर संस्था स्पोर्ट एण्ड स्काउटस् गाइडस् आर्गेनाइजेशन द्वारा वनाचंल ग्राम बेलगांव हाईस्कूल प्रांगण में एवं सेक्टर क्रमांक 02 लांजी नगर के साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में मोस्ट म.प्र. संस्था के द्वारा योग एवं ध्यान अभ्यास किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं श्रीमति रूचिका बैश के दिशानिर्देश में आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान परिवेश को देखते हुये तनावपूर्ण परिस्थितियां, नकारात्मक तत्व, आक्रामक व्यवहार, क्रोध चिड़चिड़ापन अनिंद्रा रोग तनाव अवसाद अन्य मानसिक अस्वास्थता से निदान पाने के लिए योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित छात्र छात्रा एवं जनसमुदाय को बताया गया कि ध्यान से शारिरीक मानसिक भावनात्मक एवं अध्यात्मिक स्वस्थता आती हैं तथा व्यक्तिगत कौशल का विकास होता हैं। योग एवं ध्यानाभ्यास के पश्चात मोस्ट संस्था के सचिव एवं साकेत पब्लिक स्कूल के संचालक संतोष मोरघड़े के द्वारा बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा ध्यान और इसके लाभों के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया जिसके तारतम्य में योग एवं ध्यानाभ्यास कराया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षक के तौर पर भानूप्रताप खांडे, पुरूषोत्तम कलपुरिया एवं जनअभियान परिषद् के परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेक्कर एवं विद्यालय के छात्र छात्रा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में हुआ रोजगार मेले का आयोजन




लांजी (पद्मेश न्यूज)। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट लांजी के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन 21 दिसंबर को संस्थान में कराया गया। जिसमें 70 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। संस्था के संचालक सचिन चावड़ा ने बताया कि रोजगार मेले में रंजनगांव, पुणे महाराष्ट्र से फिएट टाटा मोटर कंपनी में पीजीडीसीए और डीसीए, स्नातक, बारहवीं पास, आईटीआई के युवाओं की आवश्यकता है। जिसके लिए दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट लांजी में रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें क्यूऐस क्रॉप कंपनी के प्रतिनिधि नीरज ठाकुर ने लगभग 150 अभ्यर्थियों से आवेदन लेकर उनका साक्षात्कार लिया है। जिसमें लगभग 70 आवेदकों का चयन किया गया। महाराष्ट्र के पुणे जैसे बड़े शहर में आटोमोबाइल के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा मोटर के फिएट प्राइवेट कंपनी के प्लांट में कार्य करने हेतु लांजी के अलग-अलग गांवों के शिक्षित बेरोजगारों को दृष्टि कंप्यूटर के द्वारा प्रथम बार चयनित युवाओं को पुणे ले जाया जा रहा है, जिससे बेरोजगार युवाओं में हर्ष है। सचिन चावड़ा ने आगे बताया कि और भी कंपनियां उनकी संस्था के संपर्क में है आगे और भी क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मेला आयोजित करवाकर रोजगार दिया जायेगा।

# अनिल दहीकर का निधन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के खरगाल मोहल्ला वार्ड क्रमांक 4 निवासी एवं सेवा सहकारी समिति लांजी में सहायक लिपिक के पद पर कार्यरत अनिल लखाराम दहीकर का 56 वर्ष की आयु में 21 दिसम्बर को दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कोटेश्वर मोक्षधाम लांजी में किया जाएगा। आप अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनके निधन पर समाज के पदाधिकारियों, परिजनों, नाते रिश्तेदारों इष्ट मित्रों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# न बीना जिला बना, न राजघाट बांध की ऊंचाई बढ़ी

## माननीयों में वर्चस्व की जंग... सालभर में सागर में नहीं आई कोई बड़ी उपलब्धि

भोपाल। सागर जिले में 8 विधायक हैं। इनमें से एक मंत्री व दो पूर्व मंत्री सहित तीन वरिष्ठ विधायक व दो पहली बार बने विधायक हैं। 7 भाजपा से व 1 कांग्रेस से हैं। जो कांग्रेस से हैं वे भाजपा की राह पर हैं, यानी सभी उसी दल से हैं जिसके मुख्यमंत्री हैं। बावजूद इसके सालभर में जिले में कोई बड़ी उपलब्धि नहीं आई है। लंबे समय से चल रही बीना, खुरई को जिला बनाने की मांग पूरी नहीं हुई है। स्किल डेवलपमेंट सेंटर भी शुरू नहीं हुआ है।

बीना विधानसभा से एकमात्र कांग्रेस से चुनकर भाजपा में आईं विधायक निर्मला सप्रे जिला बनवाने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन अब तक यह घोषणा पूरी नहीं हुई है। विधायक सप्रे ने अपने स्तर पर हर तरह से प्रयास किए, घोषणा भी होने वाली थी लेकिन अटक गई। सीएम भी क्षेत्र के दौरे पर आए, उनसे क्षेत्र की जनता बड़ी उम्मीद भी कर रही थी, लेकिन विधायक कोई बड़ी घोषणा क्षेत्र के लिए नहीं करा पाई हैं। वहीं खुरई विधानसभा से विधायक व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह से क्षेत्र की जनता को बड़ी उम्मीदें हैं। बीती सरकार में सिंह सीएम के बाद प्रमुख मंत्री थे, इसलिए जनता को बड़ी आशाएं होना स्वाभाविक है, लेकिन अब तक इन आशाओं व उम्मीदों के लिए ज्यादा कुछ नहीं हुआ है। रोजगार देने वाले उद्योग धंधे आदि नहीं आए हैं। हालांकि अब तक पूर्व मंत्री सिंह ने ऐसी कोई मांग भी सीएम के सामने नहीं रखी है। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस से भाजपा में आए और विधायक बने बृजबिहारी पटैरिया के क्षेत्र देवरी में तो स्वास्थ्य व्यवस्थाएं तक चरमराई हुई हैं। देवरी में एक बड़े स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल की तरह सेवाओं की जरूरत है लेकिन फिलहाल यहां ऐसा नहीं हो पा रहा है। रात में गर्भवती महिलाओं को तक सागर जिला अस्पताल तक आना पड़ता है। गांवों की स्थिति तो और खराब है।

### उद्योगों की बात ही होती रही, जमीन पर नहीं आए

उद्योग क्षेत्र नरयावली विधानसभा क्षेत्र में आता है, यहां उद्योग लगवाने का



दावा विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया करते रहे हैं। जनता को नए उद्योग लगवाने का भरोसा भी देते रहे ताकि बेरोजगारी जैसी समस्याओं को दूर किया जा सके, इस पर सालभर बात भी खूब हुई। उद्योगों के कॉन्क्लेव भी हुए। निवेश के आंकड़े भी दिए, हालांकि यह अब तक जमीन पर नहीं आए हैं। बंडा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने वीरेंद्र सिंह लोधी ने प्राचार्य की अनियमितताओं की जांच व कार्रवाई के लिए लिखा है। अब तक यह मामला अंजाम तक नहीं पहुंचा है। बंडा नगर पालिका में भी बड़ी हेराफेरी की गई थी, इस मामले को विधायक ने विधानसभा में भी उठाया था। बावजूद इसके बीते एक साल में ज्यादा कुछ हुआ नहीं है। पहले से शुरू काम ही चल रहे हैं।

### स्वीकृत रूटीन काम ही हो रहे

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के क्षेत्र में भी रूटीन काम हो रहे हैं या पिछली विधानसभा के दौरान स्वीकृत हुए कामों को कराया जा रहा है। बीती सरकार में प्रमुख मंत्री होने के नाते जनता बड़ी आशाएं लेकर चल रही है। अब तक कोई नया काम क्षेत्र में नहीं आया। वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री होने के नाते बड़े उद्योग की उम्मीद थी, वादे भी हुए, लेकिन अब तक यह उम्मीद पूरी नहीं हुई।

### सुरखी क्षेत्र में भी कोई बड़ी उपलब्धि नहीं

जिले की 8 विधानसभा में एक सुरखी विधायक प्रदेश शासन में मंत्री हैं। सरकार में अहम भूमिका में हैं बावजूद इसके बीते एक साल में मंत्री का क्षेत्र होने के बाद एक बड़ी उपलब्धि नजर नहीं आती है। रूटीन काम सभी बेहतर हो रहे हैं, अफसर कर्मचारी काम कर रहे हैं। रीजनल कॉन्क्लेव में डाटा सेंटर के नाम पर बड़ा निवेश होने की उम्मीद भी बंधी है लेकिन वह भी विवादित है।

### सागर में सुपर स्पेशियलिटी सेंटर की जरूरत

सागर शहर में मेडिकल कॉलेज है। यहां लंबे समय से सुपर स्पेशियलिटी सेंटर शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। जनप्रतिनिधि इसके लिए आश्वासन भी देते रहे लेकिन अब तक यह शुरू नहीं हो पाया है। सागर विधायक शैलेंद्र जैन भी इसके लिए प्रयासरत हैं। कैंसर के इलाज के लिए भी यूनिट शुरू होना है। विधायक जैन राजघाट बांध की ऊंचाई बढ़वाने के लिए प्रयासरत रहे हैं।

# परीक्षा नहीं पहली और दूसरी के छात्रों का होगा मौखिक मूल्यांकन

## - तीसरी-चौथी की परीक्षाएं 6 मार्च से, 6वीं-7वीं कक्षा की परीक्षा 6 से 12 मार्च तक

भोपाल । प्रदेश के सरकारी स्कूलों की तीसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा छह मार्च से आयोजित की जाएंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने इसकी समय-सारिणी घोषित कर दिया है। तीसरी व चौथी कक्षा की परीक्षाएं छह से 11 मार्च तक और छठी व सातवीं की परीक्षाएं छह से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस समय सारिणी के अनुसार परीक्षाओं की समय अवधि ढाई घंटे की रहेगी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगी। छह से 12 मार्च के बीच स्थानीय अवकाश होने पर भी ये परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

सभी सरकारी स्कूलों में पहली व दूसरी कक्षा में परीक्षा नहीं ली जाएगी। इनका आकलन अभ्यास पुस्तिका के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही गतिविधि आधारित व मौखिक मूल्यांकन होगा। इसमें हिंदी, अंग्रेजी व गणित विषय में सीखने की क्षमता के स्तर का परीक्षण होगा।

तीन भाषाएं जरूरी, सावधानी रखने को कहा

प्राचार्यों से कहा गया है कि परीक्षा का आवेदन पत्र भरते समय भाषा चयन को लेकर विद्यार्थियों से चर्चा कर लें। तीसरी व चौथी कक्षा में अतिरिक्त भाषा वैकल्पिक है। प्रथम भाषा के रूप में हिंदी, उर्दू या मराठी का चयन करने पर द्वितीय भाषा अंग्रेजी लेनी होगी। वहीं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी का चयन करना अनिवार्य होगा। वहीं छठी व सातवीं कक्षा में अगर कोई विद्यार्थी प्रथम भाषा के रूप में उर्दू या मराठी का चयन करता है तो उसे द्वितीय भाषा के तौर पर अंग्रेजी और तृतीय भाषा के रूप में हिंदी का चयन करना अनिवार्य होगा। वहीं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा हिंदी और तृतीय भाषा के रूप में संस्कृत, उर्दू या मराठी भाषा का चयन करना अनिवार्य होगा।

# कांग्रेस के प्रदर्शन में बाबा साहब की तस्वीर से छेड़छाड़

## – जेपी नड्डा, आईटी सेल प्रभारी मालवीय पर केस दर्ज करने की मांग

भोपाल। बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर से छेड़छाड़ मामले में कांग्रेस ने शनिवार को राजधानी के टीटी नगर थाने में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ शिकायत की। कांग्रेस पार्टी ने दोनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता कमलेश्वर पटेल के साथ टीटी नगर थाने पहुंचे



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर से छेड़छाड़ की है। पटेल ने कहा कि जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह के अंबेडकर को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस विरोध-प्रदर्शन कर रही थी। तब भाजपा ने तस्वीर से छेड़छाड़ कर किसी अवांछित व्यक्ति की तस्वीर दिखाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

कांग्रेस का आरोप है कि पिछले दिनों अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में विपक्षी दल के प्रदर्शन से संबंधित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तस्वीरों को हटाकर भारतीय जनता पार्टी ने उनकी जगह अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के चित्र का इस्तेमाल किया जो संविधान निर्माता का अपमान और उपहास करने वाली बात है। विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को संसद परिसर में बाबा साहब की तस्वीर वाले पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया था।

# 5 गुना अधिक कमाई के बाद भी ले लिया घाटे के नाम का अनुदान

भोपाल। प्रदेश में संचालित टोल नाके ठेकेदारों के लिए भारी कमाई का जरिया बने हुए हैं। हालत यह है कि आम वाहन चालक परेशान हैं और ठेकेदार कमाई करने में जुटे हुए हैं। इन मामलों में सरकार , अफसर और ठेकेदारों का गठजोड़ ऐसा है कि नियमों को भी धता बता दिया जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया है भोपाल - देवास टोल का। इस टोल पर पर 494 फीसदी वसूली होने के बाद भी वायबिलिटी गेप फंड के नाम पर ठेकेदार को 81 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। यह वो फंड होता है, जिसका भुगतान योजना के तहत किसी परियोजना को वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य बनाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है।

भोपाल भोपाल-देवास टोल रोड पर अक्टूबर 2024 तक लागत का 494.96 प्रतिशत टोल वसूला जा चुका है। फिर भी निवेशक ने आय कम होने के नाम पर अनुदान के रूप में सरकार से 81 करोड़ का वायबिलिटी गेप फंड ले लिया और प्रीमियम से छूट भी दी गई, जबकि निवेशक ने शासन को मात्र 25 रुपए कंसेशन फीस प्रतिवर्ष एक रुपए के मान से 25 वर्ष के लिए जमा किए थे। इसी तरह जावरा - नयागांव टोल रोड पर 31 दिसंबर 2023 तक प्रीमियम के 333.27 करोड़ तथा लेबड जावरा रोड पर 31 मई 2024 तक प्रीमियम के 276.11 करोड़ रुपए शासन को मिला है। यह जानकारी लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विधायक प्रताप ग्रेवाल के सवाल के उत्तर में दी। राकेश सिंह ने बताया कि भोपाल देवास टोल रोड की अवधि बढ़ाकर 21 मई 2033 कर दी गई है तथा इसमें चेंज ऑफ स्कोप के 195 दिन नहीं जोड़े गए हैं। यदि यह जोड़ दिए जाएंगे तो दिए गए दस्तावेजों के अनुसार कंपनी की टोल अवधि दिसंबर 2033 हो जाएगी। लेकिन अवधि क्यों बढ़ाई गई है, चेंज आफ स्कोप के दिन क्यों जोड़े जाएंगे, इस बारे में कोई जवाब नहीं दे सके। मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2024 तक भोपाल- देवास टोल रोड पर 1710.77 करोड़ जो लागत का 494.96 प्रतिशत है, लेबड-जावरा टोल रोड पर 2004.64 करोड़ जो लागत का 340.17 प्रतिशत है तथा जावरा-नयागांव पर 2271.14 करोड़ जो लागत का 533.49 प्रतिशत है पर टोल- वसूला जा चुका है। जावरा-नयागांव टोल पर 26 अक्टूबर 2033, लेबड-जावरा टोल पर 27 अप्रैल 2038 तक टोल वसूला जाएगा। जबकि तीनों टोल नाकों पर हर साल 20 से 25 प्रतिशत वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद जावरा-लेबड टोल अवधि 5 साल और बढ़ा दी गई है। इस पर ग्रेवाल ने कहा कि मंत्री ने दोनों ही उत्तरों में विरोधाभास है और सरकार तथ्यों को छुपाकर निवेशक के हित साधने में लगी हुई है।

### किस टोल पर हुई कितनी दुर्घटनाएं

- भोपाल-देवास टोल मार्ग पर 11 ब्लैक स्पॉट पर 257 दुर्घटनाएं हुई तथा 190 लोगों की मृत्यु हुई।
- जावरा-नयागांव टोल के 11 ब्लैक स्पॉट पर 265 दुर्घटना हुई 145 की मृत्यु हुई।
- लेबड-जावरा टोल मार्ग पर 132 दुर्घटनाओं में 76 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष चुनाव के 'निष्पक्षता' पर उठे सवाल

## – अलग-अलग जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे भाजपा दफ्तर, लगाए गंभीर आरोप

भोपाल। मध्य प्रदेश में भाजपा के मंडल अध्यक्ष चुनाव के 'निष्पक्षता' पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से भाजपा कार्यकर्ता आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। पार्टी में बढ़ती नाराजगी को देख प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने चुनाव प्रभारियों की बैठक बुलाई। जिन जिलों से ज्यादा शिकायतें मिली हैं, उन जिलों के चुनाव प्रभारियों के साथ भाजपा में बैठक चल रही है।



कार्यकर्ताओं का कहना है कि मंडल अध्यक्ष के चुनाव में कई नियमों को दरकिनार किया गया है। इसके साथ ही दूसरे राजनीतिक दलों से आए लोगों को भी मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसलिए वह संगठन के मुखिया से आपत्ति दर्ज करने पहुंचे हैं। उम्मीद है कि उनकी आपत्तियों को संगठन संजीदगी से लेगा और अध्यक्ष बदले जाएंगे। वहीं इस मामले में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कहना है कि संगठन चुनाव के तहत आपत्तियों का भी एक दिन निर्धारित किया जाता है। आज जो भी आपत्तियां आ रही है, उनका मूल्यांकन किया जाएगा। यदि उन्हें सत्यता पाई गई तो ऐसे मंडल अध्यक्षों को बदलने का काम भी संगठन करेगा।

वहीं आपत्तियों को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता अवनीश बुंदेला का कहना है कि भाजपा में अब दूसरे दल से आए राजनीतिक लोगों के चलते इस तरह की स्थितियां बन गई है कि मूल कार्यकर्ता अपने आप को अपेक्षित महसूस कर रहा है। यही कारण है कि यह लोग आपत्तियां दर्ज करने पहुंचे हैं, इससे समझ में आता है कि अब भाजपा के पतन का समय शुरू हो चुका है।

# ईडी-सीबीआई भाजपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं करती

भोपाल । पिछले 20 साल में भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है, भाजपा के कार्यकर्ता और दलाल कहा से कहा पहुंच गए। प्रदेश के सभी जिलों में यही स्थिति है। ईडी, सीबीआई कभी इन लोगों पर कार्रवाई नहीं करती। अगर भाजपा के लोगों पर कार्रवाई करे तो मालूम पड़ेगा।

यह बात पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने शनिवार को कही। दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर अमर्यादित बात कही है। हम उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री का उनको पूरा सपोर्ट है। उन्हें माफी मांगना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि सदन में खुद भाजपा के नेता धक्का मुक्की कर रहे है, और आरोप हम पर लगा रहे हैं। दरअसल, वह खुद सदन की कार्रवाई को टालना चाहते हैं। जब हम अडानी और भ्रष्टाचार की बात करते है, तो भाजपा के सांसद ही हंगामा करते हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारा किसान मेहनत कर रहा है।

# यह भाजपा नहीं माफिया की है सरकार

भोपाल। मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस ने जमकर सियासी निशाना बोला है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेसवार्ता में कहा कि ये सरकार भाजपा की नहीं माफियाओं की सरकार है, यही सच्चाई है। पर्ची की सरकार है। शिवराज जी का झूठी सच्ची योजनाओं के दम पर चुनाव था। डॉ मोहन यादव सीएम बने, अब पर्ची महंगी हो गई है। कर्ज के नाम पर सरकार राजनीतिक अय्याशी की जा रही है, इससे नीचे का कोई शब्द नहीं है। कर्ज से भी पेट नहीं भरा तो संपत्तियां बेचते हैं।10 हजार करोड़ की संपति बेच दी। धांधली का सोना मंत्रियों का है जो गाड़ियों में लावारिस मिलता है। हाल ही में भोपाल में 52 किलो और 11 करोड़ कैश मिला। कहा- प्रदेश में फिर कहूंगा पर्ची बहुत महंगी है, सोने के थाली में सरकार खा रही खाना और किसान डंडे खा रहे है। यहां सिपाही ही करोड़पति है।

जीत पटवारी ने कहा कि एनसीईआरबी के आंकड़े कहते हैं जमीन के सबसे ज्यादा घपले मप्र में हैं। धांधली के मामले में टॉप फाइव में मध्यप्रदेश हैं। मध्य प्रदेश करप्शन का समुद्र बन गया, सारी नदियां यहीं मिलती हैं। आयकर विभाग की लगातार रेड हो रही है। भोपाल, इंदौर में छपे मारे। आरटीओ का छपा मामला में सबसे छोटी मछली सामने आई है। मुझे आरटीओ के अधिकारी ने बताया कि 35 करोड़ महीना की उगाही हो रही है। बीते 15 साल में 15 हजार करोड़ की धांधली हुई। चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों को 06 - 06 करोड़ दिए गए। हैलीकॉप्टर से पैसा पहुंचाया गया।

भाजपा में चोरी के माल का झगड़ा चल रहा है। विधानसभा में पूछते हैं हम तो बताते नहीं, चलते नहीं। देखा जाए तो 03 दिन चली और सरकार ने अपने कागजी काम किए, बिल पास कराए और सत्र खत्म हो गया। टेंडर में 50 प्रतिशत का खेल हो रहा है। अब पार्टी की बात करता हूं,पार्टी ने निर्णय लिया है, हमारा दायित्व है कि हम अपना धर्म निभाएंगे। हम मांग करते हैं कि परिवहन विभाग मामले में सीबीआई या न्यायिक जांच हो। हम हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। 20 साल में इस परिवहन विभाग की जांच होनी चाहिए। अगले हफ्ते याचिका दायर करेंगे।

# सौरभ शर्मा के काले कारोबार का असली राजदार है चेतन उर्फ चंदन

## जिस कार में मिला 54 क्रिग्रा सोना और 9.83 करोड़ कैश वह इसी की

भोपाल। भोपाल में मेंडोरी गांव में जो एसयूवी गाड़ी 54 किलो सोने और 9 करोड़ 82 लाख रुपए के साथ पकड़ी गई है, वह सौरभ शर्मा के करीबी चेतन सिंह गौर उर्फ चंदन के नाम पर रजिस्टर्ड है। चेतन सिंह गौर, सौरभ शर्मा के परिवार से शुरू से जुड़ा हुआ है, जिसने ड्राइवर के रूप में काम करना शुरू किया। इसके बाद ड्राइवर से सौरभ का राजदार बन गया और काम भी संभालने लगा।

सौरभ शर्मा के नाम पर पूरे काम एक तरह से चेतन सिंह ही करने लगा था। परिवहन विभाग से लेकर कारोबार में चेतन सिंह ने जिम्मेदारी संभाल रखी थी। ग्वालियर के आरटीओ नंबर से रजिस्टर्ड, जो इनोवा क्रिस्टा एसयूवी मिली है, वह सौरभ उपयोग करता था। बता दें कि ग्वालियर के रहने वाले पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित निवास व कार्यालय पर लोकायुक्त व आयकर की संयुक्त टीम ने छापेमारी की है। इसमें लगभग तीन करोड़ नकद बरामद किए गए थे। इसके बाद रात में ही खबर मिली कि भोपाल के मेंडोरी गांव में एक इनोवा गाड़ी लावारिस खड़ी है। वहां आयकर की टीम पहुंची तो आंखे फटी रह गईं। यहां सोना व नकदी गाड़ी में भरा पड़ा मिला। यह कार चेतन सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड होने के बाद यह पक्का हो गया कि सौरभ शर्मा का करीबी चेतन ही यह कार लेकर माल को छिपाने के लिए ले जा रहा होगा।

### छह साल पहले ग्वालियर से चला गया परिवार

सौरभ शर्मा का करीबी चेतन सिंह का ग्वालियर में मकान बताया गया है, लेकिन परिवार नहीं रहता है। आसपास के लोगों के अनुसार लभगभ छह साल पहले से परिवार यहां नहीं रह रहा है। चेतन सिंह गौर के पिता



का नाम प्रताप सिंह गौर है। सौरभ ही नहीं यह पूरे परिवार का खास बन गया था। सौरभ जहां नहीं पहुंच पाता था, वहां पूरा काम चेतन सिंह ही देखता था।

### सौरभ का भाई छतीसगढ़ में अधिकारी

काली कमाई से अरबों का मालिक बनने वाले सौरभ का भाई भी है जिसका नाम गौरव शर्मा है। गौरव छत्तीसगढ़ के रायपुर में बतौर अधिकारी पदस्थ है। सौरभ की पत्नी का नाम दिव्या तिवारी है, जो कि सौरभ के कारोबार में सहयोग करती है। बताया गया है कि सौरभ व उसकी पत्नी वर्तमान में देश से बाहर दुबई में है। सौरभ को आयकर व लोकायुक्त की छापेमारी की जानकारी लग गई थी।

### मंत्री का विभाग जाते ही दे दिया था इस्तीफा

सौरभ शर्मा प्रदेश के मंत्रियों का खास भी है। प्रदेश में एक मंत्री का विभाग जाते ही सौरभ शर्मा ने परिवहन की नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। सौरभ भांप गया था कि उसके खास मंत्री के जाते ही उस पर कार्रवाई हो सकती है। भोपाल में जिस इनोवा कार में नकदी व सोना मिला है, वह परिवहन विभाग में अटैच रह चुकी है। एक बड़े अधिकारी इस वाहन का उपयोग भी करते थे।

# जल संसाधन के इंजीनियर इन चीफ मिश्रा को तत्काल पद छोड़ने के आदेश

## हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश को गलत ठहराया

भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और विवेक जैन की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को बदलते हुए जल संसाधन विभाग के इंजीनियर इन चीफ शिरीश कुमार मिश्रा को तत्काल ईएनसी के पद से हटाने का आदेश सरकार को दिया है।

जल संसाधन विभाग में पदस्थ सीनियर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर जोशसिंह कुसरे और विनोद सिंह टेकाम की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। संविदा आधार पर नियुक्ति को हाईकोर्ट ने अवैध माना है। शिरीष मिश्रा को तत्काल पद छोड़ने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उनके सभी प्रशासनिक अधिकार भी तत्काल खत्म करने के निर्देश सरकार को दिए हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने संविदा नियुक्ति देकर जल संसाधन विभाग के मुखिया का इंजीनियर इन चीफ की जिम्मेदारी देने के सरकार के आदेश को गलत माना है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, संविदा इंजीनियर को विभाग के मुखिया का पद देकर फीडर केडर में उपलब्ध नियमित कैडर के वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद संविदा इंजीनियर शिरीष मिश्रा अब केवल अधीक्षण या अभियंता के पद या उसके समान वेतन वाले समकक्ष पद का ही प्रभार संभाल सकेंगे।

# सौरभ शर्मा के काले कारोबार का असली राजदार है चेतन उर्फ चंदन

## - जिस कार में मिला 54 क्रिग्रा सोना और 9.83 करोड़ कैश वह इसी की

भोपाल। भोपाल में मेंडोरी गांव में जो एसयूवी गाड़ी 54 किलो सोने और 9 करोड़ 82 लाख रुपए के साथ पकड़ी गई है, वह सौरभ शर्मा के करीबी चेतन सिंह गौर उर्फ चंदन के नाम पर रजिस्टर्ड है। चेतन सिंह गौर, सौरभ शर्मा के परिवार से शुरू से जुड़ा हुआ है, जिसने ड्राइवर के रूप में काम करना शुरू किया। इसके बाद ड्राइवर से सौरभ का राजदार बन गया और काम भी संभालने लगा।

सौरभ शर्मा के नाम पर पूरे काम एक तरह से चेतन सिंह ही करने लगा था। परिवहन विभाग से लेकर कारोबार में चेतन सिंह ने जिम्मेदारी संभाल रखी थी। ग्वालियर के आरटीओ नंबर से रजिस्टर्ड, जो इनोवा क्रिस्टा एसयूवी मिली है, वह सौरभ उपयोग करता था। बता दें कि ग्वालियर के रहने वाले पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित निवास व कार्यालय पर लोकायुक्त व आयकर की संयुक्त टीम ने छापेमारी की है। इसमें लगभग तीन करोड़ नकद बरामद किए गए थे। इसके बाद रात में ही खबर मिली कि भोपाल के मेंडोरी गांव में एक इनोवा गाड़ी लावारिस खड़ी है। वहां आयकर की टीम पहुंची तो आंखे फटी रह गईं। यहां सोना व नकदी गाड़ी में भरा पड़ा मिला। यह कार चेतन सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड होने के बाद यह पक्का हो गया कि सौरभ शर्मा का करीबी चेतन ही यह कार लेकर माल को छिपाने के लिए ले जा रहा होगा।

सौरभ शर्मा का करीबी चेतन सिंह का ग्वालियर में मकान बताया गया है, लेकिन परिवार नहीं रहता है। आसपास के लोगों के अनुसार लभगभ छह साल पहले से परिवार यहां नहीं रह रहा है। चेतन सिंह गौर के पिता का नाम प्रताप सिंह गौर है। सौरभ ही नहीं यह पूरे परिवार का खास बन गया था। सौरभ जहां नहीं पहुंच पाता था, वहां पूरा काम चेतन सिंह ही देखता था।

### सौरभ का भाई छत्तीसगढ़ में अधिकारी

काली कमाई से अरबों का मालिक बनने वाले सौरभ का भाई भी है जिसका नाम गौरव शर्मा है। गौरव छत्तीसगढ़ के रायपुर में बतौर अधिकारी पदस्थ है। सौरभ की पत्नी का नाम दिव्या तिवारी है, जो कि सौरभ के कारोबार में सहयोग करती है। बताया गया है कि सौरभ व उसकी पत्नी वर्तमान में देश से बाहर दुबई में है। सौरभ को आयकर व लोकायुक्त की छापेमारी की जानकारी लग गई थी।

सौरभ शर्मा प्रदेश के मंत्रियों का खास भी है। प्रदेश में एक मंत्री का विभाग जाते ही सौरभ शर्मा ने परिवहन की नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। सौरभ भांप गया था कि उसके खास मंत्री के जाते ही उस पर कार्रवाई हो सकती है। भोपाल में जिस इनोवा कार में नकदी व सोना मिला है, वह परिवहन विभाग में अटैच रह चुकी है। एक बड़े अधिकारी इस वाहन का उपयोग भी करते थे।

# आठ सालों से सातवें वेतनमान की अंतर राशि के इंतजार में बिजलीकर्मी

भोपाल। बिजली कंपनी में कर्मचारियों की कमी दूर करने, मौजूदा इंजीनियरों को 8 सालों से सातवें वेतन आयोग की अंतर राशि का भुगतान एवं अन्य कई समस्याओं को लेकर बिजली कर्मचारी संगठन एमडी से रूबरू हुए और अपनी समस्याओं को रखा।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के जीके वैष्णव ने बताया कि बिजली कर्मचारी और इंजीनियरों की समस्याओं पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण झोन स्तर पर भी व्यवस्थाएं कमजोर हो रही हैं। उपभोक्ताओं को और ज्यादा बेहतर बिजली सुविधा दी जा सकती है। यहां पर कुशल लाइनमैन और लाइन स्टाफ की आवश्यकता है। इंजीनियरों का यह भी कहना था कि दुर्घटना की स्थिति में पुलिस द्वारा सहायक यंत्री और कनिष्ठ अभियंता पर प्रकरण दर्ज किया जाता है, जिसका भी विरोध कर रहे हैं। एमडी रजनी सिंह ने आश्वासन दिया कि इस मामले में पुलिस के आला अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। इंजीनियरों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि लंबा समय हो गया प्रमोशन नहीं हो रहा तो सहायक यंत्री को वरीयता सूची के अनुसार करंट चार्ज में कार्यपालन यंत्री बनाया जाए। वहीं 2016 बैच के कनिष्ठ अभियंताओं को सातवें वेतनमान की अंतर राशि का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इसका भी उल्लेख ज्ञापन में किया गया।

# 2024 में टी-20 क्रिकेट में जड़े तीन शतक

# संजू ने गंभीर को दिया टी-20 प्रारूप में मिली सफलता का श्रेय




नई दिल्ली। विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने 2015 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था लेकिन वह भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे। ऐसे में सैमसन के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे। हालांकि, गौतम गंभीर के टीम इंडिया का हेड कोच बनने की बाद सैमसन में अलग लेवल का कॉन्फिडेंस देखने को मिला। उन्होंने हाल ही में भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में तीन शतक जड़कर सफलता का नया स्वाद चखा। उन्होंने दो शतक तो साउथ अफ्रीका दौरे पर लगाए।

30 वर्षीय क्रिकेटर ने अब इंटरनेशनल क्रिकेट में सफलता मिलने के बाद गंभीर की मेंटॅरशिप को श्रेय दिया है। उन्होंने ड्रेसिंग रूम का वो राज खोला, जिससे उनका कॉन्फिडेंस सातवें आसमान पर पहुंचा। सैमसन ने पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू में कहा, जब वह (गौतम गंभीर) भारतीय टीम में आए तो ड्रेसिंग रूम में उन्होंने मुझसे कहा संजू, मुझे पता है कि तुम्हारे पास क्या है। तुम्हारे पास कुछ खास है। मैं किसी भी हालत में तुम्हें सपोर्ट करूंगा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं मैदान पर जाकर हर पारी में खुद को अभिव्यक्त करूं। कोच के इस तरह के संवाद ने मुझे क्लियरिटी और कॉन्फिडेंस दिया।

### संजू सैमसन का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर

संजू सैमसन के नाम तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं। वह साल 2024 में टी-20 में तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी है। उनका पहला शतक, 47 गेंदों में 111 रन, अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। इसके बाद उन्होंने नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में 50 गेंदों पर 107 रन और जोहानिसबर्ग में 56 गेंदों में 109 रन बनाए। टी-20 क्रिकेट में 2015 में डेब्यू करने के बाद संजू ने अब तक 37 मैचों में 27.9 के औसत से 810 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 2 अर्धशतक जड़े। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111 रन है।

### कोच के भरोसे पर खरे उतरने के लिए बेकरार थे

संजू ने कहा कि बार-बार असफलता मिलने पर वह निराश थे और कोच के भरोसे पर खरे उतरने के लिए बेकरार थे। कुछ मैचों में आउट होने के बाद आप दबाव महसूस करने लगते हैं क्योंकि किसी शख्स के सपोर्ट के बावजूद आप उम्मीदों के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। मैंने आम इंसाम के तौर सोचा कि संजू तुम्हें कुछ कर-के दिखाना होगा और कोच ने जो भरोसा जताया है, उसपर खरा उतरना ही होगा। संजू लंबे समय अरसे से गंभीर को जानते हैं। सैमसन की पहली आईपीएल टीम केकेआर थी, जिसके गंभीर कप्तान रहे। गंभीर के साथ मेरा रिश्ता छोटी उम्र से ही अच्छा था। जब मैं 14 साल का था तो उन्होंने मुझे अपनी बी टीम में चुना।

## बांग्लादेश वेस्टइंडीज मैच में बल्लेबाज को आउट दिये जाने के बाद वापस बुलाया गया



जमैका । वेस्टइंडीज को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में हार झेलनी पड़ी। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रन बनाये। वहीं इसका पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 109 रन ही बना पायी और 81 रनों से हार गयी। ये मैच एक और कारण से चर्चाओं में आया है। इस मैच में बांग्लादेश के बल्लेबाज जेकर अली को रन आउट दिये जाने के बाद ड्रेसिंग रूम से वापस बुलाया गया। बांग्लादेश की पारी के 15वें ओवर की है। उस समय जेकर और शमीम हुसैन एक रन लेने दौड़े थे। ओवर की तीसरी गेंद को जेकर ने स्क्वायर लेग की ओर खेला था जिसके बाद वह एक रन लेने दौड़ गये। वहीं हुसैन ने उन्हें वापस जाने को कहा दिया। जेकर इस दौरान आधी पिच तक पहुंच गये थे उन्होंने दौड़ जारी रखी और क्रीज पर पहुंच गये। अंपायरों के रन आऊट दिये जाने पर वह ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़ गए पर रिप्ले से पता चला कि वह क्रीज पार कर चुके थे जबकि हुसैन का बल्ला हवा में ही था। अंपायरों ने फौरन अपना फैसला बदलते हुए जेकर को वापस बुला लिया।

बांग्लादेश की ओर से परवेज हुसैन ने 39 रन जबकि लिटन दास ने 14 रन बनाये। वहीं मध्यक्रम में जेकर ने 41 गेंदों पर 3 चौके और 6 छक्कों की सहायता से 72 रन बनाए। इसके अलावा मेहंदी हसन मिराज ने 29 रन बनाए। तंजीम ने 12 गेंदों पर 17 रन बनाए और स्कोर 189 तक पहुंचा दिया। इसके बाद मेजबान वेस्टइंडीज टीम 109 रनों पर ही सिमट गयी और 81 रनों से मैच हार गयी। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो ने सबसे अधिक 33 रन बनाए। वहीं जॉनसन चार्ल्स ने भी 23 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से राशिद ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए।

## अंतिम दो टेस्ट देखने ऑस्ट्रेलिया जाने वाले थे अश्विन के पिता



चेननई। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के अचानक ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर सभी हैरान हैं। यहां तक कि उनके पिता को भी इसकी जानकारी नहीं थी। उनके पिता अंतिम दो टेस्ट मैच देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले थे पर उनकी योजना पूरी होती इससे पहले ही अश्विन स्वदेश पहुंच गये। एक रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। उसके अनुसार परिवार को पहले नहीं पता था कि अश्विन संन्यास लेने जा रहे हैं। यहां तक कि उनके पिता ने मेलबर्न और सिडनी में होने वाले टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टिकटें भी बुक करा ली थी। अश्विन ने देर रात उनको फोन किया जिसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना नहीं हुए।

अश्विन के पिता ने कहा कि मुझे उसके संन्यास के बारे में आखिरी समय पर पता चला था। मुझे बिल्कुल भी अंदेशा नहीं था कि उसके दिमाग में क्या चल रहा था। साथ ही कहा कि एक तरफ मुझे उसके संन्यास के फैसले से खुशी है पर उसने जिस तरह से ऐसा किया है उससे मैं खुश नहीं हूं, उसे अभी और खेलना चाहिए था। अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 106 मैच खेले हैं और उन्होंने 24.01 की औसत से 537 विकेट लिए हैं। वहीं एकदिवसीय में अब तक 116 मैच खेलकर 33.21 की औसत से 156 विकेट लिए हैं, जबकि टी20 करियर में 65 मैचों में उन्होंने 23.22 की औसत से 72 विकेट लिए हैं। वह सीमित ओवरों में अधिक सफल नहीं रहे पर टेस्ट प्रारुप में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। विदेश धरती की जगह स्वदेश में उन्हें अधिक सफलता मिली।

## एमसीए अधिकारी पर भड़के पृथ्वी

न्यू दिल्ली। खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कड़ी आलोचना करते हुए उनकी फिटनेस पर सवाल उठाये थे और साथ ही कहा था कि उनके खराब रवैये से हमें परेशानी उठानी पड़ती है। इसी कारण उन्हें पहले रणजी और अब विजय हजारे ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किया गया है। इसी का जवाब देते हुए अब पृथ्वी ने कहा है अगर उन्हें पूरी बात नहीं मालूम है तो इस प्रकार की बयानबाजी नहीं करनी चाहिये। पृथ्वी ने सोशल मीडिया में लिखा, "अगर आप किसी के बारे में पूरी तरह नहीं जानते हैं, तो उस पर बात न करें।

## बीसीसीआई ने अश्विन का भावपूर्ण वीडियो जारी किया




मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में सेवानिवृत्त हुए स्पिनर आर अश्विन के लिए एक भावपूर्ण वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्विन ने शुरुआत में अपने से किए गए एक बहुत बड़े वादे को बताया है। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अश्विन के रहते भारतीय टीम घरेलू मैदानों पर एक दशक तक नहीं हारी। उसे हालांकि इसी साल न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू धरती पर 3-0 से हार का सामना करना पड़ा।

साल 2012 में घरेलू मैदान पर भारतीय टीम इंग्लैंड से 1-2 से सीरीज हार गई थी। उस सीरीज के दौरान अश्विन अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के शुरुआती दौर में थे। उन्होंने उस सीरीज में 14 विकेट लिए थे। अश्विन सीरीज होने के बाद निराश थे। बीसीसीआई वीडियो में, अश्विन ने उस समय को याद करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने अपने से वादा किया था कि वह यह पक्का करेंगे कि भारत एक बार फिर घरेलू मैदान पर सीरीज नहीं हारे। अश्विन ने कहा कि मैंने 2012 में अपने आप से एक वादा किया था, हम इंग्लैंड के खिलाफ एक मुश्किल सीरीज हार गए थे। मैं अपने करियर के बहुत शुरुआती दौर में था और मैं बस अपने आप से कह रहा था कि हम एक और मैच नहीं हारेंगे। कभी भी। और मैंने खुद से यही वादा किया था।

अश्विन वास्तव में उस वादे पर खरे उतरे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2013 की घरेलू सीरीज से लेकर बांग्लादेश के खिलाफ इस साल की घरेलू सीरीज तक, इस दिग्गज ने घरेलू मैदान पर नाबाद 20.62 की औसत से 329 विकेट लेकर गेंदबाजी चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस दौरान उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार दस विकेट लिए। बल्ले से उन्होंने 56 मैचों और 70 पारियों में 22.88 के औसत से 1,556 रनों का योगदान दिया, जिसमें तीन शतक और छह अर्द्धशतक और 124 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

अपने संन्यास के समय अपनी उपलब्धियों पर बात करते हुए अश्विन ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वह इतना कुछ हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 2011 में अगर किसी ने मुझसे कहा होता कि मैं इतने सारे विकेट हासिल करूंगा और 2024, दिसंबर में रिटायर हो जाऊंगा, तो मैंने उन पर विश्वास नहीं किया होता।

## वसीम अकरम जैसे गेंदबाज हैं बुमराह - लैंगर




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह पाकिस्तान के वसीम अकरम जैसा गेंदबाज है। बुमराह ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लिए हैं। बुमराह ने 10.90 की औसत से 21 विकेट लिए हैं। उन्होंने अब तक सीरीज में सलामी बल्लेबाजों को भी 4-4 बार आउट किया है। इसी को देखते हुए लैंगर ने कहा कि मैं भी उनका सामना नहीं करना चाहूंगा। वह अकरम की तरह गेंदबाजी करता है। वह एक प्रकार से अकरम का दाहिना हाथ का संस्करण नजर आता है। वहीं जब भी मुझसे यह सवाल पूछा जाता है कि आपके सामने अब तक का सबसे अच्छा गेंदबाज कौन है, तो मैं कहता हूं अकरम क्योंकि उनके पास अच्छी गति थी। वह हर बार एक ही स्थान पर गेंद डालते थे। उनके बास अच्छा बाउंस थ। वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करवा लेते थे। इससा उनका सामना करना बेहद कठिन होता था।

लैंगर ने कहा कि मुझे इसी प्रकार बुमराह का सामना करने से नफरत होगी। वह एक महान प्रतिस्पर्धी है, वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और वह अद्भुत है। मैंने सीरीज की शुरुआत में कहा था, अगर बुमराह फिट रहते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए वास्तव में परेशानी साबित होगें जो सही रहा है। अगर वह यहां नहीं होते तो मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया आसानी से सीरीज जीत जेती। लैंगर ने यह भी कहा कि शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम अपनी बल्लेबाजी में कोई बदलाव नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें अब श्रृंखला में 1-1 से कोई बदलाव करते हुए नहीं देख सकता। कुछ खिलाड़ियों के बारे में कुछ चर्चा होगी, लेकिन मुझे लगता है कि वे इसे वैसे ही रखेंगे।

लैंगर ने ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट ड्रा समाप्त होने के बाद भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अचानक संन्यास लेने पर भी हैरानी जतायी है। लैंगर ने अश्विन के संन्यास पर कहा कि मुझे इसलिए आश्चर्य हुआ क्योंकि मुझे लगा कि भारतीय टीम अश्विन और रविन्द्र जडेजा का इस्तेमाल करेगी।

## फॉलोऑन टालने पर भारतीय टीम के जश्न मानने को गलत नहीं मानते शास्त्री

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में फॉलोऑन टालने के बाद जश्न मनाने में कुछ भी गलत नहीं था। गाबा में मैच के चौथे दिन, आकाश दीप ने पैट कमिंस की गेंद पर चौका लगाकर फॉलोऑन खेलने से भारतीय टीम को बचा लिया। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली भी ड्रेसिंग रूम में जश्न मनाते दिखे।

वहीं ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों ने इसपर हैरानी जतायी है। शास्त्री के अनुसार इसमें कुछ भी गलती नहीं दिखती। आपको क्यों नहीं जश्न मनाना चाहिए। कठिन हालातों में अंतिम जोड़ी का 35 से 36 रन बनाकर फॉलो-ऑन टालना आसान बात नहीं है। जश्न ने दिखाया कि वे सीरीज को लेकर उस प्रयास के महत्व को जानते थे। शास्त्री ने कहा, फॉलो-ऑन करना एक बात है, फिर पिछड़ना एक बात है, जबकि आप आगे बढ़कर ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को हिला देते हैं। यह पूरी तरह से सही है।

शास्त्री ने इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 2021 सीरीज के दौरान लॉर्ड्स में बुमराह और मोहम्मद शमी के बीच 89 रनों की साझेदारी को भी याद किया। ये मैच भारतीय टीम ने जीता था।

एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर होने के साथ, शास्त्री को लगता है कि ब्रिस्बेन में फॉलो-ऑन से बचने में भारत द्वारा दिखाई गई लड़ाई महत्वपूर्ण मैचों से अहम होगी। साथ ही कहा कि मेरे लिए ये सीरीज अब एक बराबरी पर है।

## आईसीसी ने स्टंप पर लात मारने वाले क्लासेन पर जुर्माना लगाया



दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक नियम के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है। क्लासेन पर ये जुर्माना पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे एकदिवसीय में 97 रन पर आउट होने के बाद गुस्से में स्टंप पर लात मारने के लिए लगाया है। आईसीसी ने उनकी मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। क्लासेन ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 74 गेंदों पर 97 रन बनाये, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 330 रनों तक पहुंच पायी। क्लासेन ने अंत तक बल्लेबाजी की और 43वें ओवर में आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इस मैच में अफ्रीकी टीम को 81 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हार गई. आउट होने के बाद निराश हुए क्लासेन ने स्टंप पर लात मारी, जिसके कारण आईसीसी ने उनपर जुर्माना लगाया। इस मैच में पाकिस्तान की जीत में बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान के अर्धशतकों की अहम भूमिका रही। इसके अलावा कामरान गुलाम ने भी 32 गेंदों में 63 रन बनाये।

## अभी मेरा ध्यान उत्तर प्रदेश की टीम को विजय हजारे ट्रॉफी जिताना - रिंकू



लखनऊ। विजय हजार ट्रॉफी में पहली बार उत्तर प्रदेश टीम की कप्तानी कर रहे रिंकू सिंह बेहद उत्साहित हैं। रिंकू ने कहा रिंकू को ऐसे समय में कप्तानी का प्रभार मिला है, जब उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स, आईपीएल 2025 सीज़न के लिए कप्तान चुनने पर विचार कर रही है। हालाँकि रिंकू ने कहा कि उनका ध्यान अभी उत्तर प्रदेश की टीम को विजय हजारे ट्रॉफी जिताने पर है। उन्होंने कहा, मैं नए आईपीएल सीज़न में केकेआर की कप्तानी के बारे में ज़्यादा नहीं सोच रहा हूं। मैं अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं जिससे उत्तर प्रदेश की टीम उस ट्रॉफ़ी को फिर से जीत सके, जो हमने पहली बार 2015-16 में जीती थी। यह टूर्नामेंट चयनकर्ताओं को फ़रवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए भी एकदिवसीय टीम तय करने में सहायता करेगा। रिंकू के लिस्ट-ए आंकड़े बेहद प्रभावशाली हैं। उन्होंने 52 पारियों में 48.69 की औसत और 94.8 के स्ट्राइक रेट से कुल 1899 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। रिंकू इस टूर्नामेंट को अपनी योग्यता साबित करने के मौके के रूप में नहीं देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे भगवान पर भरोसा है। जब मैंने पिछले साल आईपीएल में लगातार पांच छक्के मारे थे, तब मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय टीम का हिस्सा बनूंगा। वह मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। आज भी मुझे लगता है कि अगर भगवान ने मेरे लिए कुछ तय किया है, तो मुझे वह ज़रूर मिलेगा, लेकिन इसके लिए मुझे अपनी मेहनत जारी रखनी होगी।

## अपने कौशल को निखारकर ही इतने बेहतर गेंदबाज बने अश्विन - शास्त्री

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अपने कौशल को निखारकर ही अश्विन इतने सफल और बेहतर गेंदबाज बने । अश्विन ने कभी ये नहीं देखा कि कौन बल्लेबाजी कर रहा है बल्कि उनका ध्यान अपने प्रदर्शन पर रहता आया है। 38 वर्ष के अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद अचानक ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। शास्त्री ने कहा, 'मुझे जो बात प्रभावित करती है , वह लगातार खुद को निखारने की उसकी ललक। वह अपने प्रदर्शन से कभी संतुष्ट नहीं होता। पिछले दो तीन साल में जिस तरह से उसने गेंदबाजी की है और अपने कौशल को निखारा है, वह अलग नजर आया है।

इस पूर्व कोच ने कहा कि अपने खेल के विकास की प्रक्रिया में अश्विन ने नयी गेंदों और अपने एक्शन पर लगातार काम किया। शास्त्री ने कहा, 'वह लगातार नई चीजें सीखना चाहता था और उसने इस पर काफी काम भी किया। उसने हमेशा अपने में समय के साथ बदलाव किये। वह मैच विजेता रहा है और 537 टेस्ट विकेट ये साबित करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेना विशेष उपलब्धि है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने कुल 765 विकेट लिये जिनमें 537 टेस्ट विकेट थे। शास्त्री ने कहा, 'पिछले चार 5 साल में अश्विन और रविंद्र जडेजा ने मिलकर बेहतरीन स्पिन जोड़ी बनाई। दोनों एक दूसरे के पूरक रहे। मैं यह कहूंगा कि पिछले 5-6 साल में जडेजा के विकेटों में अश्विन का और अश्विन के विकेटों में जडेजा का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा, 'बाएं हाथ के और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन का रिकॉर्ड एक सा रहा है जो उसके कौशल का सबूत है।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, और दक्षिण अफ्रीका में है टक्कर



मुम्बई । अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूयटी) फाइन की रेस में अभी भारत और ऑस्ट्रेलिया, और दक्षिण अफ्रीका की टीमें प्रबल दावेदार बनकर उभरी हैं, वहीं श्रीलंका और पाकिस्तान को जगह मिलना अन्य टीमों के भरोसे रहेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के ड्रॉ रहने से फाइनल की दौड़ और करीबी हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 3 टीमें दौड़ में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम अभी तक फाइनल में जगह पक्की नहीं कर पाई है। बची हुई दो टीमें श्रीलंका और पाकिस्तान एक प्रकार से बाहर हैं क्योंकि उनके फाइनल में पहुंचने का समीकरण बेहद कठिन है।

### भारत को सीधे फाइनल में पहुंचने दो मैच जीतने होंगे

भारत के लिए सबसे असान रास्ता ये है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी भारती टीम का जीत प्रतिशत अभी 57.02 है।

### ऑस्ट्रेलिया को चाहिये 2 जीत और एक ड्रॉ चाहिये

वहीं ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की जरुरत है। यदि ऑस्ट्रेलिया भारत के अगले दो मुकाबले ड्रॉ होते हैं तों उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की जरुरत होगी जिससे वे 58.77 पर पहुंचे और ये भारत के 57.02 अंक प्रतिशत से ज्याद हो जाएगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

### दक्षिण अफ्रीका को जीतना होगा एक मैच

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा पर अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उससे आगे निकल सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक टीम उसे पीछे कर सकती है।

श्रीलंका टीम अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ले तो भी अधिक से अधिक 53.85 तक पहुंच सकती है। उसके लिए समीकरण बेहद कठिन है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलिया को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। जो संभव नहीं है। वहीं अब अपने बचे हुए चार में से चार मैचों में जीत के बाद भ पाककिस्तान 52.38 पर पहुंचेगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा।

## आईसीसी ने अफगानिस्तान के फजलहक पर लगाया जुर्माना

हरारे । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी पर जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है। आईसीसी ने कहाया, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक पर आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। फारूकी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से जुड़ा है। इसके अलावा आईसीसी के अनुसार फजलहक के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक जोड़ा गया है जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के पांचवें ओवर में हुई। तब क्रेग एर्विन के खिलाफ अपील को खारिज किए जाने पर फजलहक ने असहमति दिखाई, और मैच में डीआरएस उपलब्ध नहीं होने पर समीक्षा के अनुरोध के लिए हस्ताक्षर किए। फजलहक ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# व्हाट्सएप ने एनएसओ ग्रुप पर बड़ी कानूनी जीत हासिल की, अमेरिका कोर्ट ने सुनाया फैसला



मुंबई । व्हाट्सएप ने एनएसओ ग्रुप तकनीकी के खिलाफ एक बड़ी कानूनी जीत हासिल की है, जो विवादास्पद पेगासस स्पाइवेयर के लिए मशहूर है। यह फैसला मेटा के मैसेजिंग एप द्वारा 2019 में अमेरिका में दायर हाई-प्रोफाइल मुकदमे में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

इस मुकदमे में एनएसओ ग्रुप पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने मई 2019 में दो हफ्तों के दौरान 1,400 लोगों के फोन को पेगासस स्पाइवेयर से संक्रमित किया। इन लोगों में पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता और सरकारी अधिकारी शामिल थे। पेगासस, अपनी गुप्त निगरानी क्षमता के लिए कुख्यात है, और पेगासस स्पाईवेयर को व्हाट्सएप के जरिए लक्ष्यों से संवेदनशील डेटा चुराने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

अमेरिकी कोर्ट ने व्हाट्सएप के पक्ष में फैसला सुनाकर एनएसओ ग्रुप को राज्य और संघीय हैकिंग कानूनों के उल्लंघन का दोषी पाया है। अदालत ने माना कि एनएसओ ग्रुप ने व्हाट्सएप की सेवा शर्तों और अमेरिकी कंप्यूटर फ्रॉड और एब्यूज एक्ट का उल्लंघन किया है, जिससे इस स्पाइवेयर निर्माता को बड़ा झटका लगा है।

अपने फैसले में, जज हैमिल्टन ने कहा कि एनएसओ ग्रुप ने कानूनी प्रक्रिया में बाधा डाली, क्योंकि उसने व्हाट्सएप को स्पाइवेयर का सोर्स कोड प्रदान नहीं किया, जबकि इस 2024 की शुरुआत तक ऐसा करने का आदेश दिया गया था। इसके बजाय, कंपनी ने कोड को केवल इजराइल में उपलब्ध कराया और इसकी समीक्षा सिर्फ इजराइली नागरिकों तक सीमित रखी, जिसे जज ने 卐पूरी तरह से अव्यवहारिक卐 करार दिया।

अब एनएसओ ग्रुप को मार्च 2025 में एक ज्यूरी ट्रायल का सामना करना पड़ेगा, इसमें तय होगा कि व्हाट्सएप को कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए, जो आज भी दुनिया का सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म बना हुआ है। इस फैसले के बाद, व्हाट्सएप ने कहा, पांच साल की कानूनी लड़ाई के बाद, हम आज के फैसले के लिए आभारी हैं। एनएसओ अब व्हाट्सएप, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और सिविल सोसायटी पर अपने अवैध हमलों की जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। इस फैसले के साथ, स्पायवेयर कंपनियों को यह संदेश मिलना चाहिए कि उनके अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे卐

2021 में पेगासस जासूसी मामले ने देश में राजनीतिक विवाद को जन्म दिया था। आरोप थे कि केंद्र ने पेगासस स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर भारतीय नागरिकों के 300 फोन नंबरों को ट्रैक किया। इनमें एक संवैधानिक पदाधिकारी, कई पत्रकार, व्यापारी, सिविल सोसाइटी के नेता और विपक्षी नेता शामिल थे।

हालांकि, 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर कहा कि 29 शिकायतकर्ताओं के फोन की जांच में पेगासस स्पाइवेयर का कोई प्रमाण नहीं मिला। जांच के दौरान 5 फोनों में मैलवेयर के निशान जरूर

# 80 साल के गुरु ने 50 साल की महिला साध्वी से किया रेप

नई दिल्ली। दिल्ली के आश्रम में हुई घटना आपको चर्चित वेब सीरीज 'आश्रम' की याद दिला देगी। दरअसल नॉर्थ-दिल्ली के एक आश्रम में रही 50 साल की साध्वी ने अपने 80 वर्षीय गुरु पर रेप का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि वह अपना घर-परिवार छोड़कर गुरु की सेवा में लगी थी। गुरु ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर महिला को अपने कमरे में सुलाया। महिला के सोने के बाद गुरु ने कमरे में ताला लगाकर गर्दन पर धारदार हथियार लगाकर रेप किया। फिलहाल इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। केस नोएडा निवासी 50 वर्षीय महिला ने दर्ज कराया है। महिला का दावा है कि वह आश्रम की ओर से संचालित एक मंदिर से करीब 20 साल से जुड़ी हुई हैं। वह गुरु की भक्ति और साधना में इस कदर लीन हुईं कि उन्होंने अपने पारिवारिक जीवन को ही त्याग दिया। वह पति और 25 साल के बेटे से अलग रहने लगीं।

कुछ महीनों पहले आश्रम-मंदिर की गद्दी पर बैठे गुरु की तबीयत खराब हुई थी। ट्रस्ट के सभी सदस्य उनकी सेवा कर रहे थे। अस्पताल में गुरु का ऑपरेशन करवाया गया। करीब एक महीने बाद गुरु चलने-फिरने लगे। आरोप है कि इसके बाद गुरु की नीयत महिला पर खराब होने लगी। महिला का दावा है कि उन्हें गुरु की सेवा के लिए कई बार आश्रम में रुकना पड़ता था। अच्छी तरह उन्हें याद नहीं, मगर 14-15 अप्रैल के आस-पास की बात है। महिला ने सभी जरूरत का सामान गुरु के पास रख दिया था। वह अपने कमरे में सोने जाने लगी। जिस पर गुरु ने कहा कि कुछ दिक्कत हुई, तब मैं तुम्हें कैसे बुलाउंगा।

इस पर गुरु ने महिला को उसी कमरे में सोने का सुझाव दिया। महिला को भी सुझा ?व ठीक लगा, तब वहीं जमीन पर बिस्तर बिछाकर सो गई। मगर रात को कुछ गिरने की आवाज आई, तब महिला ने गुरु को अपने बगले में लेटा पाया। महिला ने डर के पूछा आप गिर गए क्या गुरु जी। गुरु ने कहा, नहीं मैं तुम्हारे पास आया हूं। आरोप है कि इसके बाद गुरु ने महिला के साथ गंदी हरकतें करनी शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तब गुरु ने अपने सिरहाने से धारदार हथियार निकालकर महिला की गर्दन पर रख दिया। इसके बाद उनके साथ रेप किया। सुबह ताला खुला तब वह कमरे से बाहर भागी।

महिला ने कहा, वह गुरु की हरकत से हैरान थीं। वह किसी को कुछ बता भी नहीं पा रही थीं, क्योंकि लोगों का गुरुओं से भरोसा उठ जाता। फिर महिला ने कॉल कर के गुरु से बातचीत की और उनकी बातचीत को रिकॉर्ड भी किया। जो सबूत के तौर पर पुलिस को दी है।

# भारतीय नौसेना ने दो अत्याधुनिक युद्धपोत, 'सूरत' और 'नीलगिरी' बेड़े में शामिल किए

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत में और इजाफा करते हुए दो अत्याधुनिक युद्धपोत, 'सूरत' और 'नीलगिरी', अपने बेड़े में शामिल किए हैं। ये दोनों जहाज आधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं और पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का सामना करने में सक्षम हैं। 'सूरत' भारतीय नौसेना की प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रृंखला का चौथा और आखिरी जहाज है।

इससे पहले, इसी प्रोजेक्ट के तहत विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल जैसे जहाज नौसेना में शामिल हो चुके हैं। लगभग 7,400 टन वजनी और 164 मीटर लंबाई वाला 'सूरत' सतह से हवा और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और टॉरपीडो जैसे आधुनिक हथियारों से लैस है। यह भारतीय नौसेना का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम युद्धपोत है, जो इसकी परिचालन क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा। परीक्षणों के दौरान 'सूरत' ने 56 किमी/घंटा से अधिक की गति प्राप्त की है। 'नीलगिरी' प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जहाज है। यह जहाज पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का समुद्र में मुकाबला करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी गन और रैपिड-फायर हथियार प्रणाली जैसे आधुनिक हथियार शामिल हैं। इस फ्रिगेट को डीजल और गैस दोनों से संचालित किया जा सकता है और यह अत्याधुनिक प्रबंधन प्रणाली से लैस है। इन जहाजों के निर्माण में 75ब स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।

# कांग्रेस की लगातार हार से उठने लगे बदलाव के स्वर, नेतृत्व ब्लूप्रिंट की तैयारी में

नई दिल्ली। कांग्रेस बदलाव की आहट कई महीनों से सुनाई दे रही है। पार्टी नेतृत्व ने इस बारे में कई मौकों पर संकेत दिया है, लेकिन अभी तक पार्टी में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है, लेकिन अब पार्टी के अंदर से बदलाव की आवाज जोर-शोर से उठने लगी है। कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा वर्ग अगले हफ्ते बेंगलुरु में होने वाली बैठक का इंतजार कर रहा है। 26 दिसंबर को बैठक होनी है। उसके बाद बदलाव नहीं हुआ तो एक बार फिर से पार्टी का पुराना सिरदर्द जी-23 समूह सक्रिय हो सकता है।

इस बार जी-23 में दूसरे नेता होंगे। इन नेताओं का आरोप है कि पार्टी के अंदर फैसले नहीं होने से कार्यकर्ताओं में अब बेचैनी नजर आने लगी है। नेताओं का यह समूह पार्टी को चेतावनी दे रहा है कि अगर अब फैसले नहीं लिए तो ये कार्यकर्ता अपने लिए नया विकल्प तलाशना शुरू कर देंगे। कांग्रेस नेतृत्व को भी इसका अहसास हो गया है और वह बदलाव का ब्लूप्रिंट जल्द पेश करने की तैयारी में है।

दरअसल, बदलाव की सारी प्रक्रिया एक अहम पद पर आकर रुक रही है। पार्टी के इस सबसे अहम पद पर किस तरह का बदलाव हो और किसे वहां रखा जाए, यही चुनौती इसमें सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। पार्टी के सीनियर नेता मणिशंकर अय्यर अपनी किताब में उन्होंने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। हालांकि उनके सवालों की कोई खास चर्चा नहीं हो पाई। पार्टी को उनसे यह उम्मीद नहीं थी कि वह अपनी किताब में ऐसे सवाल उठाएंगे।

अब चर्चा हो रही है कि पार्टी के एक और सीनियर नेता अपनी किताब लेकर आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व किताब का कंटेंट पता लगाने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने अपनी किताब में ऐसी बात लिख दी, जिससे बीजेपी को कश्मीर में कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया था। 2014 में भी पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के सलाहकार द्वारा लिखी किताब ने राजनीतिक बवाल मचा दिया था और उससे पार्टी को बहुत नुकसान हुआ था। कांग्रेस नेता ने इस ट्रेंड पर चुटकी लेते हुए कहा कि बीजेपी इसलिए अपने नेताओं को लिखने की अनुमति नहीं देती है।

संविधान पर लोकसभा में हुई चर्चा में कांग्रेस की ओर से कौन-कौन स्पीकर हिस्सा लेंगे, इस बारे में पार्टी में अंतिम समय तक दुविधा बनी रही। सबसे बड़ी दुविधा तो इस बात को लेकर थी कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी, दोनों संविधान पर हो रही इस बहस में भाग लें या नहीं। एक वर्ग का मानना था कि एक बहस में दोनों का भाषण न हो, लेकिन दूसरा तर्क यह आया कि बतौर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अब तकरीबन हर बहस में भाग लेंगे। ऐसे में इस आधार पर प्रियंका गांधी को दूर रखना सही नहीं होगा।

इन दिनों दो क्षेत्रीय दलों के सांसदों के अगले कदम को लेकर बहुत चर्चा है। एक पार्टी के राज्यसभा सांसदों के बारे में लोकसभा चुनाव के बाद से उलझन है, तो दूसरी पार्टी के लोकसभा सांसदों के बारे में हालिया विधानसभा चुनाव के बाद उलझन बन गई है। इनके बारे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और दबे स्वरों में कहा जा रहा है कि मौका मिलने पर वे पाला बदल सकते हैं। इस तरह की चर्चाओं से दोनों दलों के नेतृत्व के कान खड़े हो चुके हैं।

संसद सत्र के दौरान दोनों दलों के सांसदों को हमेशा एक साथ दिखाने की कोशिश की गई। दोनों दलों के सांसद अपने भविष्य को लेकर आशंकित हैं और वे अपने लिए तमाम विकल्प टटोल रहे हैं।

# भारत की जैव-अर्थव्यवस्था 10 वर्षों में बढ़कर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई -जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय राज्यमंत्री (कार्मिक) जितेंद्र सिंह ने कहा है भारत में बायोटेक स्टार्टअप्स की संख्या पिछले 10 वर्षों में 50 से लगभग 9,000 हो गई है। उन्होंने इस वृद्धि को देश की जैव-अर्थव्यवस्था में हुए शानदार बदलाव का नतीजा बताया। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि 2014 में भारत की जैव-अर्थव्यवस्था 10 बिलियन डॉलर की थी, जो 2024 में बढ़कर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई। यह उद्योग 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

मंत्री ने कहा कि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) को प्राथमिकता दी है। उन्होंने यह भी कहा कि एक समय था जब भारत को जलवायु और हरित मुद्दों पर गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में सीओपी-26 में 2070 तक भारत को 'शुद्ध शून्य' उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। इनमें ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, जलवायु परिवर्तन मिशन और गहरे समुद्र मिशन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। हाल में शुरू की गई 'बायो ॠ-3 नीति' को मंत्री ने जलवायु परिवर्तन और अनसस्टेनेबल वेस्ट जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अहम कदम बताया। यह नीति सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। मंत्री ने कहा कि बायोटेक स्टार्टअप्स का विकास भारत की भविष्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

# 15वें वित्त आयोग के तहत 45 महीनों में राज्यों को हस्तांतरित धनराशि बढ़ी

जैसलमेर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्थान के जैसलमेर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। प्रतिभागियों ने वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में विचार के लिए वित्त मंत्री को कई सुझाव भी दिए। सीतारमण ने कहा कि स्वस्थ व्यापक आर्थिक माहौल, कर संग्रह में तेजी और दक्षता के कारण, 15वें वित्त आयोग के तहत पिछले 45 महीनों में राज्यों को हस्तांतरित धनराशि 14वें वित्त आयोग (2015-20) के तहत 60 महीनों में हस्तांतरित धनराशि से ज्यादा है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) का भी जिक्र किया, जिसकी घोषणा केंद्रीय बजट 2020-21 में की गई थी। केंद्र सरकार से राज्य इस योजना के तहत फंड बढ़ाने का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि इससे राज्यों में महत्वपूर्ण पूंजीगत परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र ने एसएएससीआई-2024-25 के तहत 'अनटाइड फंड' के रूप में करीब 30 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि आवंटित की है। इसका इस्तेमाल राज्य सरकारें किसी भी क्षेत्र में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर व्यय को और बढ़ाने के लिए कर सकती है।

इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि केंद्र ने गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन किए गए गंभीर प्रकृति की आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए एसएएससीआई के तहत एक अतिरिक्त व्यवस्था बनाई है। इससे राज्यों को क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे, जैसे सड़कें और पुल, जलापूर्ति लाइनें, बिजली के खंभे और पुलिया आदि के पुनर्निर्माण के उनके प्रयासों में सहायता मिलेगी।

सीतारमण ने कहा कि यह राशि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया और शमन कोष (एनडीआरएमएफ) के तहत प्रदान की गई धनराशि के अतिरिक्त होगी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री; अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मंत्री, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# संसद में हंगामे के चलते करदाताओं के 84 करोड़ रुपये हुए स्वाहा

## संसदीय कार्यवाही पर प्रति मिनट करीब 2.50 लाख खर्च होते

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे के बीच खत्म हो गया। इस सत्र में संविधान पर अच्छी बहस हुई। साथ ही दो अहम बिल भी पेश किए गए। एक बिल एक साथ चुनाव कराने को लेकर था। लेकिन बीआर आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर सियासी तकरार बढ़ गई। इसकारण सत्र का अंत कड़वाहट भरा रहा। सत्र के आखिरी दिन सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी दलों के बीच तनाव बना रहा।

लोकसभा सचिवालय के अनुसार, सदन की उत्पादकता करीब 58 प्रतिशत रही। यह उन दिनों से काफी कम है जब यह 100 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा होती थी। अपनी समापन टिप्पणी में, जगदीप धनखड़ ने सभी दलों से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठने और संसदीय मर्यादा बहाल करने का आह्वान किया। विपक्ष के इस आरोप के बीच कि वे अक्सर पक्षपातपूर्ण रहे हैं, उन्होंने संतुलित रुख अपनाया। धनखड़ ने कहा कि 25 नवंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र में सदन



ने प्रभावी ढंग से केवल 43 घंटे और 27 मिनट काम किया। इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत रही।

वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर दोष मढ़ा। उन्होंने कहा कि पहले से हुए समझौते के बावजूद विपक्ष के लगातार विरोध प्रदर्शन के कारण ही उत्पादकता में कमी आई। संसद को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी थी। रिजिजू ने कहा कि सभी दलों को चिंताजनक स्थिति पर विचार करना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री होने के नाते वे विपक्षी नेताओं से बातचीत जारी रखूंगा।

इस सत्र के दौरान लोकसभा में पांच विधेयक पेश किए गए, जिनमें से चार पारित हुए। राज्यसभा ने तीन विधेयक पारित किए। 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान सदन में एक विशेष सत्र भी आयोजित हुआ। यह सत्र भारतीय संविधान की महत्ता को दिखाता है। इस सत्र में संविधान की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा हुई। इस सत्र में एक साथ चुनाव कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस बिल का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है। हालांकि, इस बिल पर सभी दलों की राय एक जैसी नहीं है। कुछ दलों ने इसका समर्थन किया, जबकि कुछ ने इसका विरोध किया।

20 दिन संसद के शीतकालीन सत्र में कामकाज ना होने का अनुमानित नुकसान 84 करोड़ है। यह वे पैसे हैं, जो हमारे आपके टैक्स से जुटाए जाते हैं। संसद की कार्यवाही पर प्रति मिनट करीब 2.50 लाख रुपये खर्च होते हैं। संसद के सत्रों में हंगामा, विरोध प्रदर्शन और कामकाज में बाधाएं आती रहती हैं। संसद के हालिया सत्र में काफी कम कामकाज हुआ है। लोकसभा में सिर्फ 61 घंटे 55 मिनट और राज्यसभा में 43 घंटे 39 मिनट ही काम हुआ।

# अमेज़न अंबरनाथ में 38 एकड़ में डेटा सेंटर स्थापित करेगा

अंबरनाथ। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए औद्योगीकरण का हब अंबरनाथ में अब विश्व प्रसिद्ध अमेज़न ने भी एंट्री की है। अंबरनाथ तालुका की असोदे और बुरडुल सीमा में अमेज़न डेटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने लोढ़ा ग्रुप से 38 एकड़ जमीन खरीदी है। इस जगह पर अमेज़न कंपनी का एक बड़ा डेटा सेंटर खड़ा होगा। हाल ही में इस जमीन का लेनदेन अंबरनाथ उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत किया गया है और लगभग 450 करोड़ रुपये की इस जमीन की खरीद के लिए अमेज़ॅन द्वारा 27 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया गया है। इससे भविष्य में डेटा सेंटरों के लिए अंबरनाथ की एक अलग पहचान बनाने और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। अंबरनाथ के आनंद नगर एमआईडीसी में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां आने की इच्छुक हैं। इसके लिए पाले एमआईडीसी का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुंबई और उपनगरों, खासकर नवी मुंबई में कई डेटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसलिए, भविष्य के डेटा केंद्रों के महत्व और आवश्यकता अंबरनाथ और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक स्थान की उपलब्धता के कारण, कई डेटा केंद्र इस क्षेत्र में आने के इच्छुक बताए जाते हैं। वहीं अमेज़ॅन डेटा सर्विस सेंटर अंबरनाथ तालुका के दो गांवों असोदे और बुरडुल में तथा अंबरनाथ आनंद नगर एमआईडीसी की सीमा के भीतर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए निर्माण क्षेत्र की जानी-मानी कंपनी लोढ़ा ग्रुप से अमेजन डेटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 38 एकड़ जमीन खरीदने का सौदा किया गया है। 450 करोड़ रुपये के इस भूमि खरीद लेनदेन के दस्तावेज हाल ही में अंबरनाथ उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत किए गए हैं और उप रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों ने बताया है कि 27 करोड़ रुपये का स्टांप शुल्क सरकारी खजाने में जमा किया गया है।

# भारतीय रेलवे ने इंजीनियरिंग की नई मिसाल पेश की, पम्बन ब्रिज का नवनिर्माण किया

**नई दिल्ली । भारतीय रेलवे ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर पम्बन ब्रिज का नवनिर्माण किया है। यह पुल भारत की मुख्य भूमि के मंडपम शहर को पम्बन द्वीप और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामेश्वरम से जोड़ता है। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा निर्मित यह नया पुल आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है।**

## नए पम्बन ब्रिज की विशेषताएं

नया पम्बन ब्रिज 2.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें स्पैन की संख्या 18.3 मीटर के 100 छोटे स्पैन और 63 मीटर का एक नेविगेशनल स्पैन है। यह पुराना पुल से 3 मीटर अधिक ऊंचा है और समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 22 मीटर है। इतना ही नहीं इसमें इलेक्ट्रो-मैकेनिकल नियंत्रित सिस्टम लगे हैं जो इसे पूरी तरह से आधुनिक बनाते हैं।

## पुराने पुल से नया पुल कैसे अलग है?

**पुराना पुल-** यह 24 फरवरी 1914 को चालू हुआ था। पुराने पुल में ज्वार के समय गर्डरों पर समुद्री पानी की बौछारें पड़ती थीं जिससे रखरखाव कठिन हो जाता था। वहीं ऊर्ध्वाधर निकासी केवल 1.5 मीटर थी। नए पुल में वर्टिकल लिफ्ट तकनीक का उपयोग किया गया है। यह नया पुल समुद्र तल से 22 मीटर की ऊंचाई पर है, जिससे जहाजों और क्रूज़रों की आवाजाही आसान हो गई है। पूरा 63 मीटर चौड़ा हिस्सा जहाजों के लिए खोल दिया जाता है।

## कैसे होता है पुल का संचालन?

वर्टिकल लिफ्ट स्पैन की वजह से पुल को ऊपर उठाता है। यदि कोई जहाज पुल के नीचे से गुजरना चाहता है, तब इसके लिए पहले समुद्री विभाग से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद रेलवे विभाग ट्रेन संचालन को रोककर पुल को ऊपर उठाने की प्रक्रिया करता है। नौवहन और तीर्थयात्रियों के लिए फायदेमंद- यह पुल रामेश्वरम आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर और तेज यातायात सुविधा प्रदान करेगा। जहाजों और क्रूज़रों को बिना रुकावट के गुजरने की अनुमति देगा। इतना ही नहीं ग्रेट पम्बन ब्रिज दुनियाभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह पुल यात्रियों को समुद्र का शानदार नजारास दिखाने के साथ-साथ भारत की उन्नत इंजीनियरिंग का उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

## निर्माण और लागत

यह नया पुल 535 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने इस नए पुल को विकसित किया है।


अंत में बता दें कि नया पम्बन ब्रिज भारत की प्रगति का प्रतीक है। आधुनिक तकनीक और सुरक्षा के साथ यह पुल न केवल रामेश्वरम जाने वाले यात्रियों के लिए उपयोगी है बल्कि भारत के इंजीनियरिंग कौशल को भी दर्शाता है। यह ब्रिज आने वाले वर्षों में परिवहन और पर्यटन दोनों को बढ़ावा देगा।

# अब वे बाबा साहेब को छोटा कर राहुल गांधी के बराबर करना चाहते हैं

## बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली। डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। वहीं बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अराजकता फैलाई, वह आज आंबेडकर बनना चाहते हैं। गिरिराज ने कहा कि शायद किसी को यह गलतफहमी हो जाएगी कि राहुल गांधी आंबेडकर हो गए। जिस कांग्रेस का डीएनए भीमराव आंबेडकर को अपमानित करने का रहा है, वह उस पाप को कैसे धो पाएगा।

गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भारत रत्न दे दिया, लेकिन बाबासाहेब को नहीं दिया। वहीं,



अब ये लोग बाबा साहेब आंबेडकर को छोटा कर राहुल गांधी के बराबर करना चाहते हैं। राहुल की तुलना बाबा साहेब से करना निंदनीय है और इसके लिए उन लोगों को माफी मांगनी चाहिए। वहीं बीजेपी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि सभी को संसदीय परंपराओं का पालन करना चाहिए, यह सभी का धर्म है। विपक्ष ने संसदीय परंपराओं का जितना उल्लंघन किया है, इससे उनको बचना चाहिए।

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर कि कुछ लोग मंदिर-मस्जिद का मुद्दा उठाकर हिंदुओं को बड़े नेता बनना चाह रहे हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐसा वक्तव्य उन्होंने पहले भी दिया है। उनका मंतव्य यह है कि हम अपने धर्म का पालन करते समय अन्य मान्यताओं के अनुपालन से आगे बढ़ें और देश को अच्छे वातावरण और उन्नति की ओर ले जाएं। उन्होंने कहा कि मैंने मोहन भागवत का वक्तव्य अभी नहीं सुना, लेकिन सभी लोग एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करें। साथ ही देश की तरक्की के लिए आगे आएं। यही सभी लोगों की इच्छा होती है।

# बाबा साहेब के अपमान और राहुल गांधी पर एफआईआर का कांग्रेसियों ने जताया विरोध

## नगर में निकाली रैली, अंबेडकर चौक में किया धरना प्रदर्शन, अमित शाह से माँगा इस्तीफा, माफी मांगने की भी करी मांग, मांग पूरी ना होने पर पूरे देश मे पुतला दहन कर आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान को लेकर पूरे देश में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच नगर में तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। जहां शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से विरोध स्वरूप एक वाहन रैली निकाली गई। यह रैली मैंन रोड से विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए काली पुतली चौक, वहां से पीजी कॉलेज होते हुए सीधे अंबेडकर चौक पहुंची। जहां कांग्रेसियों द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर ग्रह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वही बाबासाहेब अंबेडकर के पोस्टर लिए कांग्रेसियों ने बाबा साहब का जय घोष किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर दिए गए बयान पर आपत्ति जताते उनसे माफी मंगवाने के साथ साथ तत्काल उनका इस्तीफा लिए जाने की मांग। तो वही उन्होंने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी पर दर्ज की गई एफआईआर को झूठी एफआईआर बताते हुए उसे रद्द किए जाने की भी मांग की है। वही अपनी इस मांग को लेकर उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को एक ज्ञापन सौपा है। इस दौरान कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा लिए जाने और माफी मांगवाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। वहीं उन्होंने सदन में बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान होने पर कांग्रेसियों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर का भी विरोध किया है। जिन्होंने उनके इस आंदोलन को सांकेतिक आंदोलन बताते हुए जल्द से जल्द मांग पूरी ना होने पर संपूर्ण देश में अमित शाह का पुतला दहन कर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

### राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को बताया झूठी एफआईआर

आपको बताएं कि सदन में अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर एक बयान दिया गया था जिनके इस बयान पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस ने इसे बाबा साहब अंबेडकर का अपमान बताया था। तो वहीं उन्होंने इस अपमान के विरोध में संसद भवन परिसर में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया था। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ीयो से गिरकर चोटिल हो गए थे। जहां बीजेपी सांसदों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया था। जिनके इस आरोप और लिखित शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई उसी एफआईआर को झूठी एफआईआर बताते हुए कांग्रेसियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया है। तो वहीं उक्त एफआईआर को तत्काल रद्द किए जाने की मांग की है। तो वही उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान पर गृहमंत्री से माफी मंगवाने और तत्काल उनका इस्तीफा लिए जाने की भी गुहार लगाई है। जिन्होंने इस सांकेतिक धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के बावजूद भी मांग पूरी न होने पर संपूर्ण देश में कांग्रेसियों द्वारा अमित शाह का पुतला दहन कर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।



### कांग्रेसियों की कम उपस्थिति की होती रही चर्चा

शनिवार को आयोजित इस रैली और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ता, मोटर सायकिल रैली से आंबेडकर चौक पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केन्द्रीय गृहमंत्री के विरोध में नारेबाजी भी की। उधर कांग्रेसियों की कम उपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही दरअसल, शनिवार को कांग्रेस, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान और राहुल गांधी पर हुई एफआईआर मामले में प्रदर्शन का ऐलान किया था। जिसमें जिले के कांग्रेसियों को शामिल होना था लेकिन कांग्रेस के बड़े नेताओं के आगमन और फोटो कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भूमिका निभाने वाले कांग्रेसी घरो से ही नहीं निकले। जिससे कांग्रेस के विरोध में कांग्रेसियों की कम उपस्थिति चर्चा का विषय रही। हालांकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंजवानी ने इस प्रदर्शन को सांकेतिक प्रदर्शन बताते हुए कम कांग्रेसियों वाली बात से इनकार कर दिया।

### तो पूरे देश में पुतला दहन कर आंदोलन किया जाएगा- श्याम पंजवानी

आयोजित धरना प्रदर्शन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कांग्रेसियों की कम उपस्थिति के सवाल को कवरअप करते हुए बताया कि सॅविधान रचयिता बाबा साहब के जिस सॅविधान से अमित शाह, देश की सरकार में गृहमंत्री है, वे उन्हें ही फैशन बता रहे है और उनके नाम की जगह भगवान का नाम लेने की बात कर रहे है। जो निंदनीय और दु:खद है। दूसरी ओर केन्द्रीय गृहमंत्री के बयान के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ भाजपा नेताओं ने धक्कामुक्की की, लेकिन राहुल गांधी पर मामला दर्ज किया गया है, जिससे साफ है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस मांग करती है कि बाबा साहब आम्बेडकर पर की गई टिप्पणी पर केन्द्रीय गृहमंत्री माफी मांगे और स्तीफा दे वही राहुल गांधी पर दर्ज मामला वापस लिया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो कांग्रेस पार्टी द्वारा संपूर्ण देश में जगह जगह अमित शाह का पुतला दहन कर आंदोलन किया जाएगा।

# एक व्यक्ति को उसके भाई और भतीजे ने हाथ बुक्के और लकड़ी की पटिया से मार कर किये घायल

## वारासिवनी थाना के ग्राम मांझापुर की घटना, घायल व्यक्ति जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। वारासिवनी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मांझापुर में एक व्यक्ति को उसी के भाई और भतीजे ने हाथ बुक्के और सिर में लकड़ी की पटिया से मारपीट कर घायल कर दिए। 20 दिसंबर की रात्रि 8:00 बजे करीब यह घटना आपसी रंजीश के चलते हुई लकड़ी की पटिया के वार से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ज्योतिष नारबोदे 31 वर्ष ग्राम मांझापुर निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वारासिवनी पुलिस में इस व्यक्ति की पत्नी श्रीमती सुनीता नारबोदे 30 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट उसके जेठ रमेश पिता नंदलाल नारबोदे और उसके लड़के आर्यन नारबोदे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्योतिष नारबोदे मजदूरी करता है। जिसके परिवार में पत्नी दो बच्चे और तीन भाई है। सभी लोग मजदुरी करते हैं। ज्योतिष नारबोदे के मकान के पास ही उसका बड़ा पिता नंदलाल नारबोदे अपने परिवार के साथ रहता है। बताया गया कि ज्योतिष नारबोदे और उसके बड़े पिता नंदलाल नारबोदे के बीच घरेलू बातों को लेकर आपसी रंजिश बनी हुई है और किसी न किसी बात को लेकर दोनों परिवार के बीच विवाद होते रहता है। चार दिन पहले ज्योतिष नारबोदे ने अपने बड़े पिता नन्दलाल नारबोदे के लड़के रमेश नारबोदे से 50 रुपये उधार दिए थे। 20 दिसंबर को सुबह ज्योतिष नारबोदे ने 50 रुपये रमेश नारबोदे को लौटा दिए थे। रात्रि 8:00 बजे ज्योतिष नारबोदे अपने घर के सामने आंगन में खड़ा था। इतने में रमेश नारबोदेआया और पुराने झगड़े को लेकर वह ज्योतिष नारबोदे को। अश्लील गालियां देने लगा था। ज्योतिष नारबोदे ने रमेश नारबोदे को गाली देने से मना किया तभी रमेश नारबोदे उसे हाथ बुक्के से मारपीट करने लगा वहीं पर रमेश नारबोदे का लड़का आर्यन नारबोदे आया और उसने आंगन में पड़ी सेंटरिंग की पटिया उठाया और ज्योतिष नारबोदे के सिर में वार कर दिया सेंटरिंग की पटिया का वार सिर में लगने से ज्योतिष नारबोदे बेहोश होकर वहीं पर गिर गया। बीच बचाव के बाद गंभीर रूप से घायल ज्योतिष नारबोदे को 108 एंबुलेंस से वारासिवनी के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। वारासिवनी पुलिस ने इस मामले में ज्योतिष नारबोदे की पत्नी सुनीता नारबोदे द्वारा की गई रिपोर्ट पर रमेश नार बोदे और उसके लड़के आर्यन नारबोदे के विरुद्ध 115(2),118(1),351(3),3(5) भारतीय न्याय सॅहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।



# सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार दो युवक घायल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। लालबर्रा रोड पट स्थित ग्राम डोकरबंधी के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। घायल दोनों युवक अतुल पिता नरेंद्र परते 24 वर्ष और विलास पिता दीप सिंह पन्द्रे 19 वर्ष दोनों ग्राम गारापुरी थाना लालबर्रा निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि अतुल और विलास दोनों खेती मजदूरी करते हैं। 20 दिसंबर को दोनों युवक मोटरसाइकिल में अपने गांव से ग्राम बड़गांव नेवरगांव बैल जोड़ी पट देखने के लिए गए थे। 11:45 बजे रात्रि में दोनो युवक किसी काम से बालाघाट से लालबर्रा रोड पर स्थित ग्राम डोकरबंधी तरफ आए थे तभी दोनों युवक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे। घायल दोनों युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया था। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद दोनो युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## बालाघाट कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

# एक व्यक्ति ने तीन वर्षीय मासूम बालिका को बनाया अपनी हवस का शिकार

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने तीन वर्षीय बालिका को अपनी हवस का शिकार बना लिया। बालिका के साथ हुये दुष्कर्म का खुलासा उस वक्त हुआ जब बालिका ने दर्द होने पर अपने माता-पिता को घटना के संबंध में बताई। 21 दिसम्बर को इस बालिका को उसके परिजन कोतवाली लेकर पहुंचे और इस घटना की शिकायत उन्होंने कोतवाली पुलिस से की। कोतवाली पुलिस ने इस गम्भीर मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर इस बालिका से साथ हुये दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर आरोपी लियाकत अली पिता मंजीत अली 38 वर्ष को गिरफ्तार कर लिये। मिली जानकारी के अनुसार यह मासूम बालिका अपने माता-पिता के साथ रहती हैं। जिसका एक बड़ा भाई भी है। वहीं पड़ोस में लियाकल अली भी अपनी मां के साथ रहता था। बालिका की माँ सिलाई का काम करने नगर में जाती हैं। जिसके पिता वाहन चालक है। यह बालिका आंगनवाड़ी केंद्र में जाती है घर आने के बाद अपनी दादी के साथ रहती है। लियाकत अली के घर बालिका खेलने जाते रहती थी। लियाकत अली की माँ जब काम करने जाती थी तब लियाकत अली इस बालिका को खिलाने के लिए अपने घर लेकर जाता था। यह बालिका लियाकत अली को पापा भी बोलती थी। 14 दिसंबर को दोपहर में लियाकत अली ने जब उसकी मां घर पर नहीं थी तब बालिका को अपने घर लेकर गया था। जिसके तीन दिन बाद जब बालिका को उसकी माँ नहला रही थी, तब बालिका ने दर्द होना बताई थी। बालिका को दर्द होने पर बालिका से उसकी माँ ने पूछी तब बालिका ने लियाकत के द्वारा किये गए कुकृत्य के सम्बंध में बताई। 21 दिसम्बर को इस बालिका को उसके माता पिता कोतवाली लेकर पहुंचे और घटना के सम्बंध में बताये। कोतवाली पुलिस ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हए इस मासूम बालिका का जिला अस्पताल में मुलाहिजा कराकर आरोपी लियाकत अली 38 वर्ष के विरुद्ध धारा 65(2),68(a) भारतीय न्याय संहिता और धारा 3/4, 5(एम)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में लियाकत अली को गिरफ्तार कर लिए। जिसे 22 दिसंबर को बालाघाट की अदालत में पेश किया जाएगा इस मामले की विवेचना उप निरीक्षक किरण वरकड़े द्वारा की जा रही है।

### आरोपी को राउंड ऑफ कर लिया गया है - निरीक्षक श्री वास्कले

नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बच्ची के साथ से ज्यादती करने का मामला आया है हमने एफ.आई.आर. करके आरोपी को राउंड ऑफ कर लिए हैं और तफ्तीश की जा रही है। निरीक्षक वास्कले ने बताया कि आरोपी बालाघाट नगर का


धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
Govt Reg No : 0359
शादी के पहले और शादी के बाद कमजोरी और नि:संतान का इलाज
आयुर्वेद अमृत है, इसे अपनाएं
डॉ. भरत चौहान DNYS.SHC
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, स्वप्न दोष, धात का जाना, कमजोरी, नि:संतान आदि समस्याओं का शर्तिया इलाज किया जाता है।
अत्याधुनिक मशीनों के साथ
सम्पर्क- धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
केसर प्लाजा, वैद्य लॉन रोड, हनुमान चौक, बालाघाट
मो.नं.-7693919621, 6261222348


# सड़क दुर्घटना में घायल 80 वर्षीय वृद्धा की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। सड़क दुर्घटना में घायल डेढ़ माह से जिला अस्पताल में भर्ती एक वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतिका कस्तूरा बाई पति स्वर्गीय जीवनलाल गढ़पायले 80 वर्ष ग्राम तिरोड़ी निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस वृद्धा का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरोड़ी निवासी कस्तूरा बाई के परिवार में एक बेटा और दो लड़की है। सभी की शादी हो चुकी है। दोनों लड़की अपने ससुराल में रहती है और बेटा धनराज गढपायले 55 वर्ष नागपुर में अपने परिवार के साथ रहता है। कस्तूरा बाई अपने पैतृक घर तिरोड़ी में अकेले ही रहती थी। बताया गया है कि डेढ़ महीने पहले कस्तूरा बाई सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिसे कटंगी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल में ही चल रहा था। 20 दिसंबर की शाम को कस्तूरा बाई की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। खबर मिलते ही उसका बेटा धनराज अपने परिवार के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। 21 दिसंबर को जिला अस्पताल पुलिस ने कस्तूरा बाई का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना तिरोड़ी भिजवा दी है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट